CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

मुरादाबाद, सोमवार 6 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 52 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फील्ड में तैनाती का आधार केवल परफॉर्मेंस: योगी
पेज 2



महिला विश्व कप में भी भारत-पाकिस्तान की कप्तानों ने नहीं मिलाया हाथ
खेल टाइम्स



यूपी की सियासत: पिछड़ों की ओर केंद्रित होने से भाजपा चिंतित
सम्पादकीय



अमेरिका के न्यूक्लियर हथियार भी शटडाउन की चपेट में
पेज 12

# बारिश का कहर: उत्तर बंगाल में अब तक 20 की मौत

दार्जिलिंग, वार्ता

**उत्तर बंगाल** और सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में पुल टूटने, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग लापता हैं। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

इस मूसलाधार बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और सिक्किम में हुआ है। बारिश के चलते मिरिक और सुकिया इलाके में कई जगह भूस्खलन हुआ है। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। सड़कों पर कई जगह मलबा जम गया है और यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है। जिले के कस्बों और पर्यटन स्थलों मिरिक और कुर्सेओंग को जोड़ने वाला दुदिया आयरन ब्रिज भी भरभराकर ढह गया है। भारी बारिश की वजह से फिलहाल सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग स्टेट हाईवे-12 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दलों ने राहत- बचाव कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन लगातार बारिश और फिसलन भरी सड़कों के कारण राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। प्रशासन ने लोगों से पहाड़ी रास्तों और नदी किनारों से दूर रहने की अपील की है। भयावह बाढ़ को लेकर सीएम ममता बनर्जी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सरकार हर संभव मदद देगी। वे सोमवार को उत्तर बंगाल दौरे पर आएंगी। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ने दार्जिलिंग आपदा पर गहरा दुख जताया है। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा दार्जिलिंग-सिलीगुड़ी रोड पर हुआ, जो पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तर बंगाल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। पुल ढहने का कारण बेहद तीव्र बारिश और पहाड़ी ढलानों में मिट्टी खिसकना बताया जा रहा है।



- सड़कें-पुल ध्वस्त, सिक्किम से उत्तर बंगाल का संपर्क टूटा
- और बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

## पहली बार 100 अरब डॉलर के करीब पहुंचा देश का स्वर्ण भंडार

**मुंबई।** मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर दुनिया के दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह आरबीआई भी स्वर्ण भंडार लगातार बढ़ रहा है और अब यह पहली बार 100 अरब डॉलर पर पहुंचने के करीब है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट देखी गई, लेकिन स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। यह दिखाता है कि केंद्रीय बैंक अब विदेशी मुद्रा से ज्यादा सोने पर भरोसा कर रहा है और लगातार स्वर्ण भंडार बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसमें कुछ योगदान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में जारी तेजी का भी है।

## पंजाब के पूर्व मंत्री के आवास पर ग्रेनेड हमले के मामले में आरोपपत्र पेश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के आवास पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इसमें हरियाणा के तीन और उत्तर प्रदेश के एक निवासी को आरोपी बनाया गया है। आरोप पत्र में अमरोहा (उप्र) का सैदुल अमीन और कुरुक्षेत्र (हरियाणा) का अभिजोत जांगड़ा, यमुनानगर (हरियाणा) का कुलबीर सिंह सिद्धू और करनाल (हरियाणा) का मनीष उर्फ काका राणा के नाम शामिल हैं। इनमें से दो आरोपी सैदुल और अभिजोत गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि कुलबीर और मनीष फरार चल रहे हैं। इन चारों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के लिए स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में मौसम विभाग की ओर से जारी मौसम संबंधी सलाह के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी यात्रा रविवार से तीन दिनों के लिए स्थगित कर दी गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा खराब मौसम को लेकर जारी सलाह के मद्देनजर श्री वैष्णो देवी यात्रा पांच से सात अक्टूबर तक स्थगित कर दी गई है और आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी।

## पहलगाम हमले के आतंकियों को दिया मोबाइल चार्जर

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था। दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितम्बर को अरेस्ट किया था।

## यूपीआई से टोल पेमेंट सस्ता हुआ, कैश में दोगुना चार्ज

**नई दिल्ली।** सरकार ने फास्टैग के नियमों में बदलाव किया है। जिन ड्राइवरों के पास वैलिड फास्टैग नहीं होगा और वो यूपीआई से पेमेंट करते हैं, तो उन्हें रेगुलर टोल का 1.25 गुना देना पड़ेगा। वहीं अगर कैश पेमेंट करते है, तो पहले की तरह दोगुना टोल देना होगा। नए नियम 15 नवम्बर से लागू होंगे। टेक्निकल खराबी या बैलेंस कम होने की स्थिति में ये नियम फायदेमंद होगा। ट्रांसपोर्टर्स ने कहा कि ड्राइवरों को अक्सर राज्यों के बीच फास्टैग ठीक से न चलने पर डबल पेनल्टी देनी पड़ती है।

# सिरप से हुई मौतों पर केंद्र सख्त

### मप्र व राजस्थान में कफ सिरप के चलते 16 बच्चों की जान जाने के बाद सरकार एक्शन में आई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप के चलते हुई बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। इस कफ सिरप से मध्य प्रदेश में 32 दिन में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1 से 5 साल के बीच थी।

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ रविवार को एक अहम बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उचित उपयोग पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम. का सख्ती से पालन करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया। साथ ही, खासकर बच्चों में खांसी की दवाओं का सही और सीमित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया, क्योंकि अधिकांश खांसी स्वयं ही ठीक हो जाती है और दवाइयों की जरूरत नहीं होती। इस दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बेहतर निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग, आईडीएसपी-आईएचआईपी की रिपोर्टिंग टूल का व्यापक प्रचार और सूचनाओं के आदान - शेष पृष्ठ दो पर

### अहम बैठक आयोजित




- दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम. का सख्ती से पालन व नियमों का उल्लंघन करने वाले के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश

#### कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी पर एक्शन की तैयारी

**नई दिल्ली।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। अब इसे देश के तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, केरल और तमिलनाडु) में बैन कर दिया गया है। देशभर में दवाइयों को कंट्रोल करने वाली संस्था सीडीएससीओ दवा कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को लिखेगा।

## कफ सिरप से बच्चों की मौत पर यूपी में अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के कुछ राज्यों में कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत की खबरों के बाद उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सहायक आयुक्त औषधि दिनेश कुमार तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलों को चेतावनी जारी की है।

जारी आदेश में सभी औषधि निरीक्षकों को सम्बंधित बैच की बिक्री रोकने के साथ ही उनके नमूने राज्य औषधि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को सहायक औषधि आयुक्त के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि मेसर्स श्रीसन फार्मास्युटिकल्स (निर्माता- नं- 787, बैंगलोर हाईवे, सुंगुवाचत्रम, जिला कांचीपुरम, तमिलनाडु) द्वारा तैयार कोल्ड आरआईए सिरप (बैच न. एसआर-1-3, निर्माण मई 2025, एक्सपायरी अप्रैल 2027) में डाईथाइलीन ग्लायकॉल और एथेलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले रसायनों की मौजूदगी की आशंका है।

- स्वास्थ्य विभाग सतर्क, सम्बंधित कम्पनी के कफ सिरप की बिक्री पर लगी रोक

## इंदिरा गांधी भारत के खिलाफ बोलना गलत मानती थीं: रिजिजू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में दिए बयान की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि राहुल पहले ऐसे एलओपी हैं, जो विदेश जाकर देश और लोकतंत्र के खिलाफ बोलते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव हारने के बाद विदेश में इंदिरा गांधी से उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बारे में पूछा गया था। उन्होंने भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने से मना कर दिया था। रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल भारत के तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले के किसी एलओपी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा गांधी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेई, सुषमा स्वराज या शरद पवार ने विदेश में देश या सरकार के खिलाफ नहीं बोला। दरअसल राहुल गांधी साउथ अमेरिकी देशों के 10 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत का सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहा हमला है। रिजिजू ने कहा कि उन्होंने राहुल का कोलंबिया वाला वीडियो देखा। राहुल गांधी ने कहा था कि भारत विश्व का नेतृत्व नहीं कर सकता। रिजिजू ने इसे पूरी तरह गलत बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कई क्षेत्रों में अग्रणी बन चुका है।

- राहुल गांधी देश के बाहर भारत के खिलाफ बोलते हैं, ऐसा करने वाले पहले नेता विपक्ष

## बर्मिंघम जा रही एयर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**बर्मिंघम।** एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 117, जो 4 अक्टूबर को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही थी, में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि ये बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान था, इसे एहतियात बरतते हुए बर्मिंघम एयरपोर्ट पर उतारा गया है। इस लैंडिंग के दौरान विमान के रैम एयर टर्बाइन अचानक से सक्रिय हो गई। जिसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारने के बाद विमान को जांच के लिए भेज दिया गया है। यह घटना विमान की फाइनल लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान हुई। एयर इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि 4 अक्टूबर 2025 को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही फ्लाइट एआई-117 में ऑपरेटिंग क्रू को लैंडिंग से ठीक पहले आरएटी प्रणाली के सक्रिय होने जानकारी मिली।

- तकनीकी गड़बड़ी आई सामने

## नए वोटर कार्ड से बिहार चुनाव में होगा मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हुए मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आम मतदाताओं के मन में बड़ा सवाल था कि वोटर कार्ड बदल दिए जाएंगे, पहले वाले वोटर कार्ड बेकार हो जाएंगे, ऐसा सवाल इसलिए भी था, क्योंकि विशेष गहन पुनरीक्षण में 2003 के बाद मतदाता सूची में शामिल वोटरों को अपने कागज और तस्वीर भी देनी थी।

कहा भी गया था कि उनका डाटा उसी हिसाब से अपडेट किया जाएगा। अब देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ किया है कि जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा। बाकी को इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।




- जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा: मुख्य चुनाव आयुक्त

## जेल से वांगचुक ने की शांति की अपील, कहा: हिंसा में मारे गए लोगों की हो न्यायिक जांच

**नई दिल्ली।** लद्दाख हिंसा के बाद जेल में बंद सोनम वांगचुक ने लेह विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई चार लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती, वह जेल में रहने को तैयार हैं। वांगचुक वर्तमान में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस ने उन्हें 26 सितम्बर को हिरासत में लिया था। केडीए के नेता सज्जाद कारगिली ने एक्स पर पोस्ट कर सोनम वांगचुक का संदेश शेयर किया है। सोनम से उनके भाई कात्सेतन दोरजे ले और वकील मुस्तफा हाजी ने 4 अक्टूबर को जेल में उनसे मुलाकात की थी। सज्जाद कारगिली ने एक्स पर लिखा, जोधपुर सेंट्रल जेल से सोनम वांगचुक का संदेश, 4 अक्टूबर को कात्सेतन दोरजे ले (सोनम वांगचुक के बड़े भाई) और अधिवक्ता मुस्तफा हाजी ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# ट्रम्प वीजा वॉर: सात देशों का भारतीय टैलेंट को मिला न्योता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वीजा वॉर से भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स की उम्मीदों को झटका लगा है, लेकिन इस बीच दुनिया के 7 बड़े देशों ने भारतीय टैलेंट पूल पर नजरें जमा ली हैं।

नमें आईटी हब यूरोपीय देश फिनलैंड और दुनिया की दूसरे नंबर की टॉप यूनिवर्सिटी वाला देश ताइवान प्रमुख है। पांच अन्य देश- कनाडा, जर्मनी, यूके, दक्षिण कोरिया और चीन ने भी उदार वीजा की पहल की है। ये सभी भारतीय आईटी, मेडिको और अन्य साइंस प्रोफेशनल्स को अपने देश में आने का न्योता दे रहे हैं। ट्रम्प ने हाल में एच-1बी वीजा की वन टाइम फीस बढ़ाकर लगभग 88 लाख रुपये करने की घोषणा की है। एच-1बी वीजा कैटेगरी में हर साल 70 फीसदी से ज्यादा भारतीय प्रोफेशनल्स होते हैं। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन 6 लाख रुपये लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे दोबारा फीस देकर 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था। अगर सालाना 88 लाख रुपये के हिसाब से जोड़ें तो अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ चुकाने होंगे, यानी खर्च 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। एआई एक्सीलेंस से लेकर सेमी कंडक्टर के कोर्स के साथ ताइवान की 15 से अधिक यूनिवर्सिटीज ने इस महीने भारतीय छात्रों के बीच आने का फैसला किया है। कैंपस सलेक्शन होगा। साथ ही एक्सचेंज प्रोग्राम और जाइंट रिसर्च भी होगा। इनमें से कम से कम पांच ऐसे संस्थान भी शामिल हैं जिनकी गिनती विश्व के शीर्ष 350 विश्वविद्यालयों में होती है। इनमें नेशनल सिंगहुआ, कौसिउंग मेडिकल, नेशनल इलान और चाइना मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रमुख है। भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहरदेविरटा ने बताया कि हमारा देश ई-स्पोर्ट्स सेक्टर में सबसे बड़ा गेमिंग एक्सपोर्टर है।



- रोजगार के नए अवसर आए
- अमेरिका ने एच-1बी की फीस बढ़ाकर 88 लाख की थी

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया-राहुल और खड़गे के खिलाफ 24 को होगी सुनवाई

**वाराणसी।** एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका को स्वीकार कर लिया है। परिवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 24 अक्टूबर की तिथि तय कर दी है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा है कि कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। पीएम के परिवार पर भी टिप्पणी की गई है। भारतीय संस्कृति और लोकतंत्र दोनों में यह उचित नहीं है। प्रधानमंत्री का अपमान किया गया है।

### महिला-किशोर समेत चार की मौत

**आगरा।** जनपद के सिकंद. रा थाना क्षेत्र के रुनकता में आगरा-दिल्ली हाईवे पर शनिवार देर रात अनियंत्रित कैंटर खड़े ट्रक से टकरा गया, जिससे पीछे आ रहे छह वाहन एक के बाद कैंटर से भिड़ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, मृतकों में एक किशोर व एक महिला भी शामिल है, जबकि तीन घायल हुए हैं। पुलिस ने वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात शुरू कराया। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि मृतकों की पहचान विजेंद्र सिंह निवासी शैलाई फिरोजाबाद, रीमा ठाकुर पत्नी श्यामबाबू ठाकुर निवासी गोपालपुर शमशाबाद के रूप में हुई है। घायल एक अन्य युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। उसकी पहचान उपेंद्र निवासी भरतपुर के रूप में हुई है, जो ग्वालियर से परीक्षा देकर गुरुग्राम लौट रहा था।

## सीएम ने जोनल कर अधिकारियों से सीधा संवाद किया

# फील्ड में तैनाती का आधार केवल परफॉर्मेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर विभाग में तैनाती का आधार केवल 'परफॉर्मेंस' होगा।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में वही अधिकारी तैनात किए जाएं, जो लक्ष्य प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्ध हों और जिनकी छवि पूरी तरह साफ हो। रविवार को राज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोनल अधिकारियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के 'नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म' के बाद बाजार में तेजी देखी जा रही है और आने वाले महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम निश्चित रूप से दिखाई देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि धनतेरस और दीपावली के अवसरों पर अनावश्यक जांच अथवा छापेमारी की कार्रवाई से बचा जाए। व्यापारियों और उद्यमियों के उत्पीड़न की शिकायत कहीं से भी नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें और सुधार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि बरेली, झांसी और कानपुर प्रथम जोन में कोई भी खंड 50 प्रतिशत से कम संग्रह वाला नहीं है, जो संतोषजनक है। वहीं, असंतोषजनक प्रदर्शन करने वालों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।



■ 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें: सीएम

### बैठक के दौरान की जोनवार समीक्षा

बैठक के दौरान जोनवार समीक्षा में अधिकारियों ने बताया गया कि बरेली (64.2 प्रतिशत), सहारनपुर (63.7 प्रतिशत), मेरठ (63.0 प्रतिशत), गोरखपुर (62.5 प्रतिशत) और झांसी (62.1 प्रतिशत) जैसे जोनों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। वहीं कुछ जोनों में लक्ष्य पूर्ति 55 से 58 प्रतिशत के बीच रही, जहां सुधार की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी प्रथम व द्वितीय, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ प्रथम व द्वितीय, कानपुर प्रथम व द्वितीय, इटावा, झांसी, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद प्रथम व द्वितीय, गौतमबुद्ध नगर और सहारनपुर सहित सभी जोनों की संभागवार और खंडवार समीक्षा की।

### राजस्व वृद्धि राज्य की प्रगति का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मार्केट मैपिंग करें, सामान्य रूप से बाजार में जाएं, व्यापारियों से मिलें और उनकी अपेक्षाओं को समझें। उन्होंने व्यापारियों से संवाद बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिटर्न फाइल कराने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

## आयोग ने बिहार में काटे 38 लाख मतदाताओं के नाम

कांग्रेस ने मोदी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने मोदी सरकार के इशारे पर बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर 38 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए हैं। इससे 23 लाख महिलाएं और 15 लाख पुरुष वोट देने के अधिकार से वंचित हो गए हैं।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब साढ़े तीन करोड़ महिला मतदाता हैं, लेकिन करीब 23 लाख महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए।अब ये महिलाएं आगामी विधानसभा चुनावों में वोट नहीं दे पाएंगी। लांबा ने कहा कि राज्य के जिन छह जिलों में लाखों महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं, उनमें गोपालगंज, सारण, बेगूसराय, समस्तीपुर, भोजपुर और पूर्णिया विधानसभा शामिल हैं। इन छह जिलों में करीब 60 विधानसभा सीटें आती हैं।



# यूपी में ओबीसी वोटों के लिए कांग्रेस करेगी सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में कांग्रेस पार्टी ओबीसी समुदायों को एकजुट करने के लिए सभी मंडलों में सामाजिक न्याय सम्मेलन आयोजित करेगी, जिसकी शुरुआत लखनऊ से होगी। इन सम्मेलनों के जरिए पिछड़े वर्ग के नेताओं को एक मंच पर लाना है।

कांग्रेस का पिछड़ा वर्ग विभाग बीते कुछ समय से ओबीसी जातियों को गोलबंद करने में लगा हुआ है। अब पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यक्रमों को गति देने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा अगले सप्ताह तक होने की संभावना है। इसके बाद मंडल स्तर पर साम. जिक न्याय सम्मेलनों का सिल. सिला शुरू होगा।

इन सम्मेलनों का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के नेताओं को एक मंच पर लाना है। इसके साथ ही आम लोगों को यह बताना है कि कांग्रेस संसद से सड़क तक सामाजिक न्याय के लिए कैसे संघर्ष कर रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि सम्मेलनों की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। प्रदेश कार्यकारिणी की सूची तैयार करने के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श पूरा हो चुका है। यादव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से अनुमोदन मिलते ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी।

### जिस मुल्क में रहो उससे मोहब्बत करो: सांसद बर्क

**सम्भल।** संभल मस्जिद विवाद और आई लव मोहम्मद कैंपेन पर सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क ने कहा कि मुसलमान भारत के वफादार हैं, क्योंकि इस्लाम देश प्रेम सिखाता है। उन्होंने बल दिया कि सच्चे मुसलमान मुल्क और धर्म दोनों का सम्मान करते हैं। बर्क ने आई लव मोहम्मद को शांति का संदेश बताया है। सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क हयात नगर एक जश्न-ए-गौसुल-वरा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि हमारे बुजुर्गों ने इस मिट्टी के लिए जान दी है। हमारी तारीख कुर्बानियों से भरी है। इस्लाम सिखाता है कि जिस मुल्क में रहो, उससे मोहब्बत करो और वफा निभाओ। बर्क ने कहा कि इस्लाम की मोहब्बत और मुल्क से वफादारी है। वफादार हैं और ये चीज हमें साबित करने की जरूरत नहीं है।

# सड़क हादसों में बढ़ाई जाएगी मुआवजा राशि

## यूपी परिवहन विभाग ने शासन को भेजा प्रस्ताव, जल्द स्वीकृत होने की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी सरकार सड़क हादसों में मृतकों और घायलों को मिलने वाली मुआवजा राशि में पांच गुना तक बढ़ोतरी करने जा रही है। परिवहन विभाग ने प्रस्ताव शासन को भेजा है, जिसके तहत मृतक के आश्रितों को अब 50 हजार रुपये के बजाय ढाई लाख रुपये और घायलों को साढ़े 12 हजार रुपये के बजाय 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मृतक के प्रत्येक आश्रित को मुआवजे का हिस्सा जरूर मिले।



परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 31 अगस्त तक प्रदेश में 30,717 सड़क हादसे दर्ज किए गए। इन हादसों में 23,712 लोग घायल हुए, जबकि 16,903 लोगों की जान चली गई। वर्ष 2024 की समान अवधि (31 अगस्त तक) में 26,502 हादसों में 14,102 मौतें और 19,712 लोग घायल हुए थे। इस तरह 2025 में हादसों की संख्या में 15.87 प्रतिशत, मृत्यु दर में 18.89 प्रतिशत और घायलों की संख्या में 18.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बढ़ते हादसों और उनके गंभीर परिणामों को देखते हुए मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग तेज हो गई थी। वर्ष 2021 में शुरू की गई सांत्वना योजना के तहत सड़क हादसों में घायलों को साढ़े 12 हजार रुपये और मृतकों के आश्रितों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती थी। इस राशि को अपर्याप्त माना जा रहा था। परिवहन विभाग ने इसे बढ़ाने की पहल करते हुए नया प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे शासन के पास भेजा गया है। सड़क हादसों में लापरवाही और गलत ड्राइविंग को रोकने के लिए कड़े नियम भी लागू हैं। बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 281 के तहत लापरवाही से वाहन चलाने पर 6 महीने की सजा या 1,000 रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 125 के तहत चोट पहुंचाने पर 6 महीने से 2 साल तक की सजा और जुर्माना, जबकि धारा 106 के तहत लापरवाही से मृत्यु होने पर 2 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। परिवहन विभाग ने मुआवजा राशि बढ़ाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करने की योजना बनाई है कि मृतक के सभी आश्रितों को सहायता राशि का लाभ मिले। प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिलने के बाद यह नई व्यवस्था जल्द लागू हो सकती है। इस कदम से सड़क हादसों के पीड़ितों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए सरकार सड़क सुरक्षा के लिए भी कई कदम उठा रही है। परिवहन विभाग का कहना है कि मुआवजा राशि बढ़ाने के साथ-साथ जागरूकता अभियान और कड़े नियमों के जरिए हाद. सों को कम करने की कोशिश की जा रही है।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 115400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 150000
प्रति किलो




# बाजार पर दिखेगा वैश्विक कारकों का असर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर वैश्विक कारकों का असर दिखेगा। निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर होगी। इसके अलावा रिजर्व बैंक द्वारा पिछले सप्ताह किए गए बैंकिंग सुधारों का असर भी बाजार पर जारी रह सकता है।

अगले सप्ताह से कंपनियों के दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम भी आने शुरू होंगे जिनमें दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का परिणाम गुरुवार को आएगा। एचएसबीसी की सेवा क्षेत्र की पीएमआई रिपोर्ट सोमवार को जारी होनी है। बीते सप्ताह में बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही जबकि रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति बयान के बाद अगले दो दिन तेजी देखी गई। गुरुवार को गांधी जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 780.71 अंक (0.97 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी रही और सप्ताहांत पर यह 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 0.97 प्रतिशत यानी 239.55 अंक चढ़कर शुक्रवार को 24,894.25 अंक पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में तेजी रही। धातु समूह में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। निजी बैंकों, तेल एवं गैस, वित्त, ऑटो, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में भी जबरदस्त तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 1.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 6.39 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 5.34 प्रतिशत, बीईएल का 4.22, टाइटन का 3.76 और टाटा स्टील का 3.43 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा के शेयर में 2.99 फीसदी, ट्रेंट में 2.85, पावर ग्रिड में 2.66, एक्सिस बैंक में 2.42, इटरनल में 2.30 और एचडीएफसी बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलि. वर, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 2.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। भारती एयरटेल का शेयर 1.10 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.04 फीसदी और टेक महिंद्रा का 0.48 फीसदी टूट गया।



### सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज

**नई दिल्ली।** रविवार को देश के सर्राफा बाजारों में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। पिछले तीन दिनों से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

रविवार को 8 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत अब 87,920 रुपये हो गई है। 24 कैरेट सोने में 8 ग्राम की बात करें तो आज इसकी कीमत 92,320 रुपए है। जबकि कल की कीमत 91,264 रुपए थी, जबकि 10 ग्राम सोने में आज 24 कैरेट के दाम 1,15,400 रुपए हैं, जबकि कल यह कीमत 1,14,080 रुपए थी। देश के इतिहास में चांदी ने पहली डेढ़ लाख रुपये का आंकड़ा पार किया है। आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए रोजमर्रा की सैकड़ों चीजों पर से जीएसटी दरों में कटौती कर राहत प्रदान की गई। हालांकि, सोने-चांदी पर पहले से ही बहुत कम टैक्स है। अब आने वाले त्योहार व लग्न सीजन इसका असर देखने को मिल सकता है। इस माह धनतेरस व दिवाली भी है। चांदी के सिक्के की भी बात की जाए तो 1.80 लाख रुपये प्रति सैकड़ा कीमत हो गई है। यानी इस साल धनतेरस पर चांदी का सिक्का खरीदना भी महंगा ही साबित होगा।

# चावल-चीनी नरम, गेहूं रहा मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी के भाव भी घट गए। वहीं, खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव रहा।



■ खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 26 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं 26 रुपए महंगा होकर 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल में भी 41 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मूंगफली तेल 145 रुपए, और सोया तेल 37 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमुखी तेल 20 रुपए और वनस्पति 80 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 30 रुपए और मूंग दाल की 31 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 107 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी : सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव 20 रुपए प्रति क्विंटल घट गए। चीनी में भी 15 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरक. री वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :-दाल-दलहन : दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### सिरप से हुई...

प्रदान व संयुक्त कार्रवाई के लिए मजबूत समन्वय बनाए रखने की सलाह दी गई। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की तरफ से बनाई गई खांसी की दवा कोल्ड्रिफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। यह कदम उस समय उठाया गया जब कई बच्चे इस दवा पीने के बाद मृत पाए गए। सीडीएससीओ तमिलनाडु के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को पत्र लिखकर कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए कहेगा। मृत बच्चों में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, राजस्थान के बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा केरल और तेलंगाना ने भी इस दवा का उपयोग रोकने के लिए जनता को चेतावनी जारी की है। वहीं दूसरी ओर सरकार कफ सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनी पर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में उन फैक्ट्रियों की जांच शुरू कर दी है जहां से संदिग्ध दवाएं बनी थीं। बता दें कि मामले में सीडीएससीओ ने 19 दवाओं के सैंपल इकट्ठे किए हैं, जिनमें खांसी की सिरप, एंटीबायोटिक और बुखार की दवाएं शामिल हैं। मध्य प्रदेश में एक और कंपनी नेक्स्ट्रो डीएस के खांसी की दवा के नमूनों की जांच अभी चल रही है। कुल 19 नमूने लिए गए हैं, जिनमें सिरप, एंटीबायोटिक, बुखार की दवा और ओन्डान्सेट्रान शामिल हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने तुरंत कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो डीएस सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है और इसी कंपनी के अन्य उत्पादों की बिक्री भी रोक दी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस प्रतिबंध की घोषणा की।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को सलाह दी है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाए। वहीं पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह, सीमित मात्रा और सावधानी के साथ किया जाए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए नुकसानदेह दवाओं पर अब चेतावनी लेबल लगाना अनिवार्य होगा। मामले में तेलंगाना सरकार की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कोल्ड्रिफ सिरप के इस बैच में डायएथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) नाम का जहरीला रसायन मिला है, जो शरीर के गुर्दों (किडनी) को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और जानलेवा साबित हो सकता है। इसी कारण तेलंगाना में इस सिरप को लेकर लोगों को उपयोग तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है।

# सरकारीआर्थिक नीतियों से बढ़ रही असमानता

## समाज का एक हिस्सा अमीर, तो दूसरा गरीब : कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उसकी नीतियां केंद्रीयकरण पर आधारित हैं, इसलिए देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से केंद्रीयकरण हो रहा है, जिसके चलते समाज का एक हिस्सा बहुत अमीर, तो दूसरा हिस्सा लगातार ही गरीब होता जा रहा है। यह बात यह नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था की हर रिपोर्ट कह रही है। ये हमें भारत में धन के व्यापक केंद्रीकरण के बारे में आगाह कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ करोड़ों भारतीय रोजगार की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ सिर्फ 1687 लोगों के पास देश की आधी दौलत है। मोदी सरकार-प्रेरित आर्थिक नीतियों के कारण धन का इतना बड़ा केंद्रीयकरण देश में विकट आर्थिक असमानता पैदा कर रहा है। ये असमानता व्यापक सामाजिक असुरक्षा और असंतोष को जन्म दे रही है। अन्य देशों में हाल की तारीखें गवाह हैं कि यही घनघोर आर्थिक असमानता और पंगु लो. कतांत्रिक संस्थाएं राजनीतिक अरा. जकता पैदा करने में कैटलिस्ट बनी हैं। सरकार द्वारा भारत को भी उसी रास्ते पर धकेला जा रहा है।श्री रमेश ने कहा कि सत्ता के गठजोड़ से चंद उद्योगपति और अमीर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियां उनके चंद उद्योग. पति मित्रों के फायदे के लिए केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़, एमएसएमई हमेशा रहा है लेकिन यह क्षेत्र अभूतपूर्व दबाव में है। यह दबाव केवल घरेलू नीतियों का ही नहीं बल्कि विदेश नीति की असफलताओं का भी नतीजा है। आम लोगों के लिए कमाई के अवसर घटते जा रहे हैं और महंगाई लगातार इस कदर बढ़ रही है कि नौकरीपेशा लोगों की जेब में भी बचत की जगह कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। मनरेगा का जिक्र करते हुए कहा कि करोड़ों लोगों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का जाल मुहैया करने वाली योजनाएं, आज संकट से जूझ रही हैं।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सूचना दिया जाता है कि इन अखबार में प्रकाशित होने वाले किसी विज्ञापन पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह लें। किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी विज्ञापनदाता पर कोई कार्यवाही या दावा करता है तो यह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। समाचार पत्र, प्रकाशक, संपादक या प्रबन्धक की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# गैस टैंकर पलटा, चालक-परिचालक की मौत

## काशीपुर से हरिद्वार जाते वक्त हादसा, पुलिया की रैलिंग तोड़कर नाले में गिरा टैंकर







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** तेज रफ्तार गैस टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया तोड़ते हुए नाले में पलट जाने से चालक-परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बीती देर रात 2:00 बजे के लगभग आईजीएल कम्पनी लिमिटेड काशीपुर से हरिद्वार लेकर जा रहा कार्बन डाइऑक्साइड (कोल्डिंग गैस) का टैंकर नगर के रहमान टाइल्स गोदाम के समीप बाग के मोड़ पर अनियंत्रित होकर पुलिया की रैलिंग तोड़ते हुए नचना नदी के नाले में पलट गया। जिसमें चालक व परिचालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि चालक सतपाल सिंह (35 वर्ष) पुत्र रामपाल सिंह और परिचालक रोबिन उर्फ भोला (22 वर्ष) निवासीगण पीलीनायक जनपद रामपुर, चालक परिचालक का कार्य करते थे। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर ना जाकर चालक ने टैंकर को नगर की ओर मोड़ दिया। जैसे ही टैंकर रहमान टाइल्स गोदाम के समीप बाग के मोड़ पर पहुंचा तो अनियंत्रित टैंकर पुलिया को तोड़ते हुए नचाना नदी के नाले में पलट गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पहुंचकर दोनों के शवों टैंकर की कैबिन से निकालकर सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

मृतक चालक सतपाल सिंह के नौ वर्षीय पुत्र है तथा परिचालक रोबिन उर्फ भोला अविवाहित है। शनिवार को ही पहली बार टैंकर पर परिचालक के रूप में आया था। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी गिरफ्तार

**नगीना।** 26 सितंबर को एक महिला द्वारा थाना नगीना पर तहरीर दी गई की अभियुक्त मौ. आरिफ द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गलत कार्य किया गया एवं वीडियो बनाकर उसे वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर मौ. आरिफ पुत्र नादिर चौधरी निवासी अतरासी कलां थाना रजबपुर जनपद अमरोहा व कादिर पुत्र नामालूम निवासी मौहल्ला नूर सराय निकट नहर पर स्थित मस्जिद कस्बा व थाना नगीना जनपद बिजनौर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

थाना नगीना पर तैनात उपनिरीक्षक सोहन सिहं पुण्डीर व उनकी टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना नगीना पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# युवक को पकड़ने में पुलिस के छूटे पसीने

## नगर के तीन मोहल्लों में घरों की छतों पर आधे घंटे तक दौड़ाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक संदिग्ध युवक को पकड़ने गई पुलिस को युवक ने करीब आधे घंटे तक घरों की छतों पर दौड़ाया। युवक को पकड़ने के लिए पुलिस के पसीने छूट गए। पुलिस ने हार नहीं मानी। पुलिस उसके पीछे लगी रही। एक छत पर छिप के बैठे युवक को आखिरकार पुलिस ने पकड़ लिया और पुलिस ने राहत की सांस ली।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार की सायं करीब पांच बजे नहटौर के मौहल्ला गुली तालाब में तीन दरोगा सहित करीब एक दर्जन पुलिसकर्मी एक संदिग्ध युवक को पकड़ने के लिए उसके घर पर गए थे। बताया जाता है कि पुलिस को देखकर युवक एक छत से दूसरी छत पर कूद कर मौहल्ला जोशियान में पहुंच गया। पुलिस को पीछे लगा देख करीब 10 से 12 फिट का एक रास्ता भी उसने छलांग लगाकर पार कर दिया। पुलिस करीब आधे घंटे तक उसके पीछे छतों पर दौड़ती रही। युवक को पकड़ने के लिए पुलिस के पसीने छूट गए, लेकिन पुलिस ने हार नहीं मानी। पुलिस ने संदिग्ध युवक को मौहल्ला अफगानान में एक छत से पकड़ लिया। युवक छत पर छिप कर बैठा हुआ था।

युवक को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस संदिग्ध युवक को पकड़कर थाने ले गई।

# शिवपुरी में डेंगू बुखार का कहर

## एक की मौत, गांव के लगभग 100 परिवार डेंगू की चपेट में





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ब्लॉक कासमपुर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में डेंगू बुखार ने कहर बरपा रखा है। एक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्राम में लगभग 100 परिवार डेंगू की चपेट में ग्रस्त है। पूरे ग्राम में हाहाकार मचा है।

ग्राम में जल निगम द्वारा निर्मित पानी की टंकी का पानी दर्जनों स्थानों से लीकेज होने के कारण पूरे ग्राम के नालियों में दिन-रात पानी फैला हुआ है तथा जनपद के अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग की टीम के न आने के कारण ग्रामीणों में भारी गुस्सा और आक्रोश है।

नगर से दो किलोमीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे 734 जसपुर मार्ग स्थित थाना व ब्लॉक क्षेत्र के गांव शिवपुरी को डेंगू बुखार ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसको लेकर ग्राम में भय का माहौल है। ग्राम के ई-रिक्शा चालक तेजपाल सिंह 40 वर्ष पुत्र गुरदयाल सिंह की शुक्रवार को तेज बुखार आने के कारण हालत बिगड़ने लगी। जिसे धामपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर अवस्था देखते हुए उसे बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया। बिजनौर ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। तेजपाल सिंह की मौत की खबर मिलते ही परिजनों सहित ग्राम में कोहराम मच गया। तेजपाल सिंह चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसने पत्नि सहित तेहरा वर्षीय पुत्री व ग्यारह वर्षीय पुत्र को व 75 वर्षीय मां को रोता बिलखता छोड़ दिया।

ग्राम शिवपुरी को डेंगू बुखार ने पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया है। ग्राम के लगभग 100 परिवारों के प्रत्येक सदस्य को डेंगू बुखार से ग्रस्त में ले रखा है। इसको लेकर ग्राम में खौफ का माहौल है। एक ग्रामीण हरगोविंद सिंह पुत्र ऋषिपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने घर के सामने से नाली सफाई कर रहा था कि कुछ समय बाद ही उसे बुखार ने अपनी चपेट में ले लिया। ग्राम प्रधान पवन देवी पत्नी ताराचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम में डेंगू बुखार से स्थिति को बिगड़ते देख सीएमओ सहित जनपद के सभी उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। परंतु स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंद कर बैठा है। ग्राम में अभी तक स्वास्थ्य विभाग की कोई भी टीम नहीं पहुंची है।

जल निगम द्वारा निर्मित पानी की टंकी की लाइन ग्राम में दर्जनों स्थानों से लीकेज होने के कारण जगह-जगह पानी उबल रहा है, जिस कारण दिन-रात नालियों में पानी खड़ा रहता है। जिससे डेंगू मच्छर पैदा हो रहा है। जल निगम अधिकारियों को भी लिखित तथा मौखिक सूचना लगातार दी जा रही है। परंतु वह भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्राम में एक ही महिला सफाई कर्मचारी होने के कारण ग्राम की सफाई व्यवस्था भी चौपट है। ग्राम में डेंगू बुखार बीमारियों को देखते हुए ग्राम प्रधान पवन देवी द्वारा अतिरिक्त सफाई कर्मचारी रखकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

उधर ब्लॉक, तहसील तथा जनपद मुख्यालय पर बैठे अधिकारी एयर कंडीशन कमरों में मौज ले रहे हैं। समस्याओं से ग्रस्त ग्राम पंचायत की और उनका कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के बुरी तरह से फजीहत हो रही है। यदि अधिकारियों ने शीघ्र ही हालात पर काबू न पाया, तो क्षेत्र में भयंकर परिणाम निकल सकते हैं।

उधर ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग नहीं जागा, तो ग्राम में डेंगू बुखार महामारी का रूप ले लेगा।

# बिना कागजात के लकड़ी ले जा रहे दो वाहन पकड़े



## 47520 रुपये का जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद में मंडी सचिव ने अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान बिना कागजात के लकड़ी ले जा रहे दो वाहनों को पकड़ा गया। जिन पर कुल 47,520 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसडीएम शैलेंद्र सिंह के निर्देश पर मंडी समिति के सचिव सचिन शर्मा के नेतृत्व में सचल दल प्रभारी कुमारी खुशनुमा ने यह कार्रवाई की। पकड़े गए वाहनों में एक ट्रक (यूपी 22 टी 4747) और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल है।

ट्रक में जलाने वाली 200 क्विंटल लकड़ी भरी थी, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली में 200 क्विंटल पॉपुलर लकड़ी ओवरलोड थी। यह लकड़ी जसपुर, उत्तराखंड से हरियाणा में बिक्री के लिए ले जाई जा रही थी। दोनों ही वाहनों के पास लकड़ी परिवहन से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं थे। मंडी सचिव सचिन शर्मा ने बताया कि एक वाहन से 29,700 रुपए और दूसरे वाहन से 17,820 रुपए का शमन शुल्क वसूल किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## शाहिद बने संगठन मंत्री



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सदर तहसील अध्यक्ष कोमन सिंह ने ग्राम मंडावली सैदू निवासी किसान नेता मौ. शाहिद को सदर तहसील का संगठन मंत्री नियुक्त किया है। मौ. शाहिद ने कहा कि वह किसानों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाकियू (टिकैत) ही किसानों की लड़ाई मजबूती व ईमानदारी के साथ लड़ रही है।

## बस्तियों द्वारा पथ संचालन निकाला गया

**धामपुर।** माधव बस्ती टीचर कॉलोनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाला। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग शारीरिक शिक्षा प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने कहा कि संघ शाखा के द्वारा व्यक्ति निर्माण का कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण का कार्य करता है तथा भारत माता को विश्व के सिंहासन पर विराजमान करना चाहता है। सन् 1925 में डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार द्वारा राष्ट्रीय सेवक संघ की स्थापना की गई थी। जिसको अब 100 वर्ष की यात्रा में स्वयंसेवक के त्याग एवं तपस्या पर खड़ी की गई है। आज समाज दर्शन के एक रस होने की आवश्यकता है और पांच परिवर्तन के द्वारा समाज परिवर्तन पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र एवं संचालन शाखा कार्यवाहक मनोज कुमार ने किया। मुख्य शिक्षक विनोद, संचालन प्रमुख अनिल कुमार, स्वागत प्रमुख रविंद्र कुमार रहे। पद संचलन में लोकेंद्र शर्मा, आजाद सिंह, अमित कुमार, अनुज, विनोद, नितिन अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश सिंह, नरेंद्र सिंह आदि शामिल है। उधर लाल केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर से शिवाजी बस्ती द्वारा पद संचलन निकाला गया। जिसमें रविंद्र कुमार, अनिल ग्रोवर, अनिल के. गोयल, डॉक्टर एनपी सिंह, डॉक्टर एस के राजपूत, राघव शरण गोयल, संतोष राजपूत, पराग अग्रवाल, आजाद सिंह आदि शामिल रहे।

# रिक्शा यूनियन का चुनाव सम्पन्न

## चन्द्रमणि रघुवंशी अध्यक्ष व शमशाद अंसारी महामंत्री बने



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रिक्शा चालक यूनियन के वार्षिक चुनाव में चन्द्रमणि रघुवंशी को एक बार फिर अध्यक्ष व शमशाद अंसारी को महामंत्री चुना गया। कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नीरज चौधरी को चुना गया। रिक्शा चालकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

सिविल लाइन स्थित एक स्कूल के प्रांगण में चुनाव कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में किसान नेता एवं भाकियू (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में राहुल वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष, व्यापारी एकता परिषद) व मानव शर्मा (जिलाध्यक्ष) रहें। रिक्शा चालकों ने सर्वसम्मती से वरिष्ठ पत्रकार एवं बिजनौर टाइम्स ग्रुप के प्रधान संपादक चन्द्रमणि रघुवंशी को अध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी शमशाद अंसारी को महामंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज चौधरी को कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार मरगूब रहमानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने, तसलीम अंसारी व शफीक अहमद, उपाध्यक्ष वहाजुद्दीन, मुशब्बर हुसैन (पत्रकार), आसिफ अंसारी (पत्रकार), वकील अहमद, इंतजार, अफसर, मुस्तकीम (सभासद) व आसिफ बने। सचिव पीतांबर सिंह मानव एड. व परवेज अकील राष्ट्रवादी बने। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी एक बार फिर से जफर अहमद को दी गयी। कार्यालय मंत्री अजीम ऊर्फ भोलू, उप कार्यालय मंत्री बिट्टन, संगठन मंत्री रफीक दरोगा, नफीस मंसूरी, असलम इरफान, मास्टर अमीर, शाहनवाज व मकबूल, उप संगठन मंत्री असगर व जुल्फीकार, मंत्री आसिफ कुरैशी, सलमान पप्पू, मतलूब, नासिर और शमशुद्दीन को मनोनीत किया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी पत्रकार इमरान अंसारी व अतुल कुमार मिंटू को दी गयी। वरिष्ठ सलाहकार चिंगारी के सम्पादक सूर्यमणि रघुवंशी व कानूनी सलाहकार अनिल चौधरी एड. को बनाया गया। चुनाव कार्यक्रम में रमेशचंद्र, आसिफ, इसरार, प्रेमचंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### भाकियू ने सौंपा शिकायती पत्र



**बुंदकी।** भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत रायपुर सादात में कोमल सिंह के निवास स्थान पर हुई। जिसकी अध्यक्षता डॉ. धर्मवीर सिंह तथा संचालन विजेंद्र सिंह ने किया। पंचायत में ग्राम वासियों से भारतीय किसान यूनियन से जुड़ने का आह्वान किया गया। पंचायत में बाबा महेंद्र टिकैत के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। ग्राम वासियों को भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण करायी तथा एक शिकायती पत्र रायपुर सादात बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को दिया। जिसमें क्षेत्रवासियों को क्षतिग्रस्त विद्युत पोल तथा जर्जर हो चुकी लाइन से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है तथा आयदिन फॉल्ट होते रहते हैं। थोड़ी सी भी बारिश होने से पूरी रात की विद्युत सप्लाई गायब हो जाती है। क्षेत्रवासियों को लो वोल्टेज की समस्या को झेलना पड़ता है। मीटर रीडिंग अधिक होने से बिल भुगतान करने में ग्रामवासी असमर्थ है। उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र कराया जाये। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन आंदोलन को विवश होगी। विजेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, महेंद्र सिंह, पुखराज सिंह, वीरेंद्र सिंह मुखिया आदि मौजूद थे।

### जिला स्तरीय ट्रायल मैचों को आयोजन



**बिजनौर।** क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा स्टेडियम के खेल मैदान पर अंडर 14 के जिला स्तरीय ट्रायल मैचों को आयोजन हुआ। आज पहले मैच में बिजनौर-बी ने कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 5 विकेट खोकर 154 रन का बनाये। जिसमें प्रलभ शांतनु ने नाबाद 37, कृष कुमार ने नाबाद 30, देवांश कुमार ने नाबाद 29, मौहम्मद उजैर अली ने नाबाद 26 रन बनाए। बिजनौर-ए की तरफ से गेंदबाजी करते हुए यंश कुमार ने तीन, आदित सिंह ने एक विकेट लिया। जवाबी बल्लेबाजी करते हुए बिजनौर-ए निर्धारित 30 ओवर में सात विकेट खोकर 115 रन बनाकर सिमट गई। जिसमें मौहम्मद अरीज आलम ने नाबाद 28, जिदान खान ने नाबाद 24, तन्मय राठी ने 15 रन बनाए। बिजनौर-बी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कप्तान जीत राजपूत तीन, कबीर ने दो प्रतीक राजपूत, देव ने एक-एक विकेट लिए। मैच अंपायर प्रिंस कुमार व धनंजय शर्मा रहे। स्कोरर मानवी ठाकुर रही। मैच का आयोजन जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, नागेंद्र कुमार, अमित श्रीवास्तव, मौहम्मद मोहसिन, परोपकार सिंह, पुनीश कुमार व अमित कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### डी-3 इम्पोरियम शोरूम का उद्घाटन



**बिजनौर।** नजीबाबाद रोड, एसडी पुरम के समीप वी-2 के नीचे नवनिर्मित कपड़ा शोरूम 'डी-3 इम्पोरियम' का शुभारंभ शनिवार को धूमधाम से हुआ। शोरूम के स्वामी व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह की पौत्रियों दिव्या, दृष्टि और देवशी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, डॉ. बीरबल सिंह, डॉ. इंदु मिश्रा, डॉ. नवनीत गर्ग, ज्योति अग्रवाल (सीए), डॉ. गौरव सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. नितिन गोयल सहित कई गणमान्य नागरिक और व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापारी नेता मुनीश त्यागी, मनोज कुच्छल, दिलशाद अहमद, मास्टर महिपाल सिंह, कृष्ण कुमार, विजेंद्र सिंह, बाबू, सोनू, शाहिद, अवनीश त्यागी, विजय पाल सिंह, संसार सिंह, पीतांबर सिंह और अन्य लोग भी समारोह में शामिल हुए। डॉक्टर वीरेंद्र ने बताया कि डी-3 इम्पोरियम में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कपड़ों की विस्तृत श्रृंखला उचित मूल्यों पर उपलब्ध है। शोरूम अपने ग्राहकों को आकर्षक और स्टाइलिश परिधानों के साथ बेहतर खरीदारी अनुभव प्रदान कर रहा है।

### नगीना में भव्य पथ संचलन



**नगीना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में एक विराट पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और स्थानीय लोग शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष व विजयदशमी कार्यक्रम उत्सव के पावन अवसर पर दयानंद सरस्वती कन्या पाठशाला में विजयदशमी कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया। तत्पश्चात नगीना नगर के बस्ती क्षेत्र में पथ संचलन का आयोजन किया गया। बस्ती के स्वयंसेवकों एवं नगीना नगर के लोगों ने पथ संचलन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना का अनुभव किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
को जनपद में प्रत्येक स्टेशन पर सहयोगी संवाददाताओं व विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक सम्पर्क करें।
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम सराय गुढ़ा निवासी ज्योति (32 वर्ष) पत्नी विपिन कुमार ने पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या कर जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया गया कि परिजन जंगल गये हुए थे कि शाम को महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के लिए भेज दिया गया और आगे की कार्यवाही जारी है। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला पारिवारिक कलह के चलते यह कदम उठाया है और महिला का शव जांच हेतु मोर्चरी भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद सही कारणों का पता चल सकेगा। महिला अपने पीछे दो लड़के एवं एक लड़की को रोते बिलखते छोड़ गई है। महिला की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### राहुल करेंगे भूख हड़ताल



**बिजनौर।** गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद से हो कर निकाले जाने की मांग को लेकर व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा मंगलवार को जिलाधिकारी के कार्यालय पर एक दिवसीय अनशन करेंगे। गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद से निकाले जाने की मांग जोर पकड़ रही है। लेकिन न जाने किस दबाव में भाजपा के नेता एवं जनप्रति. निधि अपना मुंह खोलने को तैयार नहीं है। जिससे नागरिकों में उनकी छवि पर बुरा असर पड़ रहा है और आगामी विधानसभा चुनाव में नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

### मीनू गोयल बनी करवा चौथ क्वीन



**नगीना।** प्रगति किट्टी क्लब ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मीनाक्षी मलिक के निवास स्थान पर करवाचौथ का कार्यक्रम आयोजित क्रिया। जिसमें मीनाक्षी मलिक ने तरह-तरह के मनोरंजन गेम एवं तम्बोला खिलाकर सभी को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया। एक गेम के माध्यम से मीनू गोयल करवा चौथ क्वीन चुनी गयी। उन्हें क्राउन एवं पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। सभी सदस्यों आशा महेश्वरी, मीनू गोयल, रितु गर्ग, रितु गुप्ता, विनीता गुप्ता, नीरु बत्रा, प्रीति बंसल, सरिता, स्वाति, अनीता, कंचन, सुमन, नीलम साहू की उपस्थिति रही। वंदना त्यागी, आदित्य, शुभांगी, समृद्धि एवं कल्पना ने गेस्ट के रूप में आमंत्रित होकर भरपूर मनोरंजन का लुत्फ उठाया।

### राजेंद्र सिंह बने जिला प्रवक्ता



**नहटौर।** नहटौर ब्लॉक क्षेत्र के गांव मटौरामान के किसान नेता राजेंद्र सिंह को भाकियू टिकैत का जिला प्रवक्ता घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने राजेंद्र सिंह को जिला प्रवक्ता घोषित किया है। इस मौके पर राजेंद्र सिंह ने कहा कि भाकियू टिकैत ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ी है। उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका पूरी तरह से निर्वाह करूंगा। राजेंद्र सिंह के जिला प्रवक्ता बनाए जाने पर उन्हे शुभकामनाएं दी।

### चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने किया शुभारंभ



**झालू।** बीती रात्रि झालू क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम लीला मंचन का शुभारंभ हुआ। अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने सभी ग्राम वासियों और आसपास क्षेत्र के सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया है कि हम सबको श्री रामचंद्र के आदर्शों को अपनाना चाहिए और बुराई छोड़ कर अच्छाई के रास्ते पर चलना चाहिए। ग्राम प्रधान मकरंदपुर ने कहा कि हम सबको अधर्म छोड़कर धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम और आसपास क्षेत्र के गणमानन्य लोग भी उपस्थित रहे। रामलीला मंचन कमेटी व सम्मानित ग्राम वासियों ने इस अवसर पर लोकेंद्र चौधरी और ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त किया।

### किरतपुर में भव्य पथ संचलन



**किरतपुर।** समाज में देशभक्ति एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत कर हिन्दू समाज को संगठित करने तथा भारत माता की जय के उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन तीन स्थानों सरस्वती शिशु मंदिर, रस्तोगी धर्मशाला एवं बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर जैन चौराहे पर एकत्रित हुआ। जहां से यह विशाल शोभायात्रा का रूप लेता हुआ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः श्री सरस्वती शिशु मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संघ के कार्यकर्ता पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं को केले वितरित किए गए। पथ संचलन का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा, नीलेश्वर महादेव मंदिर समिति, जैन समाज, मीडिया क्लब सोसायटी, श्री झंडा रामलीला कमेटी, अग्रवाल सभा, पत्रकार संघ सहित विभिन्न संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### राजतिलक के साथ रामलीला मंचन समाप्त

**बिजनौर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा रात की रामलीला का शुभारंभ राजगद्दी तथा भगवान के राजतिलक के साथ हुआ। भगवान राम अयोध्या वापस आते हैं। सभी अयोध्यावासी झूम रहे होते हैं तथा राम की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं। सभी ने भगवान के रास्ते में फूल बिछाए तथा भगवान पर फूलों की वर्षा की। अयोध्यावासी राम, मां सीता, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न का राज्याभिषेक होता देख खुशी से झूम उठते हैं। गुरु वशिष्ठ के मंत्र उच्चारण के बीच अचल अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल व संजना अग्रवाल ने भगवान का राज्याभिषेक किया। कमेटी के सभी सदस्यों ने भगवान को टीका कर आरती की।

# भाजपा ने वोट चोरी कर बनाई सरकार

## कांग्रेस की बैठक में लगाए गए गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा पर वोट चोरी कर सरकार बनाने का गंभीर आरोप लगाया गया। कार्यकर्ताओं का आह्वान किया गया कि वह एकजुट हो कर भाजपा सरकार की गलत नीतियों का पर्दाफाश करें।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज शहर कॉंग्रेस कमेटी की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शहर कमेटी के प्रभारी पंकज तेजानिया व फ्रंटल प्रभारी शबी खान मौजूद रहें। मासिक बैठक में संगठन विस्तार व वोट चोरी के खलिाफ प्रदेश स्तरीय चलाये जा हस्ताक्षर अभियान को लेकर चर्चा की गई।

शहर अध्यक्ष हुमायूँ बेग ने कहा हस्ताक्षर अभियान में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहें हैं और बड़ी संख्या में उनका हिस्सा लेना यह दर्शाता है कि जनता इस बात को जान चुकी है कि केंद्र व देश के अलग अलग हिस्सों में भाजपा ने वोट चोरी करके सरकारें बनायी हैं, जिसको जनता भलीभांति समझ चुकी है।

पंकज तेजानिया ने कहा कि आपस में साथ मिलकर काम करने से कांग्रेस जन भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने में सक्षम हैं। बशर्ते हमें जनता के मुद्दों को समझकर उनको गंभीरता से उठाना होगा। शबी खान ने कहा जनता कांग्रेस को याद कर रही है और कांग्रेस पार्टी से बतौर कार्यकर्ता जुड़ना चाह रही है। हमें घर-घर जाकर पार्टी से लोगों को जोड़ना होगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों व सीनियर कांग्रेस नेताओं ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। संचालन नजाकत अलवी ने किया।

बैठक में पूर्व प्रदेश सचिव नीरज चौधरी, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रहे आर.के.सिंह, मुजफ्फरनगर कोऑर्डिनेटर चितवन शर्मा, नजाकत अलवी, इकबाल ठेकेदार, उमेश गौतम, शारिक अली, मौ. हनीफ, डा. अजहर खान, खालिद अहमद, गुलशन कुमार, अनिल त्यागी, सरफराज मलिक, अनुज गौतम, मौ. फैज, समीर एड., हीरा देवी, कमरून्निसा, मुनव्वर जहां, विकास चौधरी, समीर अहमद, अम्बरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## रोहित रवि बने इंडियन यूथ आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** लोनिवि के मीटिंग हाल में इंडियन यूथ आर्मी (अराजनैतिक संगठन) के विस्तार एवं कार्य की प्रगति को लेकर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में रोहित कुमार रवि पुत्र पूर्व विधायक सतीश गौतम निवासी नगीना को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। साथ ही आलोक कुमार प्रधान निवासी ग्राम धर्मपुरा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डेविड कुमार प्रधान पुत्र त्रिलोकावाला को राष्ट्रीय सचिव, गजेंद्र कुमार निवासी ग्राम लकड़ा को राष्ट्रीय सचिव, सुमित पाल भगवानपुर निवासी को राष्ट्रीय सचिव, मीनाक्षी चौधरी निवासी नगीना को प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश, रोहित कुमार निवासी चमरावाला को राष्ट्रीय सचिव, कुशलपाल निवासी नगीना को राष्ट्रीय सचिव, अमन कुमार निवासी नगीना को मीडिया प्रभारी, सतीश कुमार निवासी जुलाहापुरा आदि सम्मानित व्यक्तियों का स्वागत हुआ। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट विसवास राव ने की और संचालन रो. हित कुमार रवि ने किया। बैठक में समाज के उत्थान के लिए, जाति, पंथ एवं धर्म के भेदभाव को समाप्त करने, युवाओं, महिलाओं, असहायों को रोजगार एवं सशक्त बनाने को लेकर विचार किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि मालवा एवं संस्थापक विशवास राव एड. ने सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत कर सम्मानित किया।

## आजाद समाज पार्टी की जनसभा



### ग्राम जक्खाकी में बदलाव का संकल्प लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्राम जक्खाकी में आजाद समाज पार्टी की एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

ग्राम के लोगों ने कहा कि वर्षों से क्षेत्र विकास से वंचित रहा है। अब समय है बदलाव का। जनता ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी को समर्थन देने का संकल्प लिया और कहा कि अब की बार जनता अपनी सरकार बनाएगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि साहनपुर चेयरमैन एवं नजीबाबाद विधानसभा के भावी प्रत्याशी 2027 खुर्शीद मंसूरी रहे। कार्यक्रम की सदारत हसीनुद्दीन ने की और संचालन रवि चौधरी ने किया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि सांसद चंद्रशेखर आजाद लगातार दलित, पिछड़े, मुस्लिम और वंचित समाज की आवाज सड़क से संसद तक बुलंद कर रहे हैं। उनके संघर्ष और विचारधारा से प्रेरित होकर जनता अब बदलाव का संकल्प ले चुकी है। कार्यक्रम में हबीब, रईस, जुल्फिकार, फारूक, नसीम वकील, रईस अहमद, नसीम, शमशीद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि "मिशन 2027" को सफल बनाना है, अब नजीबाबाद में बदलाव की बारी है।

# रामगंगा जलाशय में सफाई अभियान

## दो सौ किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक कचरा एकत्रित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़, कालागढ़ रेंज कार्बेट टाइगर रिजर्व, कालागढ़ टाइगर रिजर्व, लैन्सडॉन सिंचाई विभाग कालागढ़ द्वारा संयुक्त रूप से तरूण एस., (आईएफएस) उप वन संरक्षक, कालागढ़ टाइगर रिजर्व, लैन्सडॉन के निर्देशन में रामगंगा जलाशय एवं कैचमैन्ट एरिया की सफाई अभियान चलाया गया। ताकि वन्यजीवों के प्राकृतिक वास स्थलों को प्लास्टिक मुक्त किया जा सके।

इस कार्यक्रम में बिन्दर पाल उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़, अनामिका बुक्करवाल, उपप्रभागीय वनाधिकारी सोनानदी, शिप्रा वर्मा, उपप्रभागीय वनाधिकारी अदनाला, धनन्जय कुमार, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग कालागढ़, लवकान्त चौहान, सहायक अभियंता रामगंगा बांध सिंचाई विभाग कालागढ़, नन्दकिशोर रूबाली वनक्षेत्राधिकारी कालागढ़, राजेन्द्र सिंह चकरायत वनक्षेत्राधिकारी सोनानदी तथा कालागढ़ रेंज मोरघट्टी रेंज प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ के प्रशिक्षु वन आरक्षी एवं स्टाफ के माध्यम से वोट द्वारा रामगंगा जलाशय में तीन टीम बनाकर प्लास्टिक कचरा एवं अजैविक कूड़ा सफाई कार्य किया गया। जिसमें लगभग दो सौ किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक कचरा एवं अजैविक कूड़ा एकत्रित कर निस्तारित किया गया। जिसमें मॉडरेटर बिन्दर पाल उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ के साथ संजय छिमवाल, प्रख्यात प्रकृति विद, दीप राजवर, प्रख्यात प्रकृति विद, रमेश सी. सुयाल, प्रख्यात प्रकृति विद, अमित कुमार ग्वासीकोटी उप प्रभागीय वनाधिकारी बिजरानी कार्बेट टाइगर रिजर्व ने ऑनलाइन चर्चा में प्रतिभाग किया। कार्बेट टाइगर रिजर्व में इकोटूरिज्म को कैसे सुव्यवस्थित किया जाए, स्थानीय लोगों को इकोटूरिज्म से कैसे जोड़ा जाए, विभागीय स्तर से किस प्रकार स्थानीय लोगों रोजगार के अवसर प्रदान किया जाएं और कार्बेट के अन्तर्गत इकोटूरिज्म के साथ-साथ पर्यावरण एवं जैव-विविधता को कैसे संरक्षित किया जाए। स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ ईडीसी को सशक्त किया जाए तथा स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाए ताकि उनकी वनों पर निर्भरता कम की जा सके आदि बिन्दुओं पर ऑनलाइन चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त वन्यप्राणी सप्ताह के अन्तर्गत आम जनमानस में जागरूकता के उद्देश्य से खेल मैदान, कालागढ़ में प्रशिक्षु वन आरक्षी एवं कालागढ़ रेंज स्टाफ के साथ बॉलीबॉल मैच का आयोजन भी किया जा रहा है।

# एचएमआई कालेज में प्रतिभा सम्मान समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** शांति एकता संगठन की ओर से एचएमआई इंटर कॉलेज में 34वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

एचएमआई इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सैयद बिलाल जैदी की अध्यक्षता में शांति एकता संगठन की ओर से 34 वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि विधायक खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद बरेली हरि सिंह ढिल्लो ने एचएमआई इंटर कॉलेज में 6 कमरों का लोकार्पण किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि सरकार की ओर से विद्यालयों के लिए मदद की जा रही है। 34 वां प्रतिभा सम्मान समारोह कराना अपने आप में एक बड़ी समाजसेवा है। ऐसे कार्यक्रमों से प्रतिभाओ को निखरने का मौका मिलता है।

आयोजित कार्यक्रम में डा. सूर्यमणि रघुवंशी, चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद, ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, शोभित त्यागी, अवैस जकी आदि ने भाग लिया।

कार्यक्रम संयोजक मौहम्मद तारिक रब्बानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

## पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा आज पूर्वाहन संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर जागरूकता रैली को स्थानीय नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा रैली के साथ पैदल मार्च भी किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के गुणवत्तापूर्वक संचालन से संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित करने में सफलता प्राप्त हुई है और रोगों के फैलाव पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सका है। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत अभियान की भांति आज से शुरू होने वाले इस अभियान को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार सम्पन्न कराएं ताकि जनसामान्य में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता और सतर्कता पैदा की जा सके।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है, जिसकी समीक्षा मुख्यमंत्री के स्तर से भी होती है। अतः उपरोक्त अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक स्तर अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग एवं वैक्टर जनित रोग के बचाव व सावधानी के बारे में निरंतर प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें तथा अभियान को पूर्णतः सफल बनाने में किसी भी स्तर से लापरवाही न बरतें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक दिनेश विद्यार्थी, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुषा गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकरी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वकर्मा, डॉ. राहुल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कोतवाली, पंचायत अधिकारी, कृषि विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर

### नहटौर में निकला भव्य पथ संचलन



**नहटौर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने रविवार को संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पथ संचलन निकाला। इस अवसर पर संघ के विभाग शारीरिक प्रमुख सतेंद्र कुमार ने संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा संघ विश्व का पहला संगठन है, जिसके 100 वर्ष पूरे हुए है। यह संघ का स्थापना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। साथ ही संघ में हिंदू समाज संगठित और जागृत करने का कार्यक्रम किया है। रविवार को श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज से पथ संचलन प्रारंभ हुआ। जिसमें संघ के कार्यकर्ता घोष बजाते हुए पथ संचलन की अगवानी करते हुए तथा भगवा ध्वज लिए आगवानी कर रहे थे। पथ संचलन हल्दौर चौराहा, महावीर चौक, चांदपुर चुंगी, मौहल्ला वागवान, नकटा, सराय जोखा, होली चौक, पंचायती मंदिर, सब्जी मंडी, हलवाईयान, कालू की आढ़त, ईदगाह मोड़, जोशियान, अब्दुल कलाम गेट, आर्य मार्केट से होता हुआ कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ। मार्गो पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा करके भिन्न भिन्न स्थानों पर स्वागत किया। संघ के रथ पर प्रांत शारीरिक प्रमुख सतेंद्र सवार थे। कार्यकम में जिला शारीरिक प्रमुख मृत्युंजय, नगर संचालक अभिनव जैन, प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख मूलचंद त्यागी, नगर कार्यवाह चंद्रसेन, सतेंद्र शिवम् कौशिक, विजयपाल, मनोज कुमार शर्मा, ऋषभ जैन, वीर सिंह चौहान, विनिल त्यागी, अशोक अग्रवाल , शिव कुमार, कोमल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**नूरपुर।** क्षेत्रीय अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ब्लाक के डबाकरा हॉल में पद व गोपनीयता की शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली। शपथ समारोह सभा की अध्यक्षता संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता गालिब हुसैन ने की। मुख्य अतिथि बार काउंसिल उतर प्रदेश के सदस्य्‍ मुख्य अतिथि बलवंत सिंह ने कहा कि अगर किसी भी अधिवक्ता को कोई भी परेशानी आती है, उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उसके दुख दर्द में खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल के चुनाव में खड़ा हूं। आपसे आखिरी बार वोट मांग रहा हूं। मुझे वोट देना ताकि बार काउंसिल का चुनाव जीत कर बिजनौर के अधिवक्ताओं की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ सकू। इस मौके पर अध्यक्ष देशराज सिंह एडवोकेट महासचिव नईम अहमद एडवोकेट, उपाध्यक्ष दीपक यादव व इद्रीस एडवोकेट, कोषाध्यक्ष फईम मलिक, संयुक्त सचिव रविंद्र सिंह व सोहन सिंह, मीडिया प्रभारी कादिर चौधरी एडवोकेट , मीटिंग व्यवस्थापक मोहित चौधरी ने ली। मुख्य अतिथि बलवंत सिंह एडवोकेट सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश, संरक्षक गालिब हुसैन, चुनाव अधिकारी जयकांत कृष्णत्रीय एडवोकेट अध्यक्ष यशपाल सिंह, महासचिव विशाल अग्रवाल एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष एसके बबली एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष राजीव चौहान, पूर्व उपाध्यक्ष गुलसिताब एडवोकेट आदि मौजूद रहे। जिले से आए अधिवक्ताओं का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

### पुलिस अधिकारियों का किया सम्मानित



**स्योहारा।** नगर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में चल रही रामलीला का आयोजन धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के वातावरण में जारी है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में नगरवासी श्रद्धालु और आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शक भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को देखने पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम भगवान श्रीरामचंद्र जी का भव्य राज्याभिषेक मंचित किया गया, जिसके बाद सत्य और धर्म के प्रतीक सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र का प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजन कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के संरक्षक कुंवर पृथ्वीराज सिंह, सह संरक्षक कुंवर रंनजय प्रताप, मास्टर महेंद्र सिंह शर्मा, राजपाल सिंह प्रजापति, राजवीर सिंह त्यागी, पिंटू प्रजापति, रागेन्दर सिंह चौहान, तुषार रस्तोगी सहित नगर के गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामलीला कमेटी की ओर से स्योहारा थाने में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर, कस्बा इंचार्ज हरिओम शर्मा, उप निरीक्षक प्रमोद शर्मा एवं अन्य पुलिसकर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### अवैध निर्माण का आरोप

**किरतपुर।** श्री मनोकामना मंदिर मोतीचूर पर, मंदिर की पश्चिमी दीवार की ओर खिड़की निकालकर अवैध निर्माण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में श्री झंडा रामलीला कमेटी ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि किरतपुर निवासी डॉ. शशांक रस्तोगी, जो वर्तमान में दिल्ली में रह रहे हैं, मंदिर की ओर खिड़की खोलकर दीवार से छेड़छाड़ करते हुए निर्माण कार्य कर रहे हैं। कमेटी ने बताया कि पूर्व में भी वह दो बार इसी प्रकार मंदिर की दीवार के साथ छेड़छाड़ कर चुके हैं, जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई थी। उस समय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया था। कमेटी के सदस्यों का कहना है कि हाल ही में पुनः मंदिर की ओर खिड़कियां खोलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सूचना मिलने पर कमेटी के सदस्य मौके पर पहुंचे और आरोपी से मोबाइल पर वार्ता की, लेकिन उन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इस प्रकरण को लेकर श्री झंडा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कपिल रस्तोगी ने थाना प्रभारी पुष्पा देवी को लिखित प्रार्थना पत्र सौंप कर अवैध निर्माण पर रोक लगाने और कार्रवाई की मांग की है।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक

**बढ़ापुर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व जागरुकता अभियान के अंतर्गत कस्बे के मदरसा काशीफुल उलूम सहित ग्रामीण क्षेत्र मे गोष्ठी आयोजित कर सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया गया। जिसके अंतर्गत सरकार द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री परिवारिक योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आदि से अवगत कराया जा रहा है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 04 के सम्पत्ति संख्या 182 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में बृजपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह के नाम दर्ज है। अतः बृजपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह का नाम निरस्त कर श्रीमति सोनू रानी पत्नी संजीव कुमार का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### क्रिसेंट के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण



**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने दिल्ली का ऐतिहासिक लालकिला, राष्ट्रपति भवन तथा जामा मस्जिद का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वास्तुकला संबंधी महत्व को निकट से जाना और अपने ज्ञान में वृद्धि की। इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी शहजाद खान ने बच्चों को देश की इन ऐतिहासिक इमारतों के बारे मे विस्तार से बताय। उन्होंने कहा कि देश की इन खूबसूरत धरोहर को देखने के लिए विदेशो से भी बड़ी संख्या मे पर्यटक प्रतिदिन आते रहते हैं। शिक्षिका सुश्री माहे तिलत एवं सरीम फरहत ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। बच्चों ने अपने भ्रमण के दौरान कहा कि कितना खूबसूरत है देश हमारा, इसको देखने के बाद जानने की भी जरूरत बताया। विद्यालय प्रबंधन ने इस भ्रमण की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

### आरयूएम में वॉलीबॉल टूर्नामेंट



**शेरकोट।** आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित मैदान में एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट के मैच का मुख्य अतिथि फुरकान महमूद अंसारी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इंसान के जीवन मे खेल बहुत जरुरी है। आज के युवा खेलों की तरफ कम उल्टे सीधे धंधों की तरफ ध्यान दे रहे है। जबकि युवाओं को चाहिए कि खेलों पर अपनी रुचि रखे और अपने देश का नाम रोशन करे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपनी जीत के लिए जोर लगाता है। इनसे पूर्व लिपिक अबरार अहमद व तारीख अंसारी ने सयुक्त रुप से बिजनौर व मेरठ के बीच खेले जाने वाले मैच का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर फुरकान महमूद अंसारी के साथ हाफिज सद्दन, शेख वलीउल्ला, पूर्व सभासद वजीर अहमद, महफूज, नाजिम जबी अंसारी, शेफ मंसूरी सहित आदि मौजूद रहे। उधर कमेटी के मौहम्मद तारीख, शाहबाज अंसारी, युसुफ अंसारी, फरमान, शकील, रिहान, अकबर, माजिद, सादिक सहित आदि का विशेष योगदान रहा। वही कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में रायपुर, कोटद्वार, बिजनौर, मुरादाबाद, अफजलगढ़, लखनऊ, शेरकोट आदि टीम भाग लेगी।

### पथ संचलन का पुष्पवर्षा से स्वागत

**बढ़ापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में कस्बे में पथ संचलन निकाला। इस दौरान हिंदू संगठनों ने कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथसंचलन कर रहे स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। आज सुबह श्री शिव चुन्नीवाला मंदिर के आदर्श रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता एकत्र हुए। वहां पर उन्होंने अनुशासन का परिचय देते हुए आरएसएस के डॉ. केशवराय बलिराम हेडगेवार और भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए और ध्वज वंदना के साथ उन्हें नमन किया। आदर्श रामलीला मैदान से शुरू हुआ पथ संचलन मुख्य बाजार, पुलिस चौकी, मौहल्ला नौमी, सब्जी मंडी चौक, श्री फकीरचंद आर्य इंटर कालेज होते हुए वापस रामलीला मैदान में पहुंचकर संम्पन्न हुआ। पथ संचलन में धर्म जागरण प्रमुख संजय कुमार, खंड कारवाह कोमल सिंह, अजयराज सिंह एडवोकेट, मुकेश कुमार आर्य, सभासद श्याम सिंह एडवोकेट, नितिन प्रजापति, सभासद राहुल कश्यप, दीपक कश्यप, प्रमोद कश्यप, डॉ. संदीप गिल्होत्रा, शिव कुमार, अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा



**स्योहारा।** नगर की वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्त समिति की बैठक मौहल्ला शेखान स्थित समिति के अध्यक्ष पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा के निवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता इकबालुज्जमा ने की तथा संचालन महेंद्र कुमार शर्मा ने किया। बैठक में नगर के आम नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं और उनके सम्मान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के अध्यक्ष पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य नगर के वरिष्ठ नागरिकों को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाना है। उन्होंने कहा कि समिति में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जाए, ताकि समाज में वरिष्ठजनों की आवाज और मजबूत हो सके। इकबालुज्जमा ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की रीढ़ हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से ही नई पीढ़ी सही दिशा प्राप्त कर सकती है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य, सफाई और बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतें तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें। बैठक में नगर की स्वच्छता, सुरक्षा और आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर भी सार्थक चर्चा की गई। इस अवसर पर जसपाल काला, बलदेव सिंह, सुनील कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार और मौहम्मद हारून सहित कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

### विकसित उप्र अभियान के लिए मांगे फीडबैक

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा क्षा, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), उपायुक्त (मनरेगा), उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला गन्ना अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत मौजूद थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश-विक. सित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान हेतु नागरिकों के फीडबैक प्राप्त करने के लिए एक पोर्टल विकसित किया गया है। जिस पर क्यूआर कोड के माध्यम से फीडबैक दिया जा सकेगा। उन्होंने फीडबैक प्रगति की समीक्षा करते हुए कम प्रगति करने वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत अपने -अपने कार्यालय के समस्त कर्मचारियों को समर्थ पोर्टल samarthuttarpradesh.up.gov.in पर या क्यूआर कोड के माध्यम से फीडबैक अपने समक्ष देने के लिये निर्देशित करें एवं सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन स्वयं इसकी समीक्षा करना भी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही इस अभियान का प्रचार-प्रसार कर आम जनमानस से फीडबैक देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए समस्त को निर्देशित किया गया, जिससे कि अधिक से अधिक फीडबैक प्राप्त किया जा सके।

# दवा समझकर जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, शव पीएम को भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** ग्राम अकबरपुर झोझा में उस समय हड़कंप मच गया। जब एक विवाहिता ने गलत दवा खा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार अनुसार चांदपुर थाने की अंबेडकर चौकी के ग्राम अकबरपुर झोझा निवासी सोनबाला पत्नी संजय की मृत्यु गलत दवा खाने से हो गई, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर मौत के सही कारण का पता जानने के लिए पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। मृतका के ससुराल पक्ष का कहना है कि सोनवाला की मौत गलती से जहरीला पदार्थ खाने से हुई है, जिसे उन्होंने गलती से दवा समझ कर खा लिया। हालांकि मृतक के मायके वाले अभी तक सामने नहीं आए हैं और न ही पुलिस को कोई तहरीर दी गई है। मृतका सोनवाला के दो बच्चे हैं। पहली बिटिया 15 वर्ष की है और दूसरा बेटा अनिकेत जिसकी उम्र 11 वर्ष है।

मामले में अंबेडकर चौकी प्रभारी मदनपाल सिंह ने मौत की पुष्टि की है। बताया कि ससुराल पक्ष की ओर से सूचना मिली थी। अंजाने में कोई दवा का सेवन कर लिया गया। मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस मामले में पुलिस को अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## हादसे में घायल युवक की मौत पत्नी गंभीर

**कोतवाली देहात।** ग्राम गाजीपुर थाना किरतपुर निवासी नेपाल सिंह अपनी पत्नी सर्वेश देवी के साथ बृहस्पतिवार को अपनी रिश्तेदारी में ग्राम फतेहपुर जा रहे थे। जैसे ही वह हरिद्वार-काशीपुर हाईवे पर आए। तभी कोतवाली देहात के निकट नगीना की ओर से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन दोनों घायलों को पीएचसी कोतवाली देहात ले आए थे। जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। परिजन दोनों को बिजनौर में एक निजी चिकित्सालय में ले गए थे। गंभीर हालत में नेपाल सिंह को जौलीग्रांट के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के लिए जाते समय नेपाल सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी सर्वेश देवी की हालत भी गंभीर बनी हुई है। नेपाल सिंह के भतीजे मनीष कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गाड़ी चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर भव्य पथ संचलन

## स्वयंसेवकों ने दिखाया अनुशासन और एकता का परिचय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर की तरह धामपुर में भी शताब्दी वर्ष के अंतर्गत पथ संचलन का आयोजन किया गया। नगर में एक दर्जन से अधिक स्थानों से गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने अनुशासनपूर्वक मार्च करते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

पथ संचलन के निर्धारित मार्गों पर सनातन समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पूरे नगर में देशभक्ति के नारे गूंजते रहे। इस अवसर पर आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह में मुख्य वक्ता ने अपने बौद्धिक संबोधन में कहा कि आरएसएस की स्थापना 100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के दिन डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने की थी।

संघ समाज में धर्म, जाति या भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता, बल्कि सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा युवाओं को आत्म-निर्माण, अनुशासन और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने पांच प्रमुख सामाजिक परिवर्तनों से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बस्तियों से पथ संचलन शुरू हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों और कॉलोनियों से होकर निकला। नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

## साधारण सभा की बैठक में वरिष्ठ सदस्यों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** राजा भरत सिंह इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक मुकेश सिन्हा ने संचालन करते हुए संस्था के इतिहास पर प्रकाश डाला व पांच वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया।

प्रबंधक कावेन्द्र सिंह ने पांच वर्ष की अपनी कमेटी की उपलब्धियां गिनाकर सभी से संस्था के हित में सहयोग करने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष व पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप सिंह ने सभी को भरोसा दिलाया। सभी के सहयोग से पारदर्शिता, ईमानदारी के साथ ही संस्था हित में कार्य किया जाएगा। सुधीर पाराशर ने संस्था के द्वारा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय स्थापना का सुझाव दिया। कार्यक्रम में 1952 में स्थापित राजा भरत सिंह इंटर कालेज व कालेज के वरिष्ठतम आजीवन सदस्य विजय कुमार गोयल, शेर सिंह व हुकम सिंह राठी सहित पूर्व अध्यक्ष समर सिंह, पूर्व प्रबंधक सत्यपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को रालोद के प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य महेश बल शर्मा ने भी संबोधित करते हुए विद्यालय के अनुशासन, परीक्षाफल व अन्य उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम में पांच वर्ष के दौरान दिवगंत हुए 27 आजीवन सदस्यों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। संस्था के अध्यक्ष यशवीर सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजीव चौहान, केशवशरण, करतार सिंह, विरेन्द्र सिंह, नरपाल सिंह, विजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सूरतपाल सिंह, सौरभ कुमार, जाकिर अली, कुलवीर सिंह, अभयराम सिंह, जितेन्द्र सिंह, ऋषभ कुमार, सत्यपाल सिंह, सुनीत कुमार, सुभाष चन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## सहसपुर में मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम



### हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कस्बा सहसपुर के मौहल्ला अफगानान में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 325 महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया।

इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के तरीकों और सरकारी योजनाओं जैसे नारी सम्मान योजना, कन्या सुमंगल योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष वन स्टॉप सेंटर आदि की जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में महिलाएं तुरंत पुलिस से संपर्क करें और हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात कालीन सेवा, 102 गर्भवती महिला व नवजात शिशु एम्बुलेंस सेवा, 108 सामान्य एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन। कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया, सुरक्षा और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी।

थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने सभी महिला पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाएं और उन्हें सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करें।

# गुणवत्ता के साथ हो शिकायतों का निस्तारण

## कुल 153 शिकायतें दर्ज, सात का मौके पर निस्तारण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किए बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है, तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वह अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें, ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है।

अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

आज तहसील दिवस के मौके पर कुल 153 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में सात शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### अधिकारों के प्रति किया जागरूक




**नांगल सोती।** ग्राम सौफतपुर में पुलिस ने गांव की महिलाओं के संग चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान की जानकारी साझा की। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी सुनील पुनिया और दरोगा उपेंद्र सिंह महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सेल के बारे में जानकारी साझा की। महिला आरक्षी पूनम शर्मा, ललिता सिंह और प्रवीण चौहान ने 1090, 1098, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए और चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इस दौरान गांव की काफी महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

### जनता इंटर कॉलेज ने जीता कांस्य व रजत पदक



**चांदपुर।** लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतर मंडलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए जनता इंटर कॉलेज बागड़पुर के छात्र सुशांत कुमार ने 14 वर्षीय बालक वर्ग प्रतियोगिता में कांस्य पदक व पल्लवी कुमारी ने 19 वर्षीय बालिका वर्ग में रजत पदक जीतकर जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्रधानाचार्य हामिद हुसैन ने खिलाड़ियों के कालेज पहुंचने पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। विद्यालय के उप प्रबंधक अजब सिंह, प्रशिक्षक विवेक कुमार पांडे व समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। दोनों छात्र-छात्राओं के पदक जीतने पर अन्य छात्राओं में भी उत्साह देखा गया है।

### चांदपुर ने जीता फाइनल मुकाबला



**नांगल सोती।** मायापुरी में बजरंग क्लब की ओर से आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट के चांदपुर ने चोरों वाला को हराकर टूर्नामेंट जीता, तृतीय स्थान पर लालपुर मान की टीम रही। कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चोरों वाला और चांदपुर के बीच खेला गया। जिसमें चांदपुर ने चोरोंवाला को 18-17 से हराकर फाइनल मुकाबला जीता। सेमीफाइनल मुकाबले में चोरोंवाला ने लालपुर मान को 23-17 और चांदपुर ने हापुड़ को 28- 11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लीग मुकाबले में हापुड़ ने मायापुरी को 25-23, चोरों वाला ने भवानीपुर को 13-10, लालपुर मान ने काटपुर को 15 -13 से हराकर मैच जीते। मुख्य अतिथि सीओ कुलदीप यादव ने विज. ेता, उपविजेता व तृतीय स्थान पर रही लालपुर मान की टीम को ट्रॉफी व नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। रेफरी आशीष व उज्जवल रहे। टूर्नामेंट में शिवांत, रवि, विशाल, आर्यन आदि का सहयोग रहा।

### श्रीराम का राज्याभिषेक कर मंचन समाप्त



**नांगल सोती।** ग्राम सोफतपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में 21 सितंबर से चल रहे रंगमंच के कार्यक्रम में बीती रात्रि श्री राम जी को अयोध्या लौटने पर राज्याभिषेक कर रामलीला मंचन का समापन किया गया। मंचन के आखिरी दिन कलाकारों ने अपने मंचन में रावण वध कर श्री राम जी को राज्याभिषेक की लीलाओं का सुंदर मंचन किया। सभी कलाकारों ने श्री राम जी की आरती कर भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री आदर्श रामलीला कमेटी अध्यक्ष कपिल राणा द्वारा मंच से जुड़े सभी कलाकारों को सम्मानित व वरिष्ठ पत्रकार बंधुओं एवं कमेटी के सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया गया। कमेटी पदाधिकारी एवं सदस्यों को सहयोग करने के लिए उनका आभार किया गया। डायरेक्टर अर्जुन सिंह के निर्देशन में कलाकारों में रावण का अभिनय अनुज, मेघनाथ का अभिनय मिथुन, राम का अभिनय मोहित, लक्ष्मण का अभिनय मिथुन, सीता का अभिनय मांगे सिंह, विभीषण का अभिनय विकुल, अंगद का अभिनय रवि शर्मा, हनुमान जी का अभिनय दिनेश कुमार, सुलोचना का अभिनय ईश्वर ने किया। सभी कलाकारों ने चल रहे रामलीला मंचन को श्री राम जी के चरणों में समर्पण कर इस वर्ष के रामलीला मंचन का समापन किया। सहयोग में मुख्य रूप से कमेटी उपाध्यक्ष मांगे सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, सचिव हनी जट राणा, अवधेश, नीरज, खूब सिंह, विनीत, लेखपाल, अंकित, छोटे शर्मा, महिपाल, चंद्रप्रकाश आदि कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

### घोसियावाला में मिशन शक्ति कार्यक्रम



**शेरकोट।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत ग्राम घोसियावाला में हुई चौपाल में महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आयोजित कार्यक्रम में उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह राठी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़ की घटना होने पर तुरन्त पुलिस को सूचित करें। साथ ही मोबा. इल के माध्यम से सोशल मीडिया पर अश्लील मैसेज, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला पुलिसकर्मी रीनू, अमृता व बोबिन्दर कुमार सहित काफी महिलाएं व छात्राएं मौजूद रही।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच आज शुरू होगा कल्कि महोत्सव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव की तैयारियों को अन्तिम रूप दे दिया गया है। महोत्सव के अन्तर्गत होने वाले विभागीय कार्यक्रमों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर बैठक का आयोजन कर समीक्षा की गई।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक कार्यक्रम में लगने वाली विभागीय स्टालों एवं अन्य स्टालों आवंटन पर चर्चा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम के तहत स्वागत, स्वागत गीत, कार्यक्रम का मिनट टू मिनट, वीवीआईपी एवं दर्शक दीर्घा, पार्किंग व्यवस्था, सफाई व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था आदि के साथ विभागीय कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय सारणी पर भी चर्चा की। कल आज से शुरू होने वाले कल्कि महोत्सव की मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी रहेंगीं। अपराह्व 2 बजे से 3:30 बजे तक मत्स्य सम्मेलन मत्स्य में रोजगार आत्मनिर्भरता की ओर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि मत्स्य मंत्री संजय कुमार निषाद रहेंगे।

# सवा करोड़ से बीज और डीजल देगी कोआर्डिनेशन कमेटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की खेती के लिए किए जायेंगे वितरित
- सहायता राशि पारदर्शी बनाने को चिन्हित क्षेत्र में की जायेगी सेवा
- सभी से की गई सहयोग की अपील

**सम्भल।** पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए बाढ़ कोआर्डिनेशन समिति का प्रतिनिधि मण्डल 13 अक्टूबर को पंजाब रवाना होगा। जहां पीड़ितों को बीज खाद एवं खेतों को उपजाऊ बनाने के लिए डीजल भी उपलब्ध कराया जाएगा।

रविवार को भारतल सिरसी में संत जोगा सिंह स्मारक पर बाढ़ कोआर्डिनेशन समिति को संबोधित करते हुए सरदार जगजीत सिंह ने कहा कि पंजाब ने कृषि क्षेत्र मैं महारत हासिल की है। नवीन तकनीक से अच्छी पैदावार कर देश को अन्न देने का काम किया है। इस बार बाढ़ ने पंजाब मैं खेतों को नुकसान पहुंचाया है। पंजाब को कृषि भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए खाद बीज एवं डीजल उपलब्ध कराया जाएगा सहयोग राशि को पारदर्शी बनाने के लिए क्षेत्र चिन्हित कर सेवा की जाएगी। महासचिव दयानन्द सिंह ने कहा कि गुरुद्वारा समिति एवं जनता के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों को सवा करोड़ की मदद की जाएगी। इसके लिए सभी से सहयोग की अपील की गई है। सहयोग राशि सही स्थान पर पहुंचना भी आवश्यक है। बैठक को समिति के प्रबंधक खिलेंद्र सिंह, अध्यक्ष किरणपाल सिंह प्रधान, तेजवीर सिंह, चमन सिंह, विकास चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, मौलाना मौहम्मद, मियां, शाहनवाज, जितेन्द्र सिंह, राजीव कुमार ने भी संबोधित किया। इस दौरान कमेटी की पहल के लिए दयानंद सेवा निवृम छिप्टी कमिशनर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


सम्भल-पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ कोआर्डिनेशन कमेटी की पहल को सेवानिवृत डिप्टी कमिश्नर को प्रतीक चिन्ह देते।


बबराला। बदायूं सांसद आदित्य यादव को बाबा साहेब का चित्र भेंट करते सपा पदाधिकारी।

# आगे सर्राफ पीछे दौड़ी पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सीन बिल्कुल फिल्मी था। आगे चोर पीछे सिपाही की तरह चोरी के जेवरातों की खरीदार सर्राफ पुलिस को देखते ही भाग खड़ा हुआ। पुलिस उसके पीछे दौड़ लगाती रही, लेकिन व तंग गलियों में जाकर गुम हो गया।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र की उप नगरी सराय तरीन के मुख्य बाज़ार स्थित सर्राफा दुकानों पर दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों पर कारोबार में व्यस्त थे। इसी बीच सादा वर्दी में कुछ पुलिस कर्मी मुख्य बाज़ार स्थित सर्राफा दुकानों के पास पहुंचे। उनके साथ एक चोर ने एक सर्राफा दुकानदार की ओर इशारा करके चोरी के जेवरातों को बेचे जाने की जानकारी दी। सादा वर्दी में पुलिस कर्मियों ने सर्राफ दुकानदार से कुछ बात करने की कोशिश की, लेकिन चोरी का माल खरीद चुका सर्राफ दुकानदार चोर को पहचान गया और पुलिस के शिकंजे में आने से भांप गया। पुलिस कर्मी उससे कुछ बात कर पाते,लेकिन वह एकदम दुकान से कूदकर दौड़ लगानी शुरू कर दी। पुलिस कर्मी की फिल्मी सीन की तरह सर्राफ दुकानदार के पीछे दौड़ लगानी शुरू कर दी। सर्राफा दुकानदार आगे और पुलिस को पीछे दौड़ते हुए देख बाज़ार में हलचल मच गयी। चोरी का माल का खरीदार ओर पुलिस पीछे दौड़ती रही,लेकिन सर्राफा दुकानदार तंग गलियों में पहुंचकर गुम हो गया। नई व तंग गलियों से अंजान पुलिस कर्मी हाथ मलते रह गए। चोर ओर सिपाही के खेल की जानकारी मिलते ही कुछ सर्राफ दुकानदार तुरंत सक्रिये हो गए और बाहर से आए पुलिस कर्मियों को लेकर पुलिस चौकी पहुंच गए। सर्राफा दुकानदारों ने वार्ता की ओर मामले को निपटाने का प्रयास करने लगे। कुछ देर बाद मामला निपट गया और पुलिस कर्मी साथ लाये चोर को लेकर उल्टे पांव चले गए। हालांकि इस बाबत चौकी पुलिस से जानकारी की तो उन्होने पूरे प्रकरण की जानकारी होने से इंकार कर दिया।

# अयोध्या में भगवान राम का राज्याभिषेक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** 15 दिवसीय श्री रामलीला मंचन के भव्य समापन समारोह में श्री राम का राजगद्दी मंचन के साथ समापन हो गया।

नगर पालिका परिषद के प्रांगण में चल रहे रामलीला मंचन के अन्तिम दिन नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश कुमार त्यागी, कुलदीप कुमार त्यागी, भाजपा के जिलाध्यक्ष चौ हरेंद्र सिंह, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, प्रबंधक वैभव गुप्ता, कार्यवाहक प्रबंधक अनुराग गुप्ता एवं कमलकांत तिवारी ने भगवान श्री गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्री राम दरबार की आरती उतारी गई।तत्पशचात कलाकारों द्वारा श्री राम के राज्याभिषेक का मंचन किया गया। लंका विजय के पश्चात् भगवान श्री राम, सीता और लक्ष्मण पुष्पक विमान से अयोध्या लौटते हैं। भरत से भेंट और उनके द्वारा श्री राम को वापस राजगद्दी ग्रहण करने का आग्रह किया गया। चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वासी श्रीराम के लौटने की खुशी मनाते हैं और राज्याभिषेक की तैयारियां करते हैं। गुरु वशिष्ठ द्वारा वैदिक मंत्रेच्चार के बीच भगवान राम को राजगद्दी पर बिठाया जाता है, जिससे समस्त वातावरण श्जय श्री रामश जय श्री राम के नारों से गूंज उठता है।

# भाजपा सरकार लोकतंत्र का घोंट रही गला: आदित्य यादव

शाह टाइम्स संवाददाता

- बदायूं सांसद ने साइकिल यात्रा निकालकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश


**बबराला।** बदायूं लोकसभा सांसद आदित्य यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि पीडीए का नारा 2024 में दिया गया। सभी एकजुट होकर चुनाव लड़े थे। 2027 के चुनाव में भी भाजपा को हराने के लिए मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। पीडीए साइकिल यात्रा गांव-गांव निकाल कर पिछड़ों को एकजुट करने व लोगों को सरकार की कारगुजारियों से अवगत कराना है। सरकार ध्यान भटकने को मुस्लिम व पिछड़ों पर कार्रवाई कर रही है। आगामी चुनाव को हिंदू मुस्लिम का मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ना चाहती है। सपा इस मन्सूबे को पूरा नहीं होने देगी। हम बूथ स्तर को मजबूत कर रहे हैं। सपा अत्याचार व पीड़ित परिवार के साथ खड़ी होगी। सरकार द्वारा पीड़ितों से न मिलने देना लोकतंत्र का गला घोटने के समान है। आजम खां सपा के फाउंडर मेम्बर हैं। आजम खां सपा छोड़कर कही नहीं जा सकते। सपा ने उनका हमेशा साथ दिया है। वह हमारे और पार्टी उनके साथ है। इस दौरान गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह, सपा जिलाध्यक्ष असगर अली, सपा विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव, फिरोज खां, प्रीति यादव, अखिलेश यादव, के पी यादव, चरन सिंह, अवनीश, पप्पू, अनिल गोस्वामी, कल्लू प्रधान, विजय, उजेफ आदि मौजूद रहे।

# भूगर्भ को दूषित कर रहे जींस वाशिंग प्लांट कराए बंद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मानकों के विपरीत संचालित जींस वांशिंग प्लांटों पर चल रहे छापामार अभियान में नगर मजिस्टट ने टीम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण में मानकों के विपरीत संचालित दो वाशिंग प्लांटों को तत्काल बंद कराया, जबकि वैध जमा करने तक विद्युत कनैक्शन को भी प्रथक करा दिया।

रविवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने ग्राम नाहरठेर, थाना रायसत्ती में अवस्थित डी.आर.एस. एन्टरप्राईसेज जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जींस वाशिंग प्लांट संचालित पाया। मौके पर जींस प्लांट में 14-15 मजदूर कार्य कर रहे थे। मजदूरों से जानकारी करने पर जींस कारखाना दानिश पुत्र रजा अली निवासी ग्राम सलारपुर कलां थाना-नखासा एवं फरमान पुत्र रजा अली निवासी ग्राम सलारपुर कलां थाना-नखासा संचालित करने की जानकारी दी। निरीक्षण में जींस वाशिंग प्लांट जींस वाशिंग प्लांट में बड़ी मात्रा में भूमिगत जल का दोहन पाया गया जबकि जींस वाशिंग प्लांट द्वारा भू-गर्भ जल विभाग से कोई पंजीकरण/अनापत्ति नहीं ली गई थी। इसके अलावा जींस वाशिंग प्लांट के संचालन को प्रदूषण विभाग से कोई भी स्थापनार्थ/संचालानार्थ सहमति नहीं ली गई। कारखाने में भूमिगत जल का प्रयोग कैमिकल मिलाकर वांशिग के कार्य में किया जा रहा है, जिससे जल प्रदूषित हो रहा था। दूषित जल को इकाई द्वारा सीधे पाईप के माध्यम से भूमि में प्रवाहित किया जा रहा था। जिससे वाशिंग प्लांट में केमिकल का प्रयोग कर वायु एवं जल प्रदूषण कर रहा था। इसके साथ श्रृषिपाल सिंह, सी.टी.ओ.(राज्य कर), खण्ड-1, ने भी बताया कि जींस वाशिंग प्लांट द्वारा पंजीकरण को लेकर भी कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये और प्लांट में अत्याधिक गन्दगी पाई मिली। जबकि प्राथमिक चिकित्सका की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। प्लांट में इलैक्ट्रॉनिक रॉड कैमिकल को गर्म किया जा रहा था, जिससे वहां अत्यन्त दुर्गन्ध और गंदगी पायी गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने कानमों के विपरीत संचालित वाशिंग प्लांट का संचालन तत्काल बन्द कराया तथा अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, सम्भल को प्लांट के विद्युत कनेक्शन कटवा दिया।


सम्भल-वाशिंग जींस प्लांट के निरीक्षण में जानकारी करते नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार।

## एक नज़र इधर भी

### वीर सावरकर शाखा ने निकाला पथ संचलन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वीर सावरकर शाखा के तत्वावधान में विजयदशमी एवम संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उपनगरी सराय तरीन में आयोजित पथ संचलन से पूर्व मुख्य वक्ता जिला संघ चालक विजय गोयल ने नगर संघ चालक कमल कौशल के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विजय गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक शताब्दी वर्ष पूरा कर लिया है। शताब्दी वर्ष केवल शाखों का विस्तार नहीं बल्कि हर समाज के हर वर्ग को जोड़ता है इस शताब्दी वर्ष में परिवर्तन से पुनः राष्ट्र निर्माण और स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह गोपी चंद्र, नगर शारिरिक शिक्षा प्रमुख सौरभ ठाकुर टिंकू सागर, विशाल शर्मा, मुकेश गोयल, डा. नीरज कुमार गुप्ता, सुमित श्याम, बंटी सागर, चरण सिंह भारती, मुकेश भारती, सरनाम सिंह, आयुष, प्रशांत, राहुल अटल आदि स्वयं सेवको ने पथ संचलन में भाग लिया। पथ संचलन बी डी इंटर कॉलेज से शुरू होकर आर्य समाज रोड, कच्चा बाजार, बाजारगंज शाहजीपुरा, हयात नगर चामुंडा से होता हुआ पुनः बी डीइंटर कॉलेज पर जाकर सम्पन्न हुआ।


सम्भल-रोगियों का परीक्षण करती होम्योपैथिक चिकित्सक डा. रज़ीना नज़ीर

### होम्योपैथिक शिविर में निःशुल्क उपचार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में रोगियों का उपचार कर दवाइयों का वितरण किया गया।

मौहल्ला दरबार स्थित नुसरत मेमोरियल पब्लिक सकूल में आयोजित शिविर में डा. रज़ीना नजीर ने रोगियों का परीक्षण किया। चिकित्सका रज़ीना नज़ीर ने बताया कि शिविर अधिकतर मरीज त्वचा, एलर्जी और पेट नजला, खांसी संबंधी परेशानियों से पीड़ित पाए गए। रोगियों को रोगों से बचने के उपायों की जानकारी देने के साथ साफ-सफाई और खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी। शिविर में चिकित्सकों की इस निस्वार्थ सेवा की स्थानीय लोगों ने सराहना की और जनहित में ऐसे शिविरों को लगातार आयोजित किए जाने पर बल दिया। जबकि शिविर का दौ सौ रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। डा. रज़ीना नजीर ने बताया कि चिकित्सा शिविर मे मरीजों को होम्योपैथिक इलाज देने के साथ दवा भी दी गई। चिकित्सा शिविर में बच्चों के लिए अलग से और स्त्री रोग के लिए अलग व बुजुर्गों की जांच के लिए अलग से ओपीडी बनाई थी। शिविर में छोटे बच्चों व महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी रही। डा. रजीना ने कहा कि मरीजों को ऐसे कई इलाज भी बताए गए हैं, जिनको दवा खाने के बजाय हर रोज खान-पान का धयान रखने से भी बीमारी ठीक हो जाती है। इस मौके पर काशिफ खां, हाजी अराफात, एडवोकेट मिक्की खान, आजम खान, मुहम्मद आमिर, शारिक खान आदि मौजूद रहे।

# सपा सांसद को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

- पदोन्नती में शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने का विरोध

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पदोन्नति में शिक्षक पात्रता उत्तीर्ण अनिवार्य करने के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर शिक्षकों का रोष जारी है। शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सपा सांसद को सौंपा।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को सौंपे गए ज्ञापन मं शिक्षकों ने पदोन्नती में शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी उत्तीर्ण करने के दिए गए आदेश को शिक्षकों के लिए प्रतिकूल प्रभाव पड़ना बताकर रोष प्रकट किया। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने के पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने एवं पदोन्नति हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। जिससे उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा, कार्य स्थायित्व एवं गरिमा पर संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में कहा गया कि कोई व्यक्ति, जिसके पास केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा प्राधिकृत किसी शिक्षा प्राधिकारी द्वारा था अधिकथित न्यूनतम अर्हताएं हैं, शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होगा। जहां किसी राज्य में अध्यापक शिक्षा के पाठयक्रम या उसमें प्रशिक्षण प्रदान करने वाली पर्याप्त संस्थाएं नहीं हैं या उपधारा (1) के अधीन यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताएं रखने वाले शिक्षक पर्याप्त संख्या में नहीं हैं। ज्ञापन में पदोन्नती के लिए शिक्षक पात्रका टीईटी उत्तीण अनिवार्य करने के दिए गए गए आदेश के पर हस्तक्षेप कर उसे समाप्त कराये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अंजीव कुमार श्रोत्रीय, मुहम्मद रईस, मुकेश कुमार गोयल, लायक सिंह आदि शामिल रहे। सपा सांसद ने शिक्षकों को उनकी समस्याओं के निवारण को प्रधानमंत्री तक उनका ज्ञापन और उनकी मांगे पहुंचाने का आशवासन दिया।


सम्भल- सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन देते शिक्षक।

## 1847 केन्द्रों पर होगी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत द्वारा पांच अक्टूबर को होने वाली मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा अब प्रदेश के 1847 परीक्षा केंद्रों पर दो नवंबर को सुबह 11 बजे से चार वर्गों में होगी। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा पांच अक्टूबर को सुबह 11 बजे से होनी थी। लेकिन उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 12 अक्टूबर को होने के कारण परीक्षा की तिथि बढ़ा दी गई है। अब मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा दो नवंबर को सुबह 11 बजे से प्रदेश के 1847 परीक्षा केंद्रों पर चार वर्गों में होगी। जिसमें कक्षा 03 से 05 तक के छात्र एवं छात्राएं प्राइमरी वर्ग में जबकि कक्षा 06 से 08 तक के छात्र एवं छात्राएं जूनियर वर्ग में इसके अलावा कक्षा 09 से 12 तक के छात्र एवं छात्राएं सीनियर वर्ग में जबकि स्नातक से स्नाकोत्तर कक्षाओं तक के छात्र एवं छात्राएं सुपर सीनियर वर्ग में शामिल होकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

# गोमाता केवल पशु नहीं देवत्व की मूर्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

- गोशाला की देखभाल व जैविक खेती के बढ़ावे का दिलाया गया संकल्प

**सम्भल।** ग्राम विकास एवं गौसंवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डा. राजेन्द्र प्रसाद ने किया, जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बहजोई विकास खंड के ग्राम धमपुर में आयोजित कार्यक्रम का गौआराधान एवं गोसेवा सत्र प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम में स्वामी कृष्णानंद झा ने गोमाता के आध्यात्मिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौशाला के प्रांगण में गोमाताओं को निहारते हुए भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि गोमाता केवल पशु नहीं, बल्कि देवत्व की मूर्ति हैं। जहाँ गोमाता का वास होता है, वहाँ श्रीकृष्ण स्वयं विराजते हैं। गोसेवा से मन शुद्व होता है, हृदय में करुणा और संतोष का उदय होता है। गोबर और गोमूत्र न केवल औषधीय वरदान हैं, बल्कि भूमि और पर्यावरण को जीवन देने वाले अमृत हैं। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि गोसंवर्धन ही ग्राम समृद्धि का मूल आधार है। इस दौरान ग्राम पंचायत द्वारा गौशाला में चारे, पानी एवं स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी। ग्रामवासियों ने स्वयं श्रमदान कर गोसेवा, सफाई एवं गौशाला विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में निखिल कुमार ग्राम प्रधान, लोकेश सिंह, आदि मौजूद रहे। अंत में, ग्रामीणों ने नियमित रूप से गौशाला की देखभाल, गोसेवा तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।


बबराला-साप्ताहिक बंदी के आदेश का पोल खुलती नगर में खुली दुकानें

### साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुला रहता है बाजार

**बबराला( शाह टाइम्स संवाददाता )।** साप्ताहिक बंदी बेमानी साबित हो रही है। बंदी के दिन बाजार खुला रहता है। इससे दुकानों पर कम करने वाले श्रमिकों को एक दिन भी काम से अवकाश नहीं मिल पाता। उन्होंने बंदी पर अमल की मांग की है।नगर बबराला में साप्ताहिक बंदी गुरुवार को घोषित है लेकिन कुछ गिने चुने ही दुकानदार इसका पालन कर अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हैं बाकी सभी खुले रखते हैं। वहीं नगर गुन्नौर मे शुक्रवार को बंदी दिवस निश्चित है, लेकिन बाजार खुला रहता है। साप्ताहिक बंदी को लेकर आधिकारी भी मूकदर्शक बने हैं। श्रमिक भी छुटटी न मिलने से परेशान हैं और सप्ताह लगातार काम करने को मजबूर हैं। साप्ताहिक बंदी बेअसर साबित हो गयी है। कुछ दुकानदार भी जो बंदी के दिन कहीं जाना या अपना कोई काम निपटाना चाहते हैं वो भी बंदी न रहने से परेशान हैं। नगर के लोगो ने साप्ताहिक बंदी को प्रभावी बनाने की मांग प्रशासनिक अधिकारियों से की है।

# शरद पूर्णिमा पर होती है अमृत वर्षा

- खीर खाने से शरीर के रोग दूर

अनिरूद्व शर्मा

**बबराला।** शरद पूर्णिमा वर्ष के बारह महीनों में यह ऐसी है, जो तन, मन और धन तीनों के लिए सर्वश्रेष्ठ होती है। इस पूर्णिमा को चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है, तो धन की देवी महालक्ष्मी रात को यह देखने के लिए निकलती हैं कि कौन जाग रहा है और वह अपने कर्मनिष्ठ भक्तों को धन-धान्य से भरपूर करती हैं। शरद पूर्णिमा का एक नाम कोजागरी पूर्णिमा भी है। अश्विनी महीने की पूर्णिमा को चंद्रमा अश्विनी नक्षत्र में होता है इसलिए इस महीने का नाम अश्विनी पड़ा है। एक महीने में चंद्रमा जिन 27 नक्षत्रों में भ्रमण करता है, उनमें ये सबसे पहला है और आश्विन नक्षत्र की पूर्णिमा आरोग्य देती है। केवल शरद पूर्णिमा को ही चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से संपूर्ण होता है और पृथ्वी के सबसे ज्यादा निकट भी होता है। चंद्रमा की किरणों से इस पूर्णिमा को अमृत बरसता है।

शरद पूर्णिमा की शीतल चांदनी में रखी खीर खाने से शरीर के सभी रोग दूर होते हैं। ज्येष्ठ, आषाढ़, सावन और भाद्रपद मास में शरीर में पित्त का जो संचय हो जाता है, शरद पूर्णिमा की शीतल धावल चांदनी में रखी खीर खाने से पित्त बाहर निकलता है। लेकिन इस खीर को एक विशेष विधि से बनाया जाता है। पूरी रात चांद की चांदनी में रखने के बाद सुबह खाली पेट यह खीर खाने से सभी रोग दूर होते हैं, शरीर निरोगी होता है। पंडित उमाकांत शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा भी कहते हैं। स्वयं सोलह कला संपूर्ण भगवान श्रीकृष्ण से भी जुड़ी है यह पूर्णिमा। इस रात को अपनी राधा रानी और अन्य सखियों के साथ श्रीकृष्ण महारास रचाते हैं। आदिदेव महादेव और देवी पार्वती के पुत्र कार्तिकेय का जन्म इसी पूर्णिमा को हुआ था। गौर वर्ण, आकर्षक, सुंदर कार्तिकेय की पूजा कुंवारी लड़कियां उनके जैसा पति पाने के लिए करती हैं। शरद पूर्णिमा ऐसे महीने में आती है, जब वर्षा अंतिम समय पर होती है। शरद रितु अपने बाल्यकाल में होती है और हेमंत रितु आरंभ हो चुकी होती है और इसी पूर्णिमा से कार्तिक स्नान प्रारंभ हो जाता है।

## लक्ष्य पूरा करके ही राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचा पाएंगे

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस एवं शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नगर में विभिन्न 5 बस्तियों में पथ संचलन निकाला। दुर्गा कालोनी में नगर खण्ड प्रचारक गगन कुमार ने कहा की मैं एक ऐसे संगठन का कार्यकर्ता हूं जिसने अपने सौ वर्ष पूरे किए हैं यह हर्ष का विषय नहीं हैं यह आत्म चिंतन का विषय हैं जो हमारा लक्ष्य हैं उससे हम अभी कितनी दूर हैं सौ साल का समय काटना हमारा लक्ष्य नहीं हैं। हमारा लक्ष्य हैं डा. केवश राव बलिराम हेगडेवार ने जो काम हमें दिया था कि शहर के अन्दर 3 प्रतिशत और गांव के अन्दर 1 प्रतिशत जिस दिन हमारे संघ विचार के कार्यकर्ता खड़े हो जायेंगे उस दिन हम अपने राष्ट्र को परम् वैभव तक पहुंचा पाएंगे।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र दिनेश कुमार तथा उसकी पत्नी श्रीमति शिवानी गलत संगत में पड़ गए हैं। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार तथा झगड़ा करते रहते हैं। इस कारण इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और इनसे अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये है। अब अपने किसी भी कृत्य के वह दोनो स्वयं उत्तरदायी होंगे। मैं व मेरे परिवार के अन्य सदस्य उत्तरदायी नहीं होंगे।

अमर सिंह पुत्र मोहन लाल
निवासी ग्राम महमूदपुर इम्मा तहसील व जिला सम्भल, हाल नि. दुर्गा नगर कालोनी निकट जीजीआईसी कालेज लाइन पार मुरादाबाद।

# बजरंग दल के कार्यकर्ता शोभित ठाकुर की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई बजरंग दल के कार्यकर्ता शोभित ठाकुर की हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ में दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं फरार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं।बता दे की कटघर थाना क्षेत्र के गुलाब बाड़ी फाटक सूरज नगर के रहने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ता शोभित ठाकुर की 29 सितंबर की देर शाम गोलीमार का हत्या कर दी गई थी।मोहल्ला सूरज नगर निवासी घनश्याम ठाकुर का बेटा शोभित ठाकुर उर्फ भूरा, श्यामो देवी इंटर कालेज में दसवीं का छात्र था। बजरंग दल में उसके पास खंड संयोजक की जिम्मेदारी थी। करीब चार माह पहले शोभित का मोहल्ले के ही अविनाश से इंस्टाग्राम पर की गई टिप्पणी के चलते विवाद हो गया था। कहासुनी





के बाद आसपास के लोगों ने विवाद शांत कर दिया था, मगर तभी से अविनाश रंजिश मानने लगा। तनातनी बढ़ती चली गई।29 सितम्बर की शाम मोहल्ले का ही गौतम कश्यप शोभित के पास पहुंचा और घूमने जाने की बात कहकर दोनों बाइक से निकल गए रास्ते में उन्हें मोहल्ले के ही रोहित व आदित्य मिल गए। चारों बल्देवपुरी बसंतपुरी स्थित एक चाय की दुकान पर खड़े थे, इसी बीच अक्कू शर्मा, रोहित, अविनाश व जतिन उर्फ लाला वहां पहुंच गए। अक्कू ने शोभित से बाइक की चाबी मांगी मना करने पर चाबी छीनकर चार्जर लाने की बात कही और लौटकर वापस आते ही शोभित से वह भिड़ गया था और गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में मृतक के परिवार की तहरीर पर अक्कू शर्मा, रोहित, अविनाश व जतिन उर्फ लाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश में पुलिस टीम जुट गई थी। रविवार तड़के चेकिंग के दौरान पुलिस को बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए,पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग कर दी, पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को मौके से गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए दोनों आरोपियों ने अपने नाम अक्कू शर्मा और जतिन उर्फ लाला निवासी पीतल नगरी बताया। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है।

## मृत बंदर का बजरंगियों ने कराया अंतिम संस्कार



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मोडी हजरतपुर के पास सड़क दुर्घटना में एक बंदर की मौत हो गई सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। बतादे की नगर में बढ़ रही बंदरों की संख्या के चलते अब बंदर आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होकर अपनी जान गवा रहे हैं।

आज भी इसी तरह का मामला मोडी हजरतपुर में सामने आया सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और डॉक्टर त्रिदेव को बुलाकर उपचार कराया लेकिन चिकित्सक ने बंदर को कुछ देर बाद मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद कार्यकर्ताओं ने बंदर का अंतिम संस्कार कराया।

इस मौके पर मोनू बिश्नोई बजरंगी डॉक्टर मोहित पाल पंकज सैनी विनीत सैनी विकी प्रजापति एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट में रसूलपुर की टीम रही विजयी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज एवं दीपक विश्नोई की स्मृति में दो दिवसीय तहसील स्तरीय शूटिंग वॉलीबॉल टूर्नामेंट का खीताब रसूलपुर की बी टीम के नाम रहा। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज एवं दीपक विश्नोई की स्मृति में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में शनिवार को दो दिवसीय शूटिंग वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट में कांठ तहसील क्षेत्र की लगभग 30 टीमों ने प्रतिभाग किया था। रविवार सुबह टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्राम रसूलपुर गुर्जर की बी टीम ने अपने प्रतिद्वंदी को 21-19 से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। समापन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि डॉ अनुज चौधरी (धन्वंतरि अस्पताल) ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अथक परिश्रम किया है। इस टूर्नामेंट में सभी खिलाड़ियों ने खेल को खेल की भावना से खेला है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। अगर शरीर को स्वस्थ रखना है तो खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अतिआवश्यक है। आयोजक कमेटी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार विश्नोई ने किया। इस अवसर पर समस्त पट्टीवाला के लोग उपस्थित रहे।

## हरथला अमन कमेटी ने आयोजित की बड़ी ग्यारहवीं शरीफ की महफिल

**मुरादाबाद।** हिमगिरी कॉलोनी स्थित हरथला अमन कमेटी के संस्थापक फैजान सलमानी के निवास पर 11वीं शरीफ (बड़ी ग्यारहवीं शरीफ) की महफिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मशहूर नात खा और मुफ्ती हजरत ने शिरकत की और गोसे पाक की जिंदगी पर फजीलत बयान की।मुफ्ती सद्दाम नईमी ने अपने वक्तव्य में गोसे पाक की जिंदगी पर अमल करने की हिदायत दी। सैयद हाशिम साहब ने नबी करीम की शान में नाते पाक पढ़कर महफिल को रोशन किया। अकरम वारसी ने अपनी नात पाक से अलग ही माहौल बना दिया।महफिल के दौरान लंगर का भी एहतमाम किया गया। महफिल के बाद मुल्क और मिल्लत के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर फैजान सलमानी, रियासत हुसैन उर्फ चुन्ना, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद रिहान, अब्दुल रहमान, हैदर अली, इदरीस वारसी, हाजी शमसुद्दीन, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद वसीम, हाजी मुख्तयार आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पट्टीवाला में पथ संचलन निकालकर दिया देशभक्ति का संदेश

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रविवार को श्री गुरु जंभेश्वर बस्ती एवं महाराणा प्रताप बस्ती के कार्यकर्ता एवं स्वयं सेवकों द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष को हर्षोल्लास के साथ पथ संचालन के रूप में मनाया। बताया कि 27 सितंबर 1925 से प्रारंभ होकर आज संघ 100 वर्ष की यात्रा पूर्ण करते हुए शताब्दी वर्ष को प्रत्येक बस्ती एवं मंडल स्तर पर मना रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा हिंदू संगठन है। कार्यक्रम के अध्यक्ष मदन पाल सिंह जी सेवानिवृत सीमा सुरक्षा बल, मुख्य वक्ता अमित जी (विभाग गौ सेवा संयोजक मुरादाबाद विभाग) ने पवित्र भगवा ध्वज को प्रणाम कर डॉ केशव राव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा रोपे गए इस बीज को बट वृक्ष बनने में जो 100 वर्षों की यात्रा एवं संघ द्वारा समाज के बीच किए गए निरंतर कार्यों पर प्रकाश डाला, इसके साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के प्रयास की जानकारी दी। बताया कि संघ के प्रति समाज की



स्वीकार्यता एवं प्रतिभागिता दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है।

उद्बोधन के उपरांत सैनी धर्मशाला पट्टीवाला कांठ से पथ संचलन प्रारंभ होते हुए नेता उपदेश जी का चौराहा, लाल नियादर जी का चौराहा, वैश्य बिश्नोई शिव मंदिर, बिश्नोई मंदिर, कुमार फिलिंग स्टेशन, श्री रामलीला मंदिर, रविदास मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर, गुरु जंभेश्वर धर्मशाला होते हुए पुन: सैनी धर्मशाला पर संपन्न होने तक कार्यकर्ताओं ने बड़े ही अनुशासित ढंग से नगर में घोष के साथ पथ संचलन निकाला पथ संचलन के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर सर्वसमाज द्वारा पुष्प वर्षा की गई। दोनों बस्तियों के कार्यक्रम प्रमुख माव विजेंद्र विशनोई एवं काठौर सिंह(नगर व्यवस्था प्रमुख), सूर्य प्रताप(नगर कार्यवाह),हिमांशु विश्नोई(नगर सहकार्यवाह), हर्ष कुमार(नगर शारी. रिक प्रमुख), शिवम कुमार, संचित अग्रवाल, वंश कुमार, प्रशांत कुमार, लक्ष्य विश्नोई, विशाल कुमार, पारुल चौहान, देव कुमार, मुनिराज सिंह, परिक्षित राजपूत, अजय कुमार वर्मा, शगुन कुमार(घोष प्रमुख), सुयश विश्नोई, काव्य चौहान, वीर सिंह, चमन कुमार, राजपाल प्रजापति, आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## हिन्दी साहित्य संगम ने आयोजित की काव्य-गोष्ठी



**मुरादाबाद।** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम के तत्वावधान में काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मिलन विहार स्थित संस्था के अध्यक्ष रामदत्त द्विवेदी के आवास पर किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत राजीव प्रखर द्वारा प्रस्तुत मां शारदे की वंदना से हुई। संस्था के अध्यक्ष रामदत्त द्विवेदी ने अध्यक्षता की, जबकि ओंकार सिंह ओंकार मुख्य अतिथि और डॉ. चिरोचीलाल चंचल विशिष्ट अतिथि थे।कार्यक्रम में कवियों ने अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति दी। जितेन्द्र कुमार जौली ने बाल कविता सुनाई, जिसमें उन्होंने कहा कि सदा सभी से मीठा बोलना चाहिए और झगड़ा करना गंदी बात है। योगेन्द्र वर्मा श्व्योमश ने सुनाया कि त्यागकर स्वार्थ का छल भरा आवरण, तू दिखा तो सही प्यार का आचरण।डॉ. चिरंजीलाल चंचल ने अपनी कविता में कहा कि हर बात मान लूँगा, फक्त इसको छोड़ के। राजीव प्रखर ने सुनाया कि पायल की छम-छम से गुपचुप, चूड़ी की खन-खन यह बोली। नकुल त्यागी ने सुनाया कि उफनती नदी हूँ बाढ़ बढ़ चली है।

ओंकार सिंह ओंकार ने सुनाया कि लगा-लगाकर पेड़, धरा शृंगार करेंगे।कार्यक्रम का समापन संस्था के कार्यकारी महासचिव राजीव प्रखर द्वारा आभार अभिव्यक्ति के साथ हुआ। इस अवसर पर कवियों और साहित्य प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में रहीस मलिक को बनाया सैनिक प्रकोष्ठ का विधानसभा अध्यक्ष

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** समाज वादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ की एक वैठक विधानसभा क्षेत्र कांठ के अकबरपुर ग्राम में की गई। ग्राम के भूतपूर्व सैनिक रहीस मलिक को समा. जवादी पार्टी का सैनिक प्रकोष्ठ का कांठ विधानसभा का विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। तथा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष द्वारा मनोनयन पत्र सौंपा गया। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा संचालन समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने किया। मीटिंग में जिला म हासचिव फुरकान अली ने बोलते हुए कहा कि आप अपने बी एल ए के साथ जाकर अपना लिस्ट में नाम देख लें। तथा



2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करें। विधानसभा अध्यक्ष नाजिम सैफी ने कहा कि 2027 में विधायक कमाल अख्तर को जिताकर मंत्री बनाने का काम करें। अरशद फुरकान ने सभी से आनेवाले पंचायत चुनाव में जुट जानें के लिए कहा। इस अवसर पर पवन चौधरी जिला उपाध्यक्ष, दिव्यांशु सागर, आनन्द यादव,मनोज चौधरी, भूरा, अंजार,नफीश शाका, रहीसुद्दीन एडवोकेट, अशोक चौधरी,रासिद नेता, बृजपाल सिंह, सलीम खान, दानिश चौधरी, वदरूदीन ,आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर महारैली की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच की मंडलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता को संभाला मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने और संचालन जिला महामंत्री हेमन्त चौधरी और जिला संगठन मंत्री निश्चल भटनागर ने किया।प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है और संगठन इसके लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली में देश के लाखों शिक्षक और कर्मचारी लामबंद होकर प्रतिभाग करेंगे।महारैली में पुरानी पेंशन बहाली



की मांग के साथ टीईटी अनिवार्यता और निजीकरण का विरोध किया जाएगा। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार और मंडल मंत्री शिव शंकर यादव ने सभी से महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया।चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा और राजकीय नर्स की जिलाध्यक्ष पूनम मेंसी ने अटेवा के आगामी कार्यक्रमों को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।बैठक अलावा संभल, बिजनौर और अमरोहा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने महारैली को सफल बनाने का संकल्प लिया और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एकजुट होने का आह्वान किया।

## एक नजर

### हबीब मियां के उर्स का समापन, जिलेभर से पहुंचे जायरीनों ने मांगी अमन-चैन की दुआ



**मूंढापांडे।** गांव चमरौआ में हबीब मियां की दरगाह शरीफ पर आयोजित चार दिवसीय सालाना उर्स का समापन रविवार सुबह श्कुल की दुआश के साथ हुआ,इस दौरान जिले भर से आए जायरीनों ने अमन, चौन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं,उर्स के अवसर पर दरगाह शरीफ को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, शनिवार - रविवार की रात कव्वालियों का आयोजन किया गया, जिसमें मूंढापांडे के सड़कड़ा खास के कव्वालों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं, देर रात तक चली इन कव्वालियों ने जायरीनों को मंत्रमुग्ध कर दिया,इस चार दिवसीय उर्स में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। दरगाह पर हाजिरी देने पहुंचे जायरीनों ने देश की तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए भी दुआएं की, जायरीन इलयास ने बताया हबीब मियां की दरगाह पर आकर दिल को सुकून मिलता है।

यहां हर साल उर्स में शामिल होकर हम अमन-ओ-चौन और खुशहाली की दुआ करते हैं,इस दौरान दूल्हा लंबरदार, फुरकान मियां, यूनुस अली,नियामत अली, मोहम्मद हसन,जामिर मियां, अनवर मियां, नबावजान,जकि लंबरदार,बाबू अली अनीस चौधरी, कासिम अली, मौहम्मद रजा, जाकिर अल्वी एहसान अली शाहिद रब्बानी शहादत अली पत्रकारआदि मौजूद रहे।

### गढ़ी और सलेमपुर में पुलिस ने लगाई जागरूकता की पाठशाला



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत पुलिस द्वारा किए जा रहे महिलाओं को जागरूक करने के क्रम में आज पुलिस ने सलेमपुर और गढ़ी गांव में महिलाओं की पाठशाला लगाई। जिसमें साइबर क्राइम विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन सुकन्या समृद्धि योजना आवास योजना सामूहिक विवाह योजना कन्या सुमंगला योजना मातृ वंदना योजना आदि के बारे में जागरूक करने का काम किया गया। बताया गया कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सरकार द्वारा 1090- 181- 112- 102 -108- 1076- 1930 आदि नंबर जारी किए गए हैं जिनपर फोन करके महिलाएं सहायता प्राप्त कर सकती है। इस दौरान महिलाओं को पंपलेट देकर भी जागरूक किया गया।

### कुत्तों की संख्या में हो रहा इजाफा बना लोगों की जान का दुश्मन



**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर में बढ़ रही कुत्तों की संख्या लोगों की जान के लिए खतरा बनी हुई है लेकिन जिम्मेदारों का इस और कोई ध्यान नहीं है।बतादे की नगर में इस समय कुत्तों की संख्या काफी बढ़ चुकी है दर्जन- दर्जन भर की संख्या में कुत्ते झुंड बनाकर अलग-अलग गली मोहल्ले में अपना आतंक फैलाए हुए हैं। अकेला आदमी या बच्चा मिलने पर इन कुत्तों द्वारा उस पर हमला कर दिया जाता है नगर में काफी संख्या में लोग कुत्तों का शिकार हो चुके हैं सरकारी अस्पताल से मिले आंकड़ों के मुताबिक रोजाना कई लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पताल पहुंचते हैं लेकिन शासन के आदेश के बाद भी कुत्तों को पकड़ने या शहर से बाहर छुड़वाने के लिए कोई प्रक्रिया अमल में नहीं लाई जा रही है। जिससे लोगों में कुत्तों को लेकर काफी घबराहट है आज भी दर्जन भर कुत्तों का झुंड बेखौफ नगर में घूमता हुआ मिला, कुत्ते तो सड़क से नहीं बचे लेकिन लोग जरूर उनसे बच बच कर निकलते नजर आए नगर के लोगों ने इन आवारा कुत्तों को पकड़वाकर नगर से बाहर छुड़वाए जाने की मांग उठाई है।

### दो लाख रुपये की मांग को लेकर महिला का उत्पीड़न पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दो लाख रुपये की मांग को लेकर ससुराल वालों ने महिला का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया इस चक्कर में महिला का ढाई महीने का गर्भपात भी हो गया पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मौडापट्टी निवासी मिताली पुत्री जयपाल की शादी हरिद्वार ब्रह्मपुरी महदूद थाना सिडकुल निवासी रविंद्र के साथ पिछले साल हुई थी जिसमें उसके माता-पिता ने लाखों रुपए का दान दहेज दिया कुछ समय तक तो ठीक रहा लेकिन उसके बाद पति जेठ सास आदि ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया बुखार आने पर उसका इलाज नहीं कराया और गलत दवाई खिलाकर उसके ढाई माह का गर्भपात भी करा दिया।

पीड़िता का आरोप है की बड़ी बहन राखी ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जिससे उसकी जान बची उसके स्वास्थ्य में सुधार आया तो उसके साथ शारीरिक उत्पीड़न शुरू हो गया और दो लाख की मांग की जाने लगी पिछले महीने जेठ आदि ने उसे कमरे में बंद करके बुरी तरह से पीटा उसने अपने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी तो उसके साथ फिर मारपीट की गई और 2 अक्टूबर को उसे घर से निकाल दिया पीड़िता मुश्किल से अपने घर पहुंची और थाने जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### श्रीराम के राजतिलक के साथ किया गया, रामलीला मंचन का समापन



**सुरजननगर।** सुरजननगर के झण्डा चौक के शिव मंदिर पर चल रही रामलीला मंचन कार्यक्रम का समापन भरत मिलाप और भगवान श्रीराम के राज. तिलक के साथ किया गया। अंतिम दिन की लीला में भगवान राम के लंका विजय के उपरांत अयोध्या लौटने की कथा का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम में दर्शाया गया कि रामचंद्र जी, लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद हनुमान जी को भरत लाल के पास भेजते हैं ताकि वह उनके शीघ्र आगमन का संदेश दे सकें। 14 वर्षों बाद भगवान श्रीराम के आगमन पर अयोध्या में आनंद उत्सव का माहौल छा जाता है। कलाकारों ने लीला को इतने भावनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया कि उपस्थित लोग भाव-विभोर हो उठे। रामराज्य की स्थापना और भगवान श्रीराम के राजतिलक की झांकी ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। आयोजकों ने कलाकारों और दर्शकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम में रामलीला कमेठी अध्यक्ष विरेन्द्र पधान, ग्राम प्रधान वीर सिंहसुनील कुमार, रामस्वरूप सिंह,मा0 रोशन सिंह,नृपेंद्र भारती, अजय कुमार ,कैलाश सिंह,राजवीर सिंह,सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# संघ स्थापना शताब्दी वर्ष पर चन्दौसी में विभिन्न बस्तियों में हुआ पथ संचलन

**चन्दौसी।** संघ स्थापना एवं शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर की दयानन्द बस्ती, हनुमान बस्ती, माधव बस्ती, सुभाषचंद्र बोस आदि बस्तियो में बौद्धिक उपरांत पथसंचलन का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने संघ की 100 वर्ष की संघर्ष पूर्ण गाथा के बारे में बताया कि सन् 1925 की विजयादशमी के दिन डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की, जब भारत स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत था। डॉ. हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। बचपन से ही उनमें राष्ट्रीयता की चिंगारी प्रकट थी। वे कोलकाता में मेडिकल की पढ़ाई के दौरान अनुशीलन समिति से जुड़े स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी के साथ उन्होंने अनुभव किया कि यदि समाज संगठित नहीं होगा तो स्वाधीनता प्राप्त तो होगी पर स्वतंत्रता अधूरी रहेगी। इसी पवित्र उद्देश्य से उन्होंने संघ का बीजारोपण किया। माधव बस्ती में रौनक ने अपने बौद्धिक में बताया संघ अपनी शताब्दी कार्य की यात्रा में पंच-परिवर्तन के माध्यम से समाज जागरण की दिशा तय कर रहा है-सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वआधारित स्वदेशी जीवन और



नागरिक कर्तव्यबोध अनुशासन लो. कमानस में स्थाई व्याप्त हो। यह केवल वार्षिक कार्यक्रम मात्र नहीं, बल्कि भविष्य के भारत के प्रति स्पस्ट दिशा एवं मार्गदर्शन है। हनुमान बस्ती में विभाग कार्यवाह छत्रपाल ने अपने बौद्धिक में कहा कि संघ का विश्वास है कि इस देश की मूल चौतन्य एवं दर्शन समन्वय में है, संघर्ष में नहीं। 'मानव के रूप में मुस्लिम और हिंदू अलग नहीं, केवल पूजा की विधि अलग है।' भारत का डीएनए 40,000 वर्षों से सभी का एक ही है। जाति-पाँति, वाद-विवाद और किसी भी प्रकार का भेदभाव देश की प्रगति में बाधक है। मंदिर, पानी और श्मशान, तीनों में भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। समाज की दुर्बलता दूर करने के लिए सामाजिक उन्नति का दृष्टिकोण संवेदनशील होना चाहिए। सुभाष चन्द्र बोस बस्ती में भूदेव शर्मा ने अपने बौद्धिक में कहा कि संघ मानता है कि उपभोक्तावाद और भौतिकवाद की अंधी दौड़ से सात सामाजिक पाप जन्म लेते हैं, जैसा कि महात्मा गांधी ने कहा था। भारत धर्मप्राण राष्ट्र है और उसका वैश्विक दायित्व धर्म-संतुलन और शांति का मार्गदर्शन करना है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को संघ विकास की कुंजी मानता है। शिक्षा और परिवार, संघ गुरुकुल परंपरा, भारतीय भाषाओं और संस्कृत को भारत की शिक्षा का मूल मानता है। परिवार प्रबोधन पर विशेष बल देते हुए वह कहता है कि सप्ताह में एक बार परिवार का सामूहिक भोजन, संवाद और संस्कार होना चाहिए। बच्चों को भारत का गौरवशाली अतीत, सतत संघर्ष का कालखण्ड और समाज की आत्मशातीकरण की पाचन शक्ति से युक्त वास्तविकता दिखाना आवश्यक है। दयानंद बस्ती में दयालु शरण ने अपने बौद्धिक में कहा कि संघ संविधान, सुरक्षा और जनसंख्या संविधान का पालन सभी के लिये समान अनिवार्य है। नियम, कानून, कर्तव्य और अधिकार सभी के समान होने चाहिए। जनसंख्या असंतुलन और घुसपैठ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती हैं, जिन पर संघ अपना स्पस्ट, सजग दृष्टिकोण एवं मत रखता है। स्वयं उसका ईमानदारी से पालन करता है। सभी पालन करें इसके लिये वातावरण निर्मिति हेतु कार्यरत है। संघ ने स्वतंत्रता-पूर्व से लेकर आज तक तीव्र विरोध झेला है। परंतु सत्य, धैर्य और अनुशासन के आधार पर वह आगे बढ़ा। 1948 में जिन जयप्रकाश नारायण ने संघ का कार्यालय जलाना चाहा, आपातकाल में निकट से देखने के बाद वही संघ के प्रशंसक बने। संघ की प्रार्थना का अंतिम वाक्य है 'भारत माता की जय' और यही संघ का जीवन-मंत्र है। कार्यक्रम में संजय, अजय, मनमो. हन, देवेंद्र, हरिओम, अजय जैन, पवन, राजवीर, अनिल, विवेक, आशीस, हरज्ञान, सुखलेश, अभिनव, नंदकिशोर एवं छात्रपाल आदि स्वंयसेवकों का विशेष योगदान रहा, नगर कार्यवाह उदय तिवारी ने बताया कि नगर में 672 स्वंयसेवकों ने पूर्ण गणवेष में पथसंचलन में सहभागिता की।

# श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व निकली कलश यात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव असल. `मपुर के निकट स्थित धनेरिया मंदिर से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। धार्मिक नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। धनेरिया मंदिर पर भारी संख्या में महिलाएं एकत्र हुईं।

कथावाचक पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर पवित्र जल से भरे कलश रखकर मां भगवती के जयकारे लगाती नंगे पैर आगे बढ़ रही थीं। वहीं युवा भजनों की धुनों पर थिरकते नजर आए कलश यात्रा जैसे ही गांव असल. `मपुर पहुंची, वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा गोपीवाला स्थित प्राचीन चामुंडा



शिव मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधानपूर्वक 51 कलश स्थापित किए गए। कथावाचक पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि "जहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता है, वहां के धर्मानुयायियों के परिवार पर कोई विपत्ति नहीं आती। सात दिनों तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक कथा का आयोजन होगा। सभी श्रद्धालु अपने बच्चों सहित कथा सुनने अवश्य आएं, ताकि बच्चों में भी धार्मिक आस्था और ज्ञान की जिज्ञासा बढ़ सके।" कार्यक्रम में पंडित अनिल शर्मा, अनुज चौहान, शोभित शर्मा, हरकेश सिंह, धर्मेंद्र चौहान, दीपू शर्मा, निशा रानी, आशा देवी, मनोज वाला, शशि देवी, ममता देवी, बबीता रानी, प्रेमलता, पुष्पा देवी, मीनू देवी, दिक्षा देवी, प्रेमवती, कमला देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रामचरितमानस 'लंकाकांड ज्ञान प्रतियोगिता' में 156 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति चन्दौसी द्वारा श्रीराम चरितमानस की 'लंकाकाण्ड ज्ञान प्रतियोगिता' रविववार को सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी पर आयोजित की गई जिसमें नगर क्षेत्र के अनेक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में चंदौसी इंटर कॉलेज, रेलवे मिश्रित जूनियर हाई स्कूल, बाबूराम सरस्वती इंटर कॉलेज, लाल गणेशीलाल हायर सेकेंडरी स्कूल, नवोदय विद्या मंदिर, ए.एम. वर्ल्ड स्कूल, लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर, चंदौसी बाल विद्या मंदिर, एफ.आर. इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, हनुमानगढ़ी, ओपीजीएम स्कूल, बीएमजी इंटर कॉलेज, सिल्वरस्टोन पब्लिक स्कूल, न्यू सत्यम् एकेडमी तथा एसएम इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ. डी. के. अग्निहोत्री, विपिन कुमार बालाजी, के.जी. गुप्ता, चौधरी जगदीशचंद्र, हरीश कठेरिया, डा. जयशंकर दुबे आदि का सहयोग रहा।

# वामा सारथी ने किया पुलिस लाइन में वेलनेस कैम्प का आयोजन, 445 कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रविवार को वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली एसोसिएशन की ओर से वामा वैलनेस कैम्प (स्वास्थ्य परीक्षण शिविर) का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन्स में किया गया। यह कार्यक्रम जनपदीय वामा सारथी अध्यक्ष रक्षा मान अंतिल (पत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल) के निर्देशन और पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस शिविर में पुलिस लाइन के अतिरिक्त जनपद की 9वीं, 23वीं और 24वीं पीएसी, पुलिस अकादमी, पीटीसी, पीटीएस, जीआरपी, आरटीसी पुलिस लाइन सहित पुलिस पेंशनर्स एवं पुलिस परिवारों के सदस्यों ने भाग लिया। डॉक्टर लाल पैथ लैब के डॉ. बिजेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम द्वारा सभी उपस्थित पुलिस कर्मियों व उनके परि. जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।कुल 445 पुलिस कर्मियों का



सस्ती दरों पर विभिन्न प्रकार की चिकित्सकीय जांचें की गईं, जिनमें शुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम, यूरिक एसिड, लिपिड प्रोफाइल, टीएलसी, डीएलसी आदि प्रमुख थीं।कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ए.के. सिंह (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. शम्स अनवर खान (जनरल सर्जन), डॉ. शोभित (ऑर्थो सर्जन), डॉ. हिमांशु शुक्ला (होम्योपैथिक) और डॉ. नसीम अहमद (फिजिशियन, कॉसमॉस हॉस्पिटल) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सभी चिकित्सकों ने उपस्थित पुलिस कर्मियों व उनके परिवारजनों को विभिन्न बीमारियों की पहचान, बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और वामा सारथी टीम के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य से ही उनकी कार्यकुशलता और मनोबल मजबूत होता है। ऐसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं बल्कि परिवारों को भी स्वस्थ रहने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम के अंत में रक्षा मान अंतिल ने सभी चिकित्सकों, अधिकारियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वामा सारथी पुलिस परिवारों के सामाजिक व स्वास्थ्य हित के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा, ताकि प्रत्येक पुलिसकर्मी और उनके परिवारजन स्वस्थ, जागरूक और सुरक्षित रहें।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद गंगवार, क्षेत्राधिकारी हाईवे राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**एक नजर**

## घायल को अस्पताल पहुंचाकर बजरंगी ने बचा ली जान



**कांठ (शाह टाइम्स)** देहरादून से अपने घर जा रहा बाइक सवार सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराकर घायल हो गया जिसको उठाकर बजरंगी ने अस्पताल पहुंचा दिया और उसकी जान बच गई। बताया गया कि एक व्यक्ति तहसील के सामने घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा था तभी उधर से मोनू बिश्नोई बजरंगी गुजरा उसने घायल व्यक्ति को उठा लिया घायल ने अपना नाम गुड्डू उर्फ महबूब पुत्र याकूब अली निवासी पच्चासा कस्बा व थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर बताया मोनू ने घायल को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाकर भर्ती कर दिया और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई अस्पताल में उसका इलाज शुरू हो गया पुलिस ने घायल से घर का मोबाइल नंबर लेकर उसकी पत्नी रुखसार को सूचना दी घायल ने बताया कि वह देहरादून से अपने घर तिलहर जा रहा था नींद की झपकी लगने के कारण सड़क के चौड़ीकरण में लगे खड़े हुए ट्रैक्टर से वह टकरा गया जिससे वह घायल हुआ इधर सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था उधर जानकारी मिलते ही परिजन वहां से कांठ के लिए रवाना हो गए और समय से कांठ पहुंचकर घायल को अपने साथ ले गए इस तरह से बजरंगी की सक्रियता और मानवता के चलते एक व्यक्ति की जान बच गई। परिवार के लोगों ने मोनू विश्नोई बजरंगी का आभार व्यक्त किया

# कुढ़फतेहगढ़ में संघ स्थापना शताब्दी वर्ष पर भव्य पथ संचलन आयोजित, 168 स्वयंसेवक हुए शामिल

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बनियाखेडा खण्ड के कुढफतेहगढ़ मण्डल में पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसको बौद्धिक कर्ता के रूप में जिला कार्यवाह अशोक, कार्यक्रम अध्यक्ष रामसिंह, खंड संघ चालक डॉ सपन ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतिथियों ने शस्त्र पूजन भी किया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता अशोक ने संघ की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन को लेकर गांव-गांव देश, धर्म और संस्कृति की अलख जगा रहा हैं। संघ की शाखा में व्यक्ति निर्माण से देश संस्कृति की रक्षा काम निरन्तर जारी है तथा राष्ट्र प्रथम जीवन का मूल्य मंत्र रहा है। एक मात्र हमारा देश भारत है जो देश को भी माता मानता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में सेवकों के मन में राष्ट्र सेवा की भावना जगा दी। इसके पश्चात् सेवकों ने पथ संचलन में भाग लिया जो पूरे गांव बेरनी में निकाला गया। पंथ संचलन में 168 से भी अधिक पूर्ण गणवेश में शामिल रहे। पथ संचलन पूर्ण अनुशासनात्मक तरीके से घोष के साथ संचलित हुआ। कार्यक्रम में खण्ड कार्यवाह थान सिंह, खंड सेवा प्रमुख नीरज, सह व्यवस्था प्रमुख सत्य प्रकाश, मंडल कार्यवाह





मेघेश, आयुष, रामवीर, सोमपाल, कुलदीप, अमित, वेदप्रकाश, प्रदीप, अभिषेक, विजेंद्र, भोजराज, लिंकन, विशाल आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सुभासपा की मासिक बैठक संपन्न, मृतक कमल चौहान को न्याय दिलाने की मांग तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की मासिक बैठक जिला कार्यालय मानसरा. `वर कॉलोनी दिल्ली रोड पर जिलाध्यक्ष रवि चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को सशक्त करने और मृतक महानगर महामंत्री कमल चौहान को न्याय दिलाने पर जोर दिया गया।बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि अब तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होना बेहद निंदनीय है। यदि 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी नहीं होती है, तो मृतक की पत्नी ममता चौहान और परिवारजन कटघर थाना गेट पर आमरण अनशन करेंगे। उन्होंने प्रशासन को चेता. वनी दी कि जल्द कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक का संचालन संगठन मंत्री अमित चौधरी ने किया, जबकि अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष दानिश कुरैशी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष रवि चौधरी और जिला उपाध्यक्ष आशु सिक्का



मौजूद रहे।संगठन मंत्री अमित चौधरी ने कहा कि सुभासपा मुरादाबाद संगठनात्मक रूप से मजबूत हो रहा है और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तैयारी में है। उन्होंने कहा कि पार्टी किसी भी कर्मठ कार्यकर्ता को प्रत्याशी बना सकती है और सभी कार्यकर्ताओं को जनता से जुड़ने का आह्वान किया। बैठक में कई नए कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनमें बेबी तरन्नुम, विजय राणा, सत्यप्रकाश वर्मा, अतुल सोनी, मयंक वर्मा, मनोज वर्मा, प्रमोद वर्मा, अनिल वर्मा और पवन वर्मा शामिल रहे। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष रवि चौधरी, महानगर अध्यक्ष दानिश कुरैशी, उपाध्यक्ष आशु सिक्का,संगठन मंत्री अमित चौधरी,महासचिव गौरव कुमार, सचिव अशोक सैनी, सलाहकार मंत्री सतीश ढल, कार्यालय प्रभारी प्रशांत सिंह समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामलीला के मंच पर बार बालाओं के ठुमके, हंगामा व मारपीट



**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के ग्राम टांडा अफजल मे रामलीला के मंच पर बार बालाओं द्वारा अश्लील डांस किए जाने का मामला सामने आया है,इतना ही नही बार बालाओं के अश्लील डांस के दौरान हंगामा इतना बढ़ गया कि इस दौरान युवकों ने आपा खो दिया और आपस मे ही लड़ बैठे और रामलीला कमेटी के सदस्य के साथ मारपीट कर डाली,जिसके बाद रामलीला कमेटी ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर हंगामा करने वाले युवकों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। रामलीला के मंच पर अश्लीलता एक तरफ जहां रामलीला के मंच पर बार बालाओं के अश्लील डांस से गांव का माहौल खघ्राब हो रहा है तो वहीं धार्मिक मंच पर हो रहे अश्लील डांस को लेकर क्षेत्रीय लोग रामलीला कमेटी पर भी उंगली उठा रहे हैं,वहीं रामलीला के मंच पर रामलीला के मंच पर बार बालाओं द्वारा परोसी जा रही अश्लीलता से स्थानीय सुरजन नगर चौकी प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि बीती रात जिस समय रामलीला का शुभारंभ हुआ था,उसके बाद किसी बात को लेकर ग्रामीण आपस मे भीड़ गए थे,रामलीला के मंच पर बार बालाओं के डांस की कोई जानकारी नहीं है इसकी जांच की जाएगी।

# शिक्षक दें गंभीरता का परिचय...

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्थानांतरण सूची को लेकर गंभीर

**चन्दौसी।** शिक्षकों को ज्वाइनिंग मिलने के उपरांत वे जहां सरकार द्वारा अशासकीय विद्यालयों में नियुक्त हुए, वहीं अपने विषय के अनुसार शिक्षण कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। सरकार विद्यालयों में शिक्षण कार्य का वेतन भी दे रही है, लेकिन माध्यमिक शिक्षण नियमावली के अनुसार एक निश्चित अवधि के उपरांत शिक्षक अपने विषय की आवश्यकता वाले विद्यालय में स्थानांतरण कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के लिए शिक्षक को दोनों कॉलेजों से एनओसी प्राप्त करनी होती है जिसमें वर्तमान में कार्यरत विद्यालय और जिस विद्यालय जा रहे हैं। जानकारों के अनुसार, एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया में भारी खर्चा और गुप्त लेनदेन होता है। प्रदेश में करीब 1700 शिक्षक हैं और कुछ चहेते दलाल सेक्टर बनाकर 200-250 शिक्षकों के लिए एनओसी दिलवाते हैं। इसके लिए हर शिक्षक से 6 से 7 लाख रुपये तक का खर्चा किया जाता है। शिक्षक अपनी स्थानांतरण सूची न आने के भय से चुप रहते हैं, लेकिन इस प्रणाली में भ्रष्टाचार की वेदना और असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विशेषज्ञों ने बताया कि लखनऊ में कुछ दलालों ने इस प्रक्रिया में अरबों रुपये का खेल खेल रखा है। इसके मद्देनजर प्रदेश स्तर पर उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांच की आवश्यकता है। ऑनलाइन स्थानांतरण में भ्रष्टाचार की संभावना अधिक है, लेकिन ऑफलाइन प्रक्रिया में भी फाइलें सात स्थानों पर हस्ताक्षर होकर जाने के कारण लेन-देन का बड़ा अवसर रहता है।

मामला चाहे किसी भी प्रकार का हो, ऑफलाइन स्थानांतरण हो या अन्य व्यवस्था, अब करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार की गंध सामने आने लगी है। शिक्षकों और अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रशासन की तत्परता और पारदर्शी प्रक्रिया बेहद आवश्यक है।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचना मुझे घर में **महिनूर सैफी** के नाम से बुलाया जाता है, जबकि मेरे आधार कार्ड और शैक्षिक प्रमाणपत्रों में नाम **माहिनूर** दर्ज है। भविष्य में मुझे **माहिनूर** नाम से ही जाना जाए।

**माहिनूर पुत्री मोहम्मद आरिफ,** कुरेशियान, बहजोई, संभल।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी की झोली में एकेडमिक एक्सीलेंस एंड मेंटरशिप अवॉर्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीएमयू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के रेडियोडाग्नोसिस विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी की झोली में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। प्रो. रस्तोगी को एकेडमिक एक्सीलेंस एंड मेंटरशिप अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित एशिया एक्सीलेंस अवार्ड सम्मान-2025 समारोह में यह पुरस्कार दिया गया। पूर्व सांसद एवम् बॉलीवुड आइकन श्रीमती जया प्रदा ने प्रो. रस्तोगी को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. रस्तोगी की सुपुत्री सुश्री निखिता रस्तोगी भी मौजूद रहीं। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. रस्तोगी की दूरदर्शी सलाह, शैक्षणिक विकास के प्रति समर्पण और भविष्य के शिक्षा मागदर्शकों पर परिवर्तनकारी प्रभाव में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। दूसरी ओर तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एवम् रिसर्च सेंटर के एनेस्थीसिया विभाग की ओर से न्यूरोक्रिटिकल केयर सोसाइटी ऑफ इंडिया- एनसीएसआई और इंडियन सोसाइटी ऑफ




न्यूरोएनेस्थिसियोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर- आईएसएनएसीसी के तत्वावधान में आयोजित एक्यूट न्यूरो केयर-2025 में भी प्रो. राजुल ने एक्यूट नॉन-ट्रॉमेटिक ब्रेन इमर्जेंसीज में रेडियोलॉजी पर व्याख्यान दिया। उन्होंने एक्यूट इमर्जेंसी में यूएसजी- ईफास्ट, न्यूमोथोरैक्स, ईसीएचओ, एयरवे इमेजिंग आदि पर मास्टर वर्कशॉप आयोजन के संग-संग पोस्ट-ग्रेजुएट रेजिडेंट्स की ओर से साइंटिफिक पेपर प्रजेंटेशन प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भी निभाई। उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी उज्बेकिस्तान के समर. कंद मेंआयोजित उज्बेकिस्तान रेडियोलॉजी सोसाइटी-2025 सम्मेलन में एक अंतर्राष्ट्रीय फैकल्टी और आमंत्रित वक्ता के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 10 से अधिक देशों के वक्ताओं और प्रतिनिधियों के साथ मंच साझा कर चुके हैं।

## दंपति के विरुद्ध मारपीट के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** विजयपुर गांव के टिंकू ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि मोहल्ले के दिनेश व उसकी पत्नी वीना आए दिन उन्हें वह उनकी पत्नी को गालियां देते रहते हैं। 3 अगस्त को शाम 7 बजे दिनेश व उसकी पत्नी ने उसकी पत्नी को बिना बात के गाली-गलौज कीष गाली देने से मना किया तो उन्हें बुरी तरह से मारा पीटा। जिससे उनके चोटें आई,बाद में जान से मारने की धमकी भी दी,तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## स्वयं सेवकों ने नगर में किया पंथ संचालन, कई जगह कार्यक्रम आयोजित



**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के परिपेक्ष में रविवार को नगर में दयानंद बस्ती एवं अंबेडकर बस्ती तथा माधव बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किए गए, दयानंद बस्ती का कार्यक्रम लाला हरिराम वाली गली मैं गणेश हॉल में स्वयंसेवकों को आरएसएस के नगर व्यवस्था प्रमुख मुदित अग्रवाल के संबोधन से प्रारंभ हुआ उन्होंने स्वयंसेवक को देश के प्रसिद्ध देश के प्रसिद्ध राष्ट्रभक्ति तथा हिंदू समाज में एकता के साथ रहने का आह्वान किया इसके पश्चात स्वयंसेवकों का पथ संचलन कार्यक्रम बाजार गंज, मीना बाजार मोहल्ला बंजारन मोहल्ला जोशियां शगुन चौराहा, होता हुआ बाजारगंज में संपन्न हुआ दूसरा कार्यक्रम अंबेडकर बस्ती में नगर बौद्धिक प्रमुख सुनील कुमार मिश्रा स्वयंसेवक को संबोधित करते हुए कहा कि तृतीय स्वयंसेवक को अपने हिंदू धर्म के प्रति सचेत रहना चाहिए क्योंकि बिधर्मी शक्तियां लालच देकर हमारे हिंदू धर्म में तोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि हमें संघ की शाखा में अवश्य ही जाना चाहिए संघ की शाखा में देश के प्रति समर्पण एवं त्याग की भावना का भाव जागृत किया जाता है । इन कार्यक्रमों में नगर संचालक सुनील पुठिया , ब्लाक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी, लाखन ओम कुमार एडवोकेट , मुकुल वाल्मीकि दीपक वाल्मीकि अजय यादव रिंकू वाल्मीकि प्रदीप कुमार पाल आदि स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।



# भारत ने पाक को दिया 248 का लक्ष्य

**विमेंस वर्ल्डकप**

**● हरलीन देओल ने 46, ऋचा घोष ने नाबाद 35 रन बनाए डायना बेग ने 4 विकेट झटके**

**कोलंबो, वार्ता।** भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 248 रन का टारगेट रखा है। कोलंबो में खेले जा रहे इस मुक. ाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन पर आलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जेमिमा राड्रिग्ज ने 32 और प्रतिका रावल ने 31 रन बनाए। नंबर-8 पर बैटिंग करने उतरी ऋचा घोष ने 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन बनाकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए डायना बेग ने 4 विकेट झटके। कप्तान फातिमा सना और सादिया इकबाल को 2-2 विकेट मिले। लगातार चौथे संडे को भारत- पाकिस्तान की भिड़ंत हो रही है। इससे पहले 28 सितम्बर, 21 सितम्बर और 14 सितम्बर को मेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच खेले गए हैं। तीनों ही मौकों पर भारत ने जीत हासिल की। भारत ने 46वें ओवर में 7वां विकेट गंवाया। यहां दीप्ति शर्मा 25 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें डायना बेग ने नतालिया परवेज के हाथों कैच कराया। 45वें ओवर में भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर स्नेह राणा (20 रन) को फातिमा सना ने कैच कराया। उन्हें दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने स्मृति मंधाना (23 रन) को भी आउट किया। 43वें ओवर में भारतीय बैटर स्नेह राणा की कमर पर चोट लगी। ऐसे में ट्रीटमेंट के लिए फिजियों को मैदान पर आना पड़ा। 35वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां जेमिमा राड्रिग्ज 32 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें नाशरा संधू ने पगबाधा आउट कर दिया। कीड़ों के कारण दूसरी बार खेल रोकना पड़ा। इनसे परेशान होकर खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए हैं। पिछली बार पाकिस्तानी प्लेयर्स स्प्रे का छिड़काव करते नजर आई थीं।

34वें ओवर की पहली बाल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर हरलीन देओल 46 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें रमीन शमीम ने नाशरा संधू के हाथों कैच कराया। 33वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हरलीन देअल ने फातिमा सना की आखिरी बाल पर एक रन लेकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 30वें ओवर में जेमिमा राड्रिग्ज को दूसरी बार जीवनदान मिला। इस बार वे रनआउट होने से बच गई। उन्होंने नाशरा संधू की तीसरी बाल पर मिडऑफ की ओर खेलकर रन लेना चाहा, लेकिन दूसरी ओर हरलीन ने रन लेने से इनकार कर दिया। तब तक जेमिमा आधी पिच तक निकल आई थी। गनीमत रही कि पाकिस्तानी विकेटकीपर समय पर बाल को स्टंप से नहीं मार सकीं। 27वें ओवर में जेमिमा राड्रिग्ज आउट होने से बच गईं। वे डायना बेग की चौथी बाल पर विकेटकीपर सिद्रा नवाज को कैच थमा बैठीं। फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट भी दे दिया। वे पवेलियन लौटती, इससे पहले थर्ड अंपयर ने उस बाल को अमान्य करार दिया। उसके बाद राड्रिग्ज ने पी हिट पर चौका लगाया। 25वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान हरमनप्रीत कौर 19 रन बनाकर आउट हुईं।

## महिला विश्व कप में भारत और पाक की कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

**कोलंबो, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया। क्रिकबज ने पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे। यह फैसला दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है, जो पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान हुए कई विवादों के बाद सामने आया है। इसकी शुरुआत तब हुई जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम ने पाक के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के बाद मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रसारणकर्ता के साथ मैच के बाद के साक्षात्कार में हिस्सा नहीं लिया, जिसके बाद पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के साथ उनकी बैठक का फुटेज सार्वजनिक रूप से जारी किया। पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, लेकिन इस मामले पर उनकी अचानक हुई बैठक - जिसका एक वीडियो सामने आया - के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### लंबी कूद में जिलेइडे ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में ब्राजील की जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा ने रविवार को स्वर्ण और तुर्किये की फातमा दामला अल्टिन ने रजत पदक पोलैंड की कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने महिला लंबी कूद टी-20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा और फातमा अल्टिन ने गति, लय और उड़ान के साथ 5.88 मीटर और 5.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण और रजत पदक जीता। 2024 में भाग न लेने के बाद विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी कर रही दिग्गज कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.55 मीटर रहा।

### श्रीलंका ने कोचिंग पैनल में फेरबदल किया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट ने पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव करते हुए तहत जूलियन वुड को नया बल्लेबाजी कोच और रेन फर्डिनेंड्स को स्पिन गें. दबाजी कोच नियुक्त किया है। वुड टीम के साथ एक साल के अनुबंध पर नए बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल होंगे, जबकि फर्डिनेंड्स, विशेषज्ञ स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना के साथ मिलकर नए स्पिन गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे। यह जोड़ी थिलिना और पियाले की जगह लेगी। दोनों कोच अनुभवी हैं और उन्होंने श्रीलंकाई टीम को मजबूत बनाने का भरोसा दिया है। श्रीलंका क्रिकट ने विज्ञप्ति में कहा कि वुड अपने साथ अपार अनुभव लेकर आए हैं, उन्होंने पहले इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड , ग्लूस्टरशायर सीसीसी, हैम्पशायर सीसीसी, मिडलसेक्स आदि के साथ रहे।

## 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंचे रवींद्र जडेजा

**● जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वें इस क्लब में चौथे सदस्य बन सके**



**नई दिल्ली, वार्ता।** अहमदाबाद में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंच गए हैं।

जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वे इस क्लब के चौथे सदस्य बन सकें। जडेजा दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। 5000 रन और 400 विकेट वाले क्लब में वर्तमान में केवल कपिल देव हैं। अब वहां तक जडेजा भी पहुंच सकते हैं। इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर पहले टेस्ट के बाद जडेजा ने हंसते हुए कहा, ष्अब आप मुझ पर दबाव डाल रहे हैं। मुझे सोचना पड़ेगा कि कैसे 1000 और रन बनाएं और 60-70 और विकेट लें। उनके खाते में 3990 रन और 334 विकेट हैं। इस समय मैं अपनी क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं रिकॉर्ड या मील के पत्थर के बारे में नहीं सोच रहा। मैं सिर्फ़ अपनी फ़टिनेस पर काम कर रहा हूं और क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। जब भी मैं घर में होता हूं। हमेशा फ़िटनेस पर काम करता हूं ताकि मैं वही करता रहूं जो इतने सालों से कर रहा हूं। 36 साल की उम्र में रवींद्र जडेजा मैदान पर अभी भी सक्रिय हैं। उन्होंने पहले टेस्ट में नाबाद 104 रन बनाये और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। अहमदाबाद में यह शतक जडेजा के लिए 2025 में बल्ले से एक शानदार साल को और लंबा करता है। इस साल अब तक उन्होंने सात टेस्ट में 82-37 औसत के साथ 659 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अ(शतक शामिल हैं।

## शेष भारत को हराकर विदर्भ ने तीसरी बार जीती ईरानी ट्रॉफी



**● हर्ष दूबे ने शानदार गेंदबाजी कर चार विकेट हासिल किए, विदर्भ ने शेष भारत को 93 रनों से हराकर ईरानी ट्रॉफी अपने नाम की**

**नागपुर, वार्ता।** हर्ष दुबे (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने रविवार को शेष भारत को 93 रनों से हराकर तीसरी बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता। शेष भारत ने कल के दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत ने अपना तीसरा विकेट कप्तान रजत पाटीदार (10) का विकेट 28 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें आदित्य ठाकरे ने अपनी ही गेंद पर आउट किया। इसके बाद दर्शन नालकंडे ने ऋतुराज गायकवाड़ (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने इशान किशन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 26वें ओवर में हर्ष दुबे ने इशान किशन (35) को आउटकर शेष भारत की मैच जीतने की उम्मीद को झटका दिया। सारांश जैन और यश ढुल के बीच छठे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। पार्थ रेखड़े ने सारांश जैन (29) को पगबाधा आउटकर विदर्भ को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद यश ठाकुर ने यश ढुल को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने शेष भारत के लिए सबसे अधिक 92 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 117 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया। अंशुल कम्बोज (तीन) और आकाश दीप (शून्य) पर आउट हुए। 74वें ओवर की पांचवीं गेंद पर हर्ष दुबे ने गुरनूर बरार (सात) को आउटकर 267 के स्कोर पर शेष भारत की दूसरी पारी का अंत करते हुए 93 रनों से मुकाबला जीत लिया।

## श्रीकांत की सनसनीखेज हार



**● मलेशिया के ऐदिल ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में श्रीकांत को हराकर अपने करियर की बड़ी जीत दर्ज की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अल ऐन मास्टर्स 2025 शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबलों की एक रोमांचक श्रृंखला के साथ अपने चरम पर पहुंच गया, जिसमें कौशल और सहनशक्ति दोनों की परीक्षा हुई। जहां अनुभवी सितारों ने विश्व स्तरीय बैडमिंटन की झलकियां दिखाई, वहीं युवा खिलाड़ियों ने निडर प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक के रूप में, अल ऐन मास्टर्स उभरते हुए शटलरों को रैंकिंग में ऊपर उठने और उच्च स्तर पर अनुभव प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता रहा है। यह वर्ष भी कोई अपवाद नहीं रहा, खलीफा बिन जायद हॉल में अंतिम दिन से पहले कई महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिले। मलेशिया के ऐदिल शोलेह ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में पूर्व विश्व नंबर 1 भारत के किदांबी श्रीकांत को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शोलेह, जो अब एक स्वतंत्र खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, के लिए यह पिछले साल इंडोनेशिया मास्टर्स में रजत पदक जीतने के बाद उनके करियर का दूसरा सुपर 100 फ़ाइनल होगा। दूसरे सेमीफ़ाइनल में, फ़िनलैंड के विश्व नंबर 54 खिलाड़ी जोआकिम ओल्डॉर्फ ने वियतनाम के हाई डांग गुयेन को 21-17, 21-17 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। यूरोपीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता, फ़िनिश शटलर अब अपने पहले सुपर 100 फ़ाइनल में पहुंच गए हैं।

## घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन को तैयार भारत

**● बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटे है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी**

**गुवाहाटी, वार्ता।** उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप से उत्साहित, मेजबान भारत सोमवार से यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहा. सिक प्रदर्शन के लिए तैयार है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंत. राल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है जिसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है। ग्रुप एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोलरग प्रारूप में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है, जिसमें प्रत्येक मैच में 45 अंकों की दौड़ होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि बीएआई द्वारा गुवाहाटी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने के कारण पिछले कुछ वर्षों से हम जूनियर स्पर्धाओं में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार भी हमें कई पदकों की उम्मीद है क्योंकि टीम के अधिकांश सदस्य पिछले एक साल से इसी स्थान पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को नेपाल के खिलाफ करेगा, उसके बाद मंगलवार को श्रीलंका और बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है और नॉक-आउट चरण में, भारत का सामना पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है, जिसके ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है, और उनके खिलाफ जीत मेजबान टीम को ऐतिहासिक पदक की गारंटी दे सकती है। पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में 14 बार का चैंपियन चीन या बैडमिंटन की दिग्गज टीमें जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड या ऐतिहासिक पदक के लिए गत चैंपियन इंडोनेशिया शामिल हैं। शया शानदार फॉर्म में है क्योंकि उसने फरवरी में चीन को हराकर एशियाई मिश्रित टीम का खिताब भी जीता था, जबकि भारत क्वार्टर फाइनल में जापान को हराने के बेहद करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा, जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं, वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति और रक्षिता शामिल हैं। बालकों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से जूनियर विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज रौनक चौहान और 17 वर्षीय ज्ञान दत्तू टीटी पर टिकी होंगी। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी ने इस साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था, इसलिए मेजबान टीम युगल स्पर्धाओं में भी खास प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी।

## संतुलन जीवन का आधार फिटनेस से आता है: डा. मनसुख मांडविया

**● मांडविया ने विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज सुबह यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया।

यह कार्यक्रम देश भर में 10,500 से ज्यादा स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। इस फिटनेस मुहिम में दिल्ली के शिक्षकों, एथलीटों, फिटनेस प्रभावितों और युवाओं सहित एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। इसमें ओलंपिक पदक विजेता अभिषेक नैन, भारतीय हॉकी टीम के एक प्रमुख सदस्य, शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी तानिया सचदेव, उभरते हुए भाला फेंक स्टार सचिन यादव और भारत के पुश-अप मैन कहे जाने वाले रोहताश चौधरी शामिल थे। इसमें शिक्षकों को समर्पित एक जीवंत नुक्कड़ नाटक, योग सत्र, रस्सी कूद, फिटनेस गेम्स और बच्चों के लिए भागीदारी क्षेत्र भी शामिल थे। इस अवसर पर डा. मांडविया ने इस पहल को एक सच्चा राष्ट्रव्यापी आंदोलन बताते हुए कहा कि इस आंदोलन के माध्यम से, 10,500 से ज्यादा स्थानों पर लाखों नागरिक हर रविवार को खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चला रहे हैं। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए फिट इंडिया विजन का उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर हर नागरिक शारीरिक गतिविधि के लिए एक घंटा भी समर्पित करे, तो भारत विकसित भारत के सपने की ओर और भी मजबूत, स्वस्थ और एकजुट होकर आगे बढ़ेगा। आज इस कार्यक्रम में कई शिक्षकों ने भाग लिया और छात्रों को जीवन में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। साइकिल के पैडल हमें जीवन का सबसे बड़ा सबक सिखाते हैं कि हम संतुलन बनाए रखकर ही आगे बढ़ते हैं। यह संतुलन जीवन का आधार है और यह फिटनेस से आता है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया , योगा. सन भारत और माई भारत के सहयोग से आयोजित साइकि. लिंग अभियान ने अब भारत के सबसे प्रभावशाली फिटनेस अभियानों में से एक के रूप में अपनी पहचान बना ली है।

## इगा-सबालेंका वुहान ओपन ड्रॉ में शीर्ष पर

**● सबालेंका और स्वियाटेक और कोको 1000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ईनाम को भिड़ेगी**





**वुहान, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबा. लेंका और नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को शनिवार को 2025 डब्ल्यूटीए वुहान ओपन के एकल वर्ग के ड्रॉ में विपरीत हिस्सों में रखा गया है। चीन के शीर्ष खिलाड़ी घरेलू मैदान पर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। चीन का प्रतिनिधित्व मुख्य ड्रॉ में सीधे तौर पर झू लिन, वांग शिन्यू, युआन यू और अनुभवी झांग शुआई करेंगे।

स्थानीय पसंदीदा झेंग किन. वेन ने चोट से उबरने के लिए शुक्रवार को नाम वापस ले लिया। उनकी अनुपस्थिति के बावजूद, वुहान ओपन में अभी भी सितारों से सजी टीम मौजूद है। सबालेंका, स्वियाटेक और कोको गॉफ 1,000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। गत विज. ेता सबालेंका ड्रॉ के शीर्ष आधे भाग में सबसे आगे हैं और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है।

दूसरे दौर में उनका सामना स्लोवाकिया की रेबेका ामकोवा या रूस की अन्ना काललस्काया से होगा। उनके वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना, जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका और चेक गणराज्य की उभरती हुई स्टार लिंडा नोस्कोवा भी शामिल हैं, जिन्होंने शुक्रवार को तीन सेटों के सेमीफाइनल में दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में जगह बनाई।

छह बार की ग्रैंड स्लैम विज. ेता स्वियाटेक, वुहान में दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पदार्पण कर रही हैं। सबालेंका की तरह, उन्हें भी पहले दौर में बाई मिली है और उनका पहला मुकाबला कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो या चेक गणराज्य की मैरी बूजकोवा से होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ, स्वियाटेक के साथ निचले हाफ में शामिल होंगी। 20 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी का सामना अपने पहले मैच में चीन की वांग शिन्यू या किसी क्वालीफायर से होगा। अन्य जगहों पर, झू लिन का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट से होगा, जबकि वाइल्डकार्ड युआन यू का पहला मुकाबला एक क्वालीफायर से होगा, जहां दूसरे दौर में उनके इटली की जैस्मीन पाओलिनी से भिड़ने की संभावना है। झांग शुआई का मुकाबला संयुक्त राज्य अमेरिका की 14वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो से होगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में भव्य पद संचलन



**डिलारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने डिलारी मंडल व करनपुर मंडल में भव्य संचालन किया करनपुर मंडल के ग्राम पंचायत पिपली उमरपुर एवं ग्राम पंचायत आलियाबाद में आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पद संचलन किया यह पद संचलन सरस्वती विद्या मंदिर आलियाबाद से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत पीपली उमरपुर एवं ग्राम पंचायत आलियाबाद के मुख्य मार्गों से होकर सरस्वती विद्या मंदिर पर समापन हुआ जगह-जगह पद संचलन का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य गजेंद्र पाल सिंह ने की मुख्य वक्ता के रूप में करन सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित स्वम सेवक को देश के प्रति जागरूक प्रेम एवं भाईचारा के साथ मिल बर्तन की प्रेरणा दी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड कार्यवाह वंश चौहान खंड संचालक इंद्रजीत सिंह ग्राम पंचायत करनपुर के ग्राम प्रधान पति डॉक्टर बाबू सिंह ग्राम पंचायत पीपली उमरपुर के प्रधान सोमपाल सिंह ग्राम पंचायत आलियाबाद के प्रधान पति रामानंद शर्मा अन्य स्वयंसेवकों में अशोक कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, तुषार कुमार, संजय सिंह, गौरव कुमार, संदीप कुमार, पूरन सिंह, नीटू चौहान( चंद्र प्रकाश सिंह )मंडल अध्यक्ष हरपाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत बीजना में रामलीला का शुभारंभ



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स, ब्यूरो )।** ग्राम पंचायत बीजना में रामलीला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी दर्जा राज्य मंत्री, डिप्टी रेंजर हिरदेश कुमार, प्रभारी सीएमओ बेलवाल जी, शिक्षा विभाग से आरपी संजीव जी, वन विभाग से रजनीश जी, जसवंत सिंह अध्यक्ष सहकारी समिति, भाजपा ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, हरिप्रसाद सैनी, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रामलीला का आयोजन हमारे समाज में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधि है। यह न केवल हमें हमारी जड़ों से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि यह हमें हमारे समाज के मूल्यों और आदर्शों के बारे में भी सिखाती है।

रामलीला के माध्यम से हम भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों को समझ सकते हैं और अपने जीवन में उनका अनुसरण कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी दर्जा राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में रामलीला के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को इसके आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रामलीला हमें हमारे समाज के मूल्यों और आदर्शों के बारे में सिखाती है और हमें अपने जीवन में उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बीजना द्वारा किया गया था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने सभी का स्वागत किया और उन्हें रामलीला के आयोजन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने रामलीला का आनंद लिया और इसके आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। ग्राम पंचायत बीजना में रामलीला का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन है। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने रामलीला के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को इसके आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बीजना द्वारा किया गया था और इसमें उपस्थित सभी लोगों ने रामलीला का आनंद लिया।

## पालिकाध्यक्ष ने फीता काटकर किया कव्वाली का उद्घघाटन



**बहजोई।** दादा निहाल शाह के सालाना उर्स में मुकाबला ए कब्बाली का आयोजन हुआ, जिसका उद्घघाटन बहजोई नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू दुआरा फीता काटकर किया गया। जिसमे बदायू के कब्बाल जावेद परवाल और बरेली की आलिया इंडियन के बीच हुआ मुकाबला हुआ, जिसमे कब्बलो ने अपनी कब्बाली मेरी जिंदगी के मालिक तू कहीं बदल ना जाना और आंधी बोले तूफा बोले साहिल बोले नबी नबी से समा बांधा जिसमे अयोजको व महफिल में आये जायरीनों ने कब्बाली का लुत्फ उठाया। दादा निहाल शाह के सालाना उर्स में मेला भी लगता है जिसमे झूले आदि लगाए जाते है जिनकी व्यवस्था मेला कमेटी के अध्यक्ष हाजी जब्बार सैफी व उनकी कमेटी दुआरा किया गया ।

मेला कमेटी की तरफ से फरयाद मिस्त्री,गुलाम मोहम्मद कुरैशी, उस्मान जेस. ीबी वाले,भूरे भाई जनेटा वाले,पप्पू सैफी घड़ी वाले,डॉक्टर नासिर कादरी, इरफान मेंबर, मोबीन मेंबर, सोनू कबाड़ी, नजर मोहम्मद कस्सार आदि रहे।

## अदालत के आदेश पर देवर के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव इमरतपुर स्योड़ारा की रहने वाली विधवा हीरावती ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया कि उसके पास चार बीघा भूमि है उनके देवर का लड़का किरनपाल पुत्र रमेश प्रजापति आए दिन जमीन को लेकर झगड़ा करता है। 7 अगस्त को शाम 6 बजे किरनपाल जबरन घर में घुस आया और कहा कि अपने हिस्से की जमीन मेरे नाम कर दे। जमीन नाम करने से इनकार किया तो लात घूसों से पीटा, बाद में सिर पर ईंट से बार किया। जिससे बेहोश होकर वह गिर गई, बाद में मरा जानकर वह भाग गया। थाने में तहरीर देने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब मामले में अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मां की दवाई लेने आए युवक के साथ रामनगर खागूवाला में मारपीट, पुलिस को सौंपी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला मे दबंगों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया है,ग्राम रामनगर खागूवाला मे स्थित वैध के पास से मां की दवाई लेने आए उत्तराखंड के ग्राम मिस्रवाला निवासी युवक को दबंग युवक ने लाठी – बेल्टों से पीटकर घायल कर दिया,जिसके बाद पीड़ित युवक ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपकर तीन युवकों के विरुद्ध नामजद तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित फरमान अली नामक युवक ने शिकायती पत्र मे कहा है कि उसकी माता का इलाज ग्राम रामनगर खागूवाला निवासी एक वैध के पास चल रहा है,फरमान अपनी मां की दवाई लेने के लिए रविवार की दोपहर रामनगर खागूवाला आया था,और दवाई लेकर लौट रहा था तभी अचानक रामनगर स्थित अंसारियो वाले कब्रिस्तान के पास गांव के ही तीन युवकों ने रोककर लाठी – बैल्ट से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि एक युवक के हाथ मे तमंचा था जिससे उसने पीड़ित के ऊपर हमला बोल दिया,शोर शराबे की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े और उन्होंने दबंगों से युवक को छुडाया,। जसके बाद दबंग युवक पीड़ित को धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित युवक ने कोतवाली पहुंचा जिसके बाद पुलिस ने युवक का मेडिकल कराया और मामले की जांच मे जुट गई है।

# रेलवे स्टेशन पर दो गार्डों में मारपीट वीडियो वायरल होने के बाद दोनों निलंबित



**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेशन पर गार्ड लॉबी कार्यालय के अंदर दो गार्डों के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद रेल प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों गार्डों को निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।जानकारी के अनुसार, मुरादाबाद रेलवे स्टेशन स्थित गार्ड लॉबी में कई कर्मचारी मौजूद थे। इसी दौरान गार्ड संजीव गंगवार और मनीष कुमार के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन इससे पहले ही दोनों के बीच हाथापाई हो चुकी थी। इस दौरान एक अन्य गार्ड ने घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। कुछ ही देर में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जो रेल अधिकारियों तक पहुंच गया। वीडियो देखने के बाद विभागीय स्तर पर हड़कंप मच गया। रेल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों गार्डों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।रेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इस घटना से विभाग की छवि धूमिल हुई है। अनुशासनहीनता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नशे के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने पर उठ रहे सवाल

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रमों के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और नशे की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि कोतवाली पुलिस महिला सुरक्षा के साथ-साथ नशे के खिलाफ कब गंभीर कदम उठाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई इलाकों में खुलेआम शराब और अन्य नशीली चीजों की बिक्री होती है, जिससे समाज में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि महिलाओं और बच्चों का सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि महिला सशक्तिकरण और नशे पर नियंत्रण दोनों पहलुओं में संतुलित कार्रवाई जरूरी है। इसके लिए पुलिस को सामाजिक जागरूकता अभियान और कड़ी निगरानी के साथ सक्रिय होना होगा।

## स्थानांतरण को लेकर माध्यमिक शिक्षक 12वें दिन भी गांधी पार्क में धरने पर

**चन्दौसी।** माध्यमिक शिक्षक स्थानांतरण सूची के लिए लगातार 12वें दिन भी गांधी पार्क में डटे हुए हैं। शिक्षक यह स्पष्ट कर रहे हैं कि उनका धरना किसी भी राजनीतिक संगठन या गुटबाजी से प्रभावित नहीं है और उनकी केवल एक ही मांग है, शासन स्तर से स्थानांतरण सूची जारी करना। शिक्षक शुभेन्दु तिवारी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी हमारी समस्या का समाधान अवश्य करेंगी। उन्होंने बताया कि छात्रों की मिड-टर्म पढ़ाई इस दौरान प्रभावित हो रही है और शिक्षक चाहते हैं कि सूची जारी होते ही वे अपने-अपने विद्यालयों में जाकर शिक्षण कार्य पुनः शुरू करें। धरने में बड़ी संख्या में महिला शिक्षक भी शामिल हैं, जो इस समस्या से काफी प्रभावित हैं। सभी ने नियमावली के अनुसार अपनी पत्रावली और एनओसी जमा कर दी है। शिक्षक केवल सूची आने का इंतजार कर रहे हैं फलहाल शासन की ओर से सूची जारी करने संबंधी कोई नोटिस नहीं आया है, लेकिन शिक्षक आशा करते हैं कि राज्यमंत्री शीघ्र ही इस मामले का समाधान करेंगी और वे अपनी जिम्मेदारी के साथ पढ़ाई में लौट सकेंगे।

# 25 नवम्बर को दिल्ली में होने वाली महारैली को लेकर आयोजित हुई मंडलीय बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी अनिवार्यता, एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली को सफल बनाने के लिए रविवार को जिला चिकित्सालय में अटेवा संगठन की मंडलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री हेमंत चौधरी और जिला संगठन मंत्री निश्चल भटनागर ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली कर्मचारियों और शिक्षकों का संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में लगातार संघर्ष जारी है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय महारैली में लाखों शिक्षक व कर्मचारी शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस रैली में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता, एनपीएस-यूपीएस व्यवस्था और निजीकरण नीतियों का पुरजोर विरोध किया जाएगा।मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार एवं मंडल मंत्री शिवशंकर यादव ने कहा कि अब समय संगठित होकर संघर्ष करने का है। यदि हम एकजुट रहे, तो शीघ्र ही सुखद परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने सभी जिलों से अधिकाधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने की अपील की।चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, राजकीय नर्सेस संघ की जिलाध्यक्ष पूनम मैसी और जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा ने भी अटेवा के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। मुरादाबाद जिलाध्यक्ष मोहम्मद अफजल और जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने कहा कि जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी दिल्ली महारैली में भाग लेंगे। उन्होंने दोहराया कि पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, और पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा।बैठक में संभल से मोहम्मद उमर, बिजनौर से प्रहलाद यादव व मिलित गहलोत, अमरोहा महिला विंग की अध्यक्ष पूनम रानी शर्मा, रामपुर के जिला अध्यक्ष दिगपाल सिंह व महामंत्री रामप्रवेश यादव सहित मुरादाबाद के अमित कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, सिकंदर खान, विपिन कुमार, रितेश चौधरी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरेली पीड़ितों से मिलने जा रहे भाकियू (भानु) के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश सचिव को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कुंदरकी।** बरेली में चल रही घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे भारतीय किसान यूनियन ( भानु ) के राष्ट्रीय सचिव देवेश भूषण और प्रदेश सचिव परवेज खान को रविवार सुबह कुंद. रकी पुलिस ने उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया, पुलिस के इस कदम से क्षेत्र में हलचल मच गई और किसानों में नाराजगी का माहौल देखने को मिला, सूत्रों के अनुसार दोनों नेता बरेली के पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए निकलने की तैयारी में थे, तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया, पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उन्हें आगे बढ़ने से मना किया, इसके बाद दोनों पदाधिकारियों को कुंदरकी स्थित उनके निवास पर नजरबंद कर दिया गया, देवेश मित्तल ने कहा कि वे केवल बरेली के पीड़ितों का हाल जानने और प्रशासन से न्याय की मांग करने जा रहे थे, उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से जाने वाले लोगों को रोक. कर लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया है, दिवेश भूषण ने कहा, "हमारा उद्देश्य किसी प्रकार का उपद्रव या विरोध प्रदर्शन करना नहीं था, बल्कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना था, दिवेश भूषण का कहना है दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए, लेकिन किसी निर्दोष व्यक्ति को परेशान करना भी कानून के खिलाफ है, प्रदेश सचिव परवेज खान ने भी कहा कि इस तरह का रवैया प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई को दर्शाता है, उन्होंने कहा कि किसान यूनियन हमेशा कानून और संविधान के दायरे में रहकर आवाज उठाती है, फिर भी पुलिस द्वारा रोकना निंदनीय है, घटना के बाद से ही किसान संगठन के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं जिस पर जिलाउपाध्यक्ष हाजी इमरान ने मांग की है कि भाकियू नेताओं को तुरंत रिहा किया जाए तथा उन्हें पीड़ितों से मिलने की अनुमति दी जाए, इस बीच पुलिस का कहना है कि हालात को देखते हुए सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, फिलहाल दोनों नेताओं के नजरबंद किए जाने की सूचना फैलते ही क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है, और किसान संगठनों के बीच रोष का माहौल है।

# बिलारी में 21वां स्टेट लेवल जीत-कुने-डो चैंपियनशिप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**बिलारी।** नगर के डाकबंगला के निकट स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में रविवार को 21वां स्टेट लेवल जीत-कुने-डो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, बिलारी, झांसी, दिल्ली, फर्रुखाबाद और बागपत के स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जीत कुने डो मार्शल आर्ट्स चौम्पियनशिप का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिलारी विधायक मौहम्मद फहीम इरफान ने किया। इस दौरान बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान, जीत कुने डो मार्शल आर्ट्स संघ के मुख्य सचिव मोहम्मद रईस सलमानी, ट्रेजरर रानी, उत्तर प्रदेश जीत कुने डो मार्शल आर्ट्स संघ के मुख्य सचिव अंकुर कौशिक, प्रबंधक मौहम्मद हस्सान उर्फ फैजी को विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार सर ने बुके भेंट करके स्वागत किया।इस दौरान बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं खेल की भावना को बढ़ावा मिलता है। प्रतियोगिता में रॉयल पब्लिक स्कूल बिलारी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर मुरादाबाद जीत कुने डो एसोसिएशन की टीम रही । तीसरे स्थान पर बरेली जीत कुने डो एसोसिएशन की टीम रही। प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अलफेज, शानेरब रजा, सुमित, मौहम्मद फरहान रजा, इनाया फात्मा, अजलान, अलफैज द्वितीय रहे। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वालों में अकांशा मौर्य, हैदर अली, अरमान, अभिजीत मौर्य, फौकिया, हस्सान रजा, मन्नत, जैद इल्यास, ग्रन्थ जिन्दल रहे। इस दौरान कोच निखिलेश शर्मा, शशांक अरोरा, अमन चन्द्रवंशी, नीरज कुमार, रीतिका चन्द्रवंशी, मुनुल पूनिया, कात्यायनी शर्मा, आर्यन शर्मा, अमन जौहरी, जावेश आलम, अजरा, मौहम्मद आरिफ, मौहम्मद अली, पीयूष शर्मा, सुमायला, नूर जहाँ, नेहा आदि का सहयोग रहा। बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

## मिशन शक्ति की टीम ने खोई बच्ची को माता-पिता से मिलाया



**बिलारी।** उपनिरीक्षक महिला कांस्टेबल प्रीति के साथ कस्बा बिलारी में मिशन शक्ति चेकिंग में थीं। इस दौरान तीन साल की रिया पुत्री मंसूर अली निवासी मोहल्ला गोला गंज थाना चंदौसी जिला संभल रोती हुई गांधी मूर्ति चौराहे पर मिली जो अपने माता-पिता को तलाश कर रही थी। मिशन शक्ति टीम ने बरामद बच्ची रिया के माता-पिता की जानकारी कर रिया को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया तो बच्ची एवं माता-पिता की खुशी का ठिकाना ना रहा। उन्होंने कोतवाली की महिला सुरक्षा टीम को धन्यवाद किया।

## 'हुसैनी ब्लड डोनेशन कैंप सेमिनार का आयोजन रक्तदान करने वालों को किया गया सम्मानित'



**कुंदरकी।** नगर के मोहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा अबूतालिब में रविवार को हुसैनी ब्लड डोनेशन कैंप सेमिनार का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के महत्व को समझाना और समाज में मानवता व भाईचारे का संदेश देना था, सेमिनार में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, धर्मगुरु और युवा वर्ग शामिल हुए, मंच पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान इंसा. नियत की सबसे बड़ी सेवा है, इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, वक्ताओं ने युवाओं से आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की, कार्यक्रम के दौरान रक्तदान करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया, उन्हें प्रमाण पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर सराहा तथा उनके इस योगदान को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया, वक्ताओं ने कहा कि हुसैनी ब्लड डोनेशन कैंप का मकसद केवल रक्त एकत्र करना नहीं, बल्कि लोगों में मानवता, सेवा और करुणा की भावना को बढ़ावा देना है, सेमिनार के अंत में आयोजकों ने सभी उपस्थित लोगों और सम्मानित रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और घोषणा की कि आगे भी इस तरह के रक्तदान शिविर और जनजागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति खून की कमी से अपनी जान न गंवाए।

## श्रीराम भरत मिलाप की शोभायात्रा का आयोजन



**कुंदरकी।** श्री रामलीला एवं मेला कमेटी कुंदरकी के तत्वाधान में आयोजित श्री राम भरत मिलाप की शोभा यात्रा का आयोजन श्री लीलामंचन स्थल से प्रारंभ हुआ जिसमें ढोल नगाड़ों के साथ रथ पर सवार श्री राम लक्ष्मण हनुमान सीता की झांकी चल रही थी शोभा यात्रा में भरत शत्रुघ्न गुरु वशिष्ट और अन्य परिवारजन के साथ झांकियां चल रही थी शोभा यात्रा में डीजे की रामधुनों पर युवक नाचते गाते नजर आ रहे थे शोभायात्रा परंपरागत मार्गो से होती हुई स्टेशन रोड से इमरतपुर रोड पर होती हुई जे लम इंटर कॉलेज के निकट खेल वाले मैदान में पहुंची वहां पर भगवान श्री राम भरत शत्रुघ्न लक्ष्मण का मिलन देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए चारों ओर जय श्री राम के नारे लगने लगे इस अवसर पर श्री राम लीला एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष प्रवीन भूषण अग्रवाल महामंत्री स्टेट प्रबंधक देव सिंह सैनी राजीव शर्मा रमन भूषण दिवेश भूषण पप्पू राजपूत प्रदीप वाल्मीकि अरुण अग्रवाल राजेश सागर अवनीश शर्मा मनोज सागर संजय दुबे बहोरन पाल सोनू शर्मा स्वराज सागर को शालू वर्मा कल शिवकुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही पुलिस क्षेत्रीय अधिकारी अशोक कुमार चौकी प्रभारी संजय त्यागी थाना प्रभारी जसपाल भी मौजूद रहे।

## शाह विलायत माले मियां का दो दिवसीय उर्स का आयोजन

**कुन्दरकी।** गांव सैंफरपुर चित्तू में स्थित शाह विलायत उर्फ माले मियां की दरगाह पर दो दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन बड़े ही धूमधाम और अकीदतमंदाना माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआनख्वानी से हुई। परंपरागत रस्म-रिवाज के साथ दरगाह पर चादरपोशी की गई। अकीदतमंदों ने मजार पर चादर चढ़ाकर अमन, चौन और खुशहाली की दुआएं मांगीं।



मगरिब की नमाज के बाद मिलाद-ए-शरीफ, कुल शरीफ, लंगर और महफिले शमा का आयोजन किया गया। सोमवार की रात को कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान सज्जादानशीन मुजाहिद अली शाह, अशरफ हुसैन वारसी, हाजी शमशुद्दीन वारसी, कामिल शाह, इकबाल, कासिम, सब्बम आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी बाबू शरीफउद्दीन पाशा के इंतकाल के बाद उनके घर पहुंचे राज्यसभा सांसद जावेद अली खान

**कुन्दरकी।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद बाबू शरीफउद्दीन पाशा के इंतकाल के बाद शोक संवेदना प्रकट करने के लिए शनिवार को राज्यसभा सांसद जावेद अली खान कुंदरकी पहुंचे। सांसद ने दिवंगत आत्मा की मगफिरत और परिजनों को सब्र की दुआ की, इस दौरान उन्होंने बाबू शरीफउद्दीन पाशा के पुत्रों आसिफ पाशा, आरिफ पाशा और अफरोज पाशा से मुलाकात कर गहरा दुख जताया।



उन्होंने कहा कि बाबू शरीफउद्दीन पाशा का निधन समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, उसे भुलाया नहीं जा सकता। सांसद ने कहा कि बाबू शरीफउद्दीन पाशा हमेशा लोगों के बीच रहकर शिक्षा, इंसानियत और भाईचारे का संदेश देते रहे। उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी इस मौके पर नगर के अनेक गणमान्य लोग, शिक्षाविद और समाजसेवी भी मौजूद रहे जिन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दुआ की और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की मुख्य रूप से गुलजार अहमद, नाजिर खान, मजहर हुसैन, हनीफ प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# साख पर सवाल

एक तरफ जहां चुनाव आयोग बिहार में 22 नवंबर से पहले चुनाव कराने को लेकर पूरी तरह व्यस्त है और अपनी तैयारी में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। उसने अपनी अंतिम वोटर लिस्ट भी जारी कर दी, तो वहीं दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करना नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर कहा है कि बिहार में वोट चोरी का खेल जमकर चल रहा है। अपने दावे में वजन देने के लिए वह चुनाव आयोग की अंतिम मतदाता सूची का ही हवाला दे रही है। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची में एक ही घर में सैकड़ों वोटरों के नाम दर्ज कर दिए गए हैं। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उसने कहा है कि जमुई के एक ही घर के पते पर 247 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि मुजफ्फरपुर में एक व्यक्ति का नाम तीन बार दर्ज कर दिया है। इस सूची में मृतकों के नाम भी दर्ज करने की बात कही गई है। कांग्रेस के आरोपों को राजनीतिक आरोप कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये आरोप मामूली नहीं हैं। इससे पहले भी कांग्रेस ने जिस तरह के सबूतों का दावा वोटर लिस्टों को लेकर किया है वह और भी संदेह पैदा करता है। बेशक वोटर लिस्ट में किसके नाम जोड़े जाएंगे किसके नहीं, कौन पात्र है कौन नहीं, यह चुनाव आयोग का विशेष अधिकार है, जैसाकि चुनाव प्रमुख कह भी रहे हैं कि एसआईआर मुख्य चुनाव आयुक्त का विशेष अधिकार है और इसमें किसी को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद कही थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वोट की अनिवार्यता के लिए आधार कार्ड को भी जोड़ा जाना चाहिए, तो चुनाव आयोग की बात हम मान भी लें, तो यह भी मानना पड़ेगा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्ष बनाना भी चुनाव आयोग की ही बड़ी जिम्मेदारी है और चुनाव आयोग को यह भी स्वीकार करना पड़ेगा कि भले ही संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग को बड़े अधिकार मिले हों, लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली का तकाजा यही होता है कि हर संस्था जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। कोई भी संस्था अपनी मनमानी नहीं कर सकती, भले ही उसके पास कितने भी अधिकार प्राप्त हों। सबसे बड़ी तो यही है कि चुनाव आयोग को सबके साथ चलते हुए दिखाई देना चाहिए। चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। लोकतंत्र में जिस तरह सत्तापक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ठीक उसी तरह विपक्ष की भूमिका होती है, उसकी भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। दोनों ही पक्ष जनता के प्रतिनिधि होते हैं और जनता द्वारा ही चुने हुए होते हैं। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि चुनाव आयोग पर पहले भी उनकी वफादारी को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन जिस तरह का माहौल आज के समय में देखने में आ रहा है, ऐसा माहौल कभी नहीं बना। जहां चुनाव आयोग की साख ही सीधे दांव पर लग गई हो। जब चुनाव आयोग की साख ही दांव पर लगी होगी, तो उसके द्वारा कराए गए चुनाव पर भी सवाल खड़े होंगे जैसेकि हो भी रहे हैं। सभी को मानना होगा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश व उसका लो. कतंत्र स्थायी होता है।

## विदेश में भारत के खिलाफ बोलना गलत मानती थीं इंदिरा गांधी



लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ऐसे एलओपी हैं, जो विदेश जाकर देश और लोकतंत्र के खिलाफ बोलते हैं, चुनाव हारने के बाद विदेश में इंदिरा गांधी से उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बारे में पूछा गया था, उन्होंने भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने से मना कर दिया था, राहुल भारत के तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं, पहले के किसी एलओपी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा गांधी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज या शरद पवार ने विदेश में देश या सरकार के खिलाफ नहीं बोला, एलओपी का विदेश जाकर यह कहना कि भारत वैश्विक नेता नहीं बन सकता, गलत है। **-किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

# यूपी की सियासत: पिछड़ों की ओर केंद्रित होने से भाजपा चिंतित





तौसीफ कुरैशी

**पहले जो काम मामूली सी रकम से हो जाता था लेकिन आज वही काम मोटी रकम देने पर हो रहा है और ब्यूरोक्रेसी मालामाल हुए जा रही है इस पर भाजपा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं है बल्कि अगर यह कहा जाए कि भाजपा का संरक्षण प्राप्त है तो गलत नहीं होगा बल्कि RSS का चेहरा भी सामने आ रहा है वह भी दोनों हाथों से इस क्रमबद्ध लूट में हिस्सेदार बन गई है सभी जनपदों में तैनात अफसर लूट मचाए हुए हैं बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में अपने द्वारा कमाई गई अथाह दौलत को लगा रहे हैं। आमजनों के प्लाटों पर अपने संरक्षण में पालने वाले दबंग लोगों से कब्जे करा रहे हैं और उनको कोई रोकने टोकने वाला नहीं है उन पर जब कोई इस तरह का मामला बनता दिखाई देता है तो वह फिर माहौल को हिंदू मुस्लिम कर मामले को डायवर्ट कर देते हैं।**

यूपी में 2024 लोकसभा चुनाव में मिली सियासी सफलता से उतसाहित सपा कंपनी और अब कांग्रेस भी प्रदेश और देश में एक बार फिर पिछड़ी जातियों को लेकर सियासी गोलबंदी कर रही है धार्मिक धुर्वीकरण कर प्रदेश और देश में सियासत के शिखर पर पहुंची भाजपा के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है।

2013 में देशभर की सियासत में साम्प्रदायिकता का जहर घोलकर सत्ता के शिखर पर पहुंची भाजपा को जनता के बीच जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जुमलेबा. जी से पिछले एक दशक से भी अधिक समय से सरकार चला रही भाजपा से जनता अब जवाब चाहती है और भाजपा के पास सकारात्मक जवाब नहीं है जनता हिंदू मुसलमान के मुद्दे से तंग आ चुकी है हर तरफ बुरा हाल है 2014 में सोने की कीमत करीब 28000 का 10 ग्राम था और 2025 में 121000 है तो मंगलसूत्र कौन छीन रहा इसका मोदी सहित भाजपा पर कोई जवाब नहीं है। बेरोजगारी पिछले पैतालीस सालों में सबसे ज्यादा है महंगाई लोगों जीने नहीं दे रही है।

जीएसटी के जरिए पूरी तरह लूट मचाई गई आठ साल अब कम करने का जश्न मनाया जा रहा है और उसका कोई जवाब नहीं इस लूट ने जो छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया गया उनके धंधे चौपट हो गए और भाजपा सरकारें इस ओर कोई ध्यान देती नजर नहीं आ रही है ब्यूरोक्रेसी का भी भ्रष्टाचार इस समय अपने पूरे चरम पर पहुंच गया है जिस भी दफ्तर में जाओ भ्रष्टाचार अपनी सारी हदें पार कर रहा है पहले जो काम मामूली सी रकम से हो जाता था लेकिन आज वही काम मोटी रकम देने पर हो रहा है और ब्यूरोक्रेसी मालामाल हुए जा रही है इस पर भाजपा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं है बल्कि अगर यह कहा जाए की भाजपा का संरक्षण प्राप्त है तो गलत नहीं होगा बल्कि RSS का चेहरा भी सामने आ रहा है वह भी दोनों हाथों से इस क्रमबद्ध लूट में हिस्सेदार बन गई है सभी जनपदों में तैनात अफसर लूट मचाए हुए हैं बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में अपने द्वारा कमाई गई अथाह दौलत को लगा रहे हैं।

आमजनों के प्लाटों पर अपने संरक्षण में पलने वाले दंबग लोगों से कब्जे करा रहे हैं और उनको कोई रोकने टोकने वाला नहीं है उन पर जब कोई इस तरह का मामला बनता दिखाई देता है तो वह फिर माहौल को हिंदू मुस्लिम कर मामले को डायवर्ट कर देते हैं। इस तरह के माहौल में अगर कोई सबसे ज्यादा पिस रहा है तो वह पिछड़ी जातियां है क्योंकि उनके विकास पर उनके हकों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है बल्कि उनके अधिकारों को योजनाबद्ध तरीके से खत्म किया जा रहा है आरक्षण को भी ऊची जातियों को दिए जा रहे हैं और पिछड़ों को हिन्दू मुसलमान की टॉफी दी जा रही है यह टॉफी पिछड़ों को क्यों दी जा रही है यह बात अब पिछड़े समझ रहे जिसकी वजह से भाजपा की बैचेनी स्वाभाविक है पिछड़ों को हिन्दू बना कर भाजपा और RSS सत्ता का सुख भोग रही है लेकिन पिछड़ों को क्या मिला बाबा जी ठुल्लू। बीते कुछ समय से ओबीसी जातियों को गोलबंदी करने में जुटी कांग्रेस अब प्रदेश के हर मंडल में सामाजिक न्याय सम्मेलनों का आयोजन करने जा रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की अगले सप्ताह तक घोषणा हो सकती है। कार्यकारिणी घोषित होने के बाद हर मंडल में सामाजिक न्याय सम्मेलन शुरू होंगे। शुरुआत लखनऊ से होगी। सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष नेतृत्व ने पिछड़ा वर्ग विभाग को निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अब विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय सिंह ने यूपी में भी सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए हैं।

सम्मेलनों में पिछड़े वर्ग के सभी नेताओं को एकजुट किया जाएगा। साथ ही लोगों को बताया जाएगा कि कांग्रेस किस तरह से हर जातियों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए संसद में संघर्ष कर रही है।

**सम्मेलन की तैयारी तेज**

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि पार्टी की ओर से सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रदेश कार्यकारिणी का इंतजार है। कार्यकारिणी के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर सूची तैयार कर ली गई है।

शीर्ष नेतृत्व का अनुमोदन मिलते ही इसे जारी कर दिया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी में पिछड़े वर्ग की हर जातियों को शामिल किया गया है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह कार्यकारिणी घोषित हो जाएगी। इसके बाद मंडलवार सम्मेलन शुरू होंगे।

'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' के वायदे पर सरकार बनाने वालों ने धर्म जाति विशेष के करोड़ों लोगों के साथ बेहिसाब नफरत, हिंसा, भेदभाव और अत्याचार होने पर मणिपुर से लेकर यूपी, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व J-K तक साजिशी चुप्पी लगा कर इस नारे को झुठलाया। इनका सबसे बड़ा सच यही है कि ए अपने किरदार पर खरे नहीं उतरते हैं जैसे हालात होते हैं वैसे ही बदल जाते हैं इन पर विश्वास नहीं करना चाहिए यही लब्बोलुआब है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रह्मांड की ऊर्जा से जुड़ने का माध्यम है शरद पूर्णिमा

**मौसम बदलने के इस समय शरीर को नई जलवायु के अनुकूल बनाना आवश्यक होता है। आयुर्वेद के अनुसार, इस समय वात, पित्त और कफ दोषों में असंतुलन की संभावना बढ़ती है। खीर का मधुर स्वाद और उसका शीतल प्रभाव इन दोषों को संतुलित करने में सहायक होता है। इसलिए यह पर्व केवल धार्मिक . ष्टि से ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य की .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शरद पूर्णिमा की रात का सौंदर्य अद्भुत होता है। जब पूर्ण चंद्रमा आकाश में अपनी सोलह कलाओं के साथ दमकता है तो उसकी दूधिया रोशनी में पूरी धरती जैसे अमृत में डूब जाती है।**



योगेश कुमार गोयल

हर साल आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा पर्व मनाया जाता है और इस दिन चंद्रमा अपने पूर्ण स्वरूप में आसमान में चमकता है। इस वर्ष यह पावन तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से आरंभ होकर 7 अक्टूबर की सुबह 9 बजकर 16 मिनट तक रहेगी, इसलिए शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर की रात को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव भी कहा जाता है। इस रात चंद्रमा की रोशनी इतनी तेज होती है कि धरती दूधिया उजास में नहा उठती है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणें विशेष रूप से औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं। यह माना जाता है कि इन किरणों में स्वास्थ्य, सौंदर्य और शक्ति बढ़ाने वाले तत्व होते हैं।

वेदों और पुराणों में चंद्रमा को औषधियों का स्वामी माना गया है। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि 'मैं ही सोम रूप चंद्रमा बनकर समस्त औषधियों को पुष्ट करता हूं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वर्षभर में केवल शरद पूर्णिमा के दिन ही चंद्रमा अपनी सभी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। माना जाता है कि प्रत्येक कला मनुष्य के जीवन की किसी न किसी विशेषता का प्रतीक होती है। भगवान कृष्ण को इन सोलह कलाओं का पूर्ण रूप कहा गया है, इसलिए शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी रात कृष्ण ने अपनी मुरली की मधुर धुन पर ब्रज की गोपियों के साथ यमुना तट पर दिव्य महारास किया था। इसीलिए यह रात प्रेम, आनंद और भक्ति का प्रतीक मानी जाती है। वृंदावन और बृज क्षेत्र में आज भी शरद पूर्णिमा को बहुत उत्साह से मनाया जाता है।

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा या कौमुदी उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। कोजागर का अर्थ है कौन जाग रहा है? मान्यता है कि इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जो व्यक्ति जागकर सच्चे मन से उनकी पूजा करता है, उस पर लक्ष्मी की कृपा बरसती है। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय धन की देवी लक्ष्मी का प्रकट होना भी इसी पूर्णिमा की रात हुआ था। इसलिए यह पर्व धन, समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग मां लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, साथ ही शिव-पार्वती और कार्तिकेय की आराधना का भी विधान है। इस दिन व्रत रखकर रातभर जागरण और भक्ति करने से व्यक्ति को आर्थिक समृद्धि, मानसिक शांति और शुभ फल प्राप्त होते हैं। शरद पूर्णिमा की रात का सबसे प्रसिद्ध और सुंदर प्रतीक है खीर की परंपरा। इस रात घरों में खीर बनाकर खुले आकाश के नीचे रखी जाती है ताकि चंद्रमा की चांदनी उसमें पड़े। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों में अमृत बरसता है और वह अमृत खीर में समा जाता है। सुबह उस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है, जो अमृत समान मानी जाती है। ज्योतिषीय .ष्टि से दूध, चावल और चीनी चंद्र ग्रह से जुड़े तत्व हैं। इसीलिए चंद्रमा की रोशनी में रखी गई खीर में उसकी शुभ ऊर्जा और औषधीय गुण समा जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस परंपरा का गहरा अर्थ है। दूध में लैक्टिक एसिड और खीर में मौजूद चावल के स्टार्च के कारण जब इसे खुली चांदनी में रखा जाता है तो उसमें ऐसे परिवर्तन होते हैं, जो इसे अधिक पौष्टिक बना देते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा की किरणों में मौजूद अल्ट्रा-वॉयलेट और इंफ्रारेड ऊर्जा दूध में मौजूद सूक्ष्म जीवों की क्रिया को सक्रिय करती है, जिससे वह पाचन में सहायक और स्वास्थ्यवर्धक बन जाता है। इसीलिए शरद पूर्णिमा की रात रखी खीर को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है।

पौराणिक कथाओं में यह भी उल्लेख मिलता है कि रावण इस रात दर्पण के माध्यम से चंद्रमा की किरणों को अपनी नाभि पर ग्रहण कर युवा शक्ति प्राप्त करता था। यह कथा प्रतीक है कि चंद्रमा की किरणें शरीर में ऊर्जा, शांति और जीवन शक्ति भरने का सामर्थ्य रखती हैं। शरद पूर्णिमा ऋतु परिवर्तन की भी प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसआईआर पर चुनाव आयोग को घेरता विपक्ष



मसूद हसन

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, भले ही उन्होंने शुरुआत में केवल नामांकन फॉर्म ही भरा हो। उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर मतदाताओं को मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है और दस्तावेजों के संकलन एवं सत्यापन के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की जा रही है। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग पर गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग को वोट देने के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। वहीं, चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को सिरे से खारिज करते हुए प्रक्रिया को पारदर्शी बताया है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया कि आयोग द्वारा लागू किए गए सख्त नियमों को गरीबों के वोट की चोरी बताया। बिहार में मतदाता पुनरीक्षण सूची के मुद्दे को जननायक राहुल गांधी ने प्रमुखता से उठाया और आयोग के विरुद्ध एक आन्दोलन खड़ा कर दिया। बिहार राज्य में विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव प्रक्रिया को सरल बनाने के बजाय निर्वाचन आयोग ने इसे और कठिन बना दिया है। जिसकी वजह से राज्य के दर्तित पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के साथ ही गरीब व वंचित समाज के लोग निर्वाचन मतदाता ही नहीं बन पाएंगे। मतदाता सूची में शामिल होने की निर्वाचन आयोग द्वारा जो नियम बनाए गए हैं, उन नियमों को इन वर्ग के कम ही लोग पूरा कर पाएंगे। है। बिहार व उससे लगे राज्यों में एक बड़ी समस्या बाढ़ की विभीषिका उनका सब कुछ बहाकर ले जाती है और उन्हें तबाह कर जाती है, ऐसे में आयोग जिस तरह के दुर्लभकागजात मांग रहा है इनके लिए देना असंभव है। निर्वाचन आयोग द्वारा आधार कार्ड को वैध प्रमाणपत्र न मानना भी चिंता का विषय है, है, इससे आयोग की निष्पक्षता पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। जबकि भारत में जबसे आधार कार्ड जारी हुआ है, उसे ही सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जा रहा है, लेकिन आयोग द्वारा मतदाता बनाने के लिए आधार कार्ड को न मानने से और भी ज्यादा अव्यवस्था पैदा हो गई है। देश की अधिकांश आबादी आज भी गांवों में ही रह रही है। यही हाल बिहार का भी है।

ऐसे में निवास प्रमाणपत्र, माता-पिता का जन्म प्रमाण पत्र कितने लोगों के पास होगा। साथ ही आयोग द्वारा जमा किए गए कागजात की कोई रिसीविंग भी नहीं दी जा रही है। कुल मिलाकर निर्वाचन आयोग आमजन को मतदाता बनने से रोकने की कवायद में जुटी है। अगर यही स्थिति रही तो आम जनता अपना वोट कैसे दे पाएगी। हरियाणा और महाराष्ट्रापुर में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान आयोग की भूमिका पर विपक्ष ने सवाल उठाए और कहा कि आयोग द्वारा की गई कार्यवाही सत्ता पक्ष के प्रति झुकाव को परिलक्षित कर रही है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के नाम जो आदेश दिए हैं, वह न केवल आपत्ति. जनक बल्कि हास्यास्पद भी है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता व बिहार राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का कहना है कि मतदाता सूचियों में सुधार में दो साल तक का समय लग सकता है और पूछा कि यह काम अब क्यों किया जा रहा है, जबकि ठम्म्मं चुनाव में कुछ ही महीने का समय बाकी है। इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इसे षड्यंत्र करार दिया है। विशेष गहन पुनरीक्षण का अनिवार्यतः अर्थ है कि मतदाता सूची नए सिरे से तैयार की जाएगी, तथा चुनाव आयोग ने कहा है कि पंजीकृत मतदाताओं को अपनी नागरि. कता सिद्ध करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इस आवश्यकता को राजद के साथ ही बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित अन्य विपक्षी नेताओं ने चिन्हित किया है। जिन्होंने बिहार में विवादास्पद राष्टाट्रीय नागरिक रजिस्टर को लागू करने को एक भयावह कदम बताया है। यादव ने कहा, बिहार के उन मतदाताओं से जिन्होंने 2003 के बाद पंजीकरण कराया है उनसे ग्यारह दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, लेकिन भारत सरकार के अनुसार, केवल दो से तीन प्रतिशत लोगों के पास ही यह दस्तावेज हैं। यह स्पष्ट रूप से करोड़ों लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश है। संविधान ने सभी को वोट देने का अधिकार दिया है। उनका कहना है कि अभी भी कई इलाकों में (सूची में शामिल होने के लिए) फॉर्म नहीं बांटे गए हैं। हम चुनाव आयोग से सिफर समय मांग रहे हैं, लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं मिली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, भले ही उन्होंने शुरुआत में केवल नामांकन फॉर्म ही भरा हो। उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर मतदाताओं को मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है और दस्तावेजों के संकलन एवं सत्यापन के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की जा रही है। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को कानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते।

देश की बड़ी आबादी को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने की साजिश, सामाजिक संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर का कहना है कि जिस तरह से हरियाणा और महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में वोट बढ़े, इससे निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। भारतीय संविधान में निर्वाचन आयोग का गठन लोकसभा व विधानसभाओं के निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए किया गया था। इसीलिए आयोग की भूमिका मैच में रेफरी की होती है।

सपा से सांसद आर के चौधरी का कहना है कि बिहार राज्य में अगले तीन से चार महीने में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस चुनाव में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के लोग वोट न डाल पाएं, इसके लिए भाजपा सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग ने वहां वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने वालों के लिए कई ऐसे नियम लागू कर दिए हैं। जिन्हें पूरा करना बहुजन समाज के लिए संभव नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया का कहना है कि निर्वाचन आयोग गरीबों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित कर रहा है। आयोग की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है और इस तरह के जन विरोधी आदेश जारी करके आयोग संकेत दे रहा है कि वह भाजपा के गठबंधन में शामिल है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक समीक्षक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में मुठभेड़, 14 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तुरंत जिले में आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद एक अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के इलाके को घेराबंदी करने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए।

### रूसी वायु रक्षा बलों ने 32 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने रात भर में 32 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को मार गिराया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि शनिवार रात से वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 32 यूक्रेनी ड्रोन्स को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि इनमें से 11 यूएवी बेलगोरोद क्षेत्र में, 11 वोरोनिश क्षेत्र में, पांच निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में, एक ब्रांस्क क्षेत्र में, एक कुर्स्क क्षेत्र में, एक तुला क्षेत्र में, एक तांबोव क्षेत्र में और एक मोर्दोविया गणराज्य में मार गिराए गए।

### रूसी ड्रोन हमले में पेरिस के फोटो पत्रकार की मौत

**कीव।** यूक्रेन में हुए रूसी ड्रोन हमले में फ्रांसीसी फोटो पत्रकार अंतोनी लालिकां की मौत हो गई है। यूक्रेन के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लालिकां के साथ काम कर रहे यूक्रेनी फोटो पत्रकार ग्रिगोरी इवानचेंको भी दोनेत्स्क क्षेत्र के कोमिशुवाखा के पास हुए इस हमले में घायल हो गए। यूरोपीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ (ईएफजे और आईएफजे) ने बताया कि यूक्रेन में ड्रोन हमले में किसी पत्रकार की मौत का यह पहला मामला है।

### लीबिया में नाव दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 60 किलोमीटर पश्चिम में जाविया के तट पर रविवार शाम एक नाव में विस्फोट होने के कारण कम से कम तीन लीबियाई नागरिकों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। लीबियाई अखबार अल-मरसाद की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मद बेन श्टवान, अनवर अल-मजदूब और नासिर सुल्तान के रूप में पहचाने गए तीन मृतक लीबियाई युवकों के अलावा इस घटना में अन्य लोग भी हताहत हुए हैं, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। रिपोर्ट में विस्फोट का सही समय या कारण नहीं बताया गया है। अभी तक इस घटना के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# अमेरिका के न्यूक्लियर हथियार भी शटडाउन की चपेट में

## ऊर्जा सचिव बोले: सुरक्षा के लिए महज 8 दिन का फंड बाकी, 5 दिन में कामकाज ठप



- परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे
- योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 5 दिन से जारी शटडाउन के कारण नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएनएसए) के पास देश के परमाणु हथियारों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए सिर्फ आठ दिन का फंड बचा है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) के सचिव क्रिस राइट ने चेतावनी देते हुए कहा कि आठ और दिनों का फंडिंग, उसके बाद हमें आपातकालीन बंदी प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा, जो देश की सुरक्षा को जोखिम में डाल देगा। राइट ने एक इंटरव्यू में कहा कि फंड खत्म होने पर एनएनएसए को स्टाफ कम करना पड़ेगा। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच फंडिंग बिल पर सहमति न बन पाने के कारण 1 अक्टूबर से शटडाउन शुरू हो गया था। ऊर्जा विभाग की हालिया शटडाउन योजना के अनुसार, कुल मिलाकर, डीओई के 60 प्रतिशत कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा जा सकता है। हालांकि, वे कर्मचारी बने रहेंगे जो 'क्रिटिकल कंट्रोल आपरेशंस सिस्टम' चलाते हैं, जैसे कि न्यूक्लियर मटेरियल वाले सिस्टम्स का रखरखाव या यूनिक उपकरणों की मानिटरिंग। इसके अलावा, परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे। योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए थे। इस वजह से देश में लगातार 5वें दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्लवेम का बोर्ड लगा है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं।



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले में कथित वोट चोरी के खिलाफ 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत एक बैनर पर हस्ताक्षर करते कांग्रेस समर्थक।

## यूक्रेनी रेलवे स्टेशन पर रूसी हमले में लगभग 30 लोग घायल

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक रेलवे स्टेशन पर रूसी ड्रोन हमले में कम से कम 30 लोग घायल हो गए हैं। बीबीसी के हवाले से जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि सुमी क्षेत्र के शोस्तका शहर में हमले वाली जगह पर ट्रेन कर्मचारी और यात्री मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर हैं और लोगों की मदद शुरू कर दी गई है। घायलों के बारे में जानकारी अभी जुटाई जा रही है। उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें एक क्षतिग्रस्त ट्रेन के डिब्बे में आग लगी दिखाई दे रही है। जेलेंस्की ने लिखा कि रूसी लोग इस बात की अनजान नहीं थे कि वे नागरिकों को निशाना बना रहे हैं! यह आतंकवाद है जिसे दुनिया नजरंदाज नहीं कर सकती।

## चीन में तूफान से पूर्व लोगों को किया गया रेस्क्यू

**गुआंगडोंग।** चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग में प्रशासन ने मैटमो तूफान की तीव्रता को देखते हुए आपातकालीन प्रतिक्रिया को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है और 150000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने रविवार सुबह प्रतिक्रिया स्तर में बढ़ोत्तरी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम तक, कुल 151,352 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया।

## पाकिस्तानी सेना के बाद रक्षामंत्री की भारत को घुड़की



ख्वाजा आसिफ ने कहा: अब जंग हुई, तो भारत अपने ही फाइटर जेट्स के मलबे में दब जाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकी देते हुए कहा है कि अबकी बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। इससे पहले पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को कहा था कि अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो तबाही होगी। अगर दुश्मनों का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग आईएसपीआर ने आफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा था कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश हैं। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा-जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसे हालात आते हैं, तो दोनों देश मिट जाएंगे।

## रूस ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों पर रख रहा नजर: जनरल टेडमैन

**लंदन।** ब्रिटेन ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूसी उपग्रह ब्रिटिश सैन्य उपग्रहों पर साप्ताहिक आधार पर नजर रख रहे हैं। मेजर जनरल पॉल टेडमैन ने बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में रूस पर आरोप लगाते हुए कहा कि रूस हर हफ्ते ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों को जमीनी प्रणालियों से जाम करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसे पेलोड हैं जो हमारे उपग्रहों को देख सकते हैं और उनसे जानकारी एकत्र करने की कोशिश कर रहे हैं। जनरल टेडमैन ने कहा कि ब्रिटेन के सैन्य उपग्रह में काउंटर-जैमिंग तकनीकें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन हम देख रहे हैं कि रूस हमारे उपग्रहों को लगातार जाम कर रहा है। जब उनसे पूछा गया कि ऐसा कितनी बार किया गया तो उन्होंने कहा यह 'हर हफ्ते' किया गया है।

# ट्रम्प की नीति को अदालत से झटका

## 18 साल के होते ही प्रवासी बच्चों को वयस्क हिरासत केंद्र भेजने पर संघीय न्यायाधीश ने लगाई रोक




**इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रवासी बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रम्प प्रशासन की एक नई नीति को अस्थाई रूप से रोक दिया है। इस नीति के तहत 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद अकेले आए और बिना अनुमति वाले प्रवासी बच्चों को वयस्क हिरासत केंद्रों में रखा जाना था। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज रुडोल्फ कान्ट्रेस ने अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स इनफोर्समेंट को आदेश दिया कि वे किसी भी ऐसे बच्चे को वयस्क हिरासत में न रखें। जज ने कहा कि यह स्वतः हिरासत 2021 में दिए गए उनके कोर्ट आदेश का उल्लंघन करती है, जिसमें इस तरह की प्रथाओं पर रोक लगाई गई थी। न्यायाधीश का यह निर्णय वकालत समूहों की मांग के बाद आया है, जिन्होंने कहा था कि कई बच्चों को इस सप्ताहांत में वयस्क केंद्रों में ट्रांसफर किया जाना था। इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रवासी बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके। बता दें कि अधिकारियों ने 14 साल और उससे बड़े प्रवासी बच्चों को अपने देश लौटने के लिए 2500 डालर देने की पेशकश की है। पिछले महीने एक अन्य संघीय न्यायाधीश ने उन ग्वाटेमाला के बच्चों को तुरंत डिपोर्ट करने के प्रयास को रोका था, जो अकेले अमेरिका आए थे। कुछ बच्चों को उस देर रात की कार्रवाई में प्लेन में बैठाया गया था, लेकिन न्यायाधीश ने इसे रोक दिया। अमेरिकन इमिग्रेशन काउंसिल की वकील मिशेल लापाइंट ने कहा कि यह नीति प्रवासी युवाओं को अमेरिका में सुरक्षा मांगने के अपने अधिकार से समझौता करने के लिए मजबूर करने का हिस्सा है। न्यायाधीश कान्ट्रेस का 2021 का आदेश था कि 18 साल के होने पर बच्चों को सबसे कम प्रतिबंधित स्थान में छोड़ा जाए। यह संघीय कानून के अनुसार जरूरी है, जब तक कि बच्चा खुद या दूसरों के लिए खतरा न हो और भागने का जोखिम न हो। अक्सर बच्चों को रिश्तेदारों या फास्टर केयर में सौंप दिया जाता है। आईसीई के एक ईमेल में कहा गया कि नए वयस्कों को केवल आईसीई की व्यक्तिगत मामले की पैरोल अनुमति के तहत तत्काल मानवीय कारणों या महत्वपूर्ण सार्वजनिक लाभ के लिए ही छोड़ा जा सकता है। मार्च से सितम्बर तक आईसीई ने कुल 500 से कम लोगों को पैरोल पर छोड़ा। वादियों ने तर्क दिया कि पैरोल पर रिहाई लगभग नाममात्र की है और शेल्टर से बाहर हो रहे बच्चों को जमानत और आवश्यकता से अधिक वयस्क हिरासत में रखने से स्थाई नुकसान हो सकता है। यह खासकर तब सच है जब कुछ बच्चों के माता-पिता ने उनका उत्पीड़न किया हो, उन्हें छोड़ दिया हो या मानव तस्करी के शिकार रहे हों।



# गाजा में इजरायल पीछे हटने को तैयार

## ट्रम्प ने मैप जारी किया, मैप में बताया कहां तक हटेगी सेना, अब हमास के जवाब का इंतजार

**इससे पहले ट्रम्प ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी, आईडीएफ का गाजा के करीब 70% इलाके पर कब्जा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल ने गाजा से पीछे हटने के लिए शुरुआती सीमा रेखा (प्र्यपजपंस ॅपजीकतंूंस स्पदम) के लिए सहमति जताई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प ने इजरायल की वापसी को दिखाते हुए एक मैप भी शेयर किया। इसने उन्होंने पीली लाइन के जरिए बताया की इजरायली सेना पहले चरण में वहां तक पीछे हटेगी। उन्होंने कहा ये समझौता हमें 3 हजार साल पुराने संकट को खत्म करेगा। इससे पहले ट्रम्प ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर हमास ने लड़ाई जारी रखी तो उसके सभी विकल्प खत्म हो जाएंगे। ट्रम्प के मैप के मुताबिक, यह शुरुआती वापसी रेखा (पीली लाइन) आईडीएफ की पुरानी कंट्रोल लाइन है। पिछले महीने आईडीएफ गाजा पर बड़े हमले कर आगे बढ़ी थी। फिलहाल आईडीएफ का गाजा के करीब 70 प्रतिशत इलाके पर कब्जा है। हमास ने अब तक इस प्रस्ताव पर औपचारिक सहमति नहीं दी है। सोमवार से मिस्र में इनडायरेक्ट बातचीत शुरू होने की उम्मीद है। अगर हमास इस योजना को मंजूरी देता है, तो ट्रम्प प्रशासन पहले चरण की वापसी और शांति व्यवस्था लागू करने की तैयारी करेगा। दक्षिण गाजा के राफाह और फिलाडेल्फिया कारिडोर जैसे इलाकों को इजरायल के नियंत्रण में दिखाया गया है, जहां सुरक्षा बल बने रहेंगे। उत्तरी गाजा में बेइत हनून के आसपास का इलाका भी इजरायली सुरक्षा जोन के रूप में दिखाया गया है। गाजा सिटी और उसके आस-पास के शरणार्थी शिविरों को नक्शे में ऐसे इलाकों के रूप में दिखाया गया है, जहां फिलहाल पूरी तरह वापसी नहीं होगी। ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया था। हमास ने शुक्रवार रात ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है।

## पोर्टलैंड में ट्रम्प प्रशासन की किरकिरी

- अदालत ने सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक

**ओरेगन।** अमेरिका के ओरेगन राज्य की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को फिलहाल पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड के जवान तैनात करने से रोक दिया है। यह आदेश उस मुकदमे में दिया गया है जो राज्य सरकार और नगर प्रशासन ने मिलकर दायर किया था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इमरगट ने कहा कि यह मामला अमेरिकी लोकतंत्र के तीन बुनियादी सिद्धांतों से जुड़ा है, संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू कानून-व्यवस्था के बीच सीमा और सरकार की तीन शाखाओं, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, के बीच संतुलन का है। जज ने कहा कि हम संविधान द्वारा तय इन संबंधों का कितना पालन करते हैं, यही तय करता है कि हम वास्तव में कानून के शासन के तहत रह रहे हैं या नहीं। जज इमरगट ने कहा कि राष्ट्रपति को आम तौर पर नेशनल गार्ड को 'संघीय नियंत्रण' में लेने का अधिकार होता है, लेकिन यह तभी उचित है जब स्थानीय पुलिस या कानून प्रवर्तन एजेंसियां नियंत्रण खो दें। पोर्टलैंड में ऐसा नहीं हुआ था। अदालत ने पाया कि हाल के दिनों में पोर्टलैंड में जो प्रदर्शन हुए, वे न तो हिंसक थे और न ही बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैली थी। जज ने अपने आदेश में लिखा कि राष्ट्रपति का फैसला तथ्यों से जुड़ा नहीं था।

# नेपाल में लैंडस्लाइड से दो दिन में 51 की मौत

## 9 नागरिक लापता, सेना हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू में जुटी



**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार से हो रही भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड और बाढ़ से दो दिन में 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान पूर्वी नेपाल के इलाम जिले में हुआ, जहां लैंडस्लाइड में 37 लोगों की मौत हो गई। इलाम की जिला अधिकारी सुनिता नेपाल ने कहा, रात भर हुई मूसलाधार बारिश ने लैंडस्लाइड को ट्रिगर किया, जिससे भारी नुकसान हुआ। कई इलाकों में सड़कें जाम होने की वजह से रेस्क्यू में मुश्किल आ रही है। बचावकर्मी पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। राजधानी काठमांडू में भी हालात खतरनाक बने हुए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई घर और बस्तियां डूब गई हैं। सिक्योरिटी फोर्सेज हेलिकाप्टर और मोटरबोट से रेस्क्यू में जुटी हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार और मंगलवार को पूरे देश में पब्लिक हालिडे घोषित किया है। मौसम विभाग ने 12 से ज्यादा जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। नेपाल में हर साल जून से सितम्बर तक मानसून की बारिश होती है, लेकिन इस बार बारिश का मौसम देर तक चला, जिससे नुकसान ज्यादा हो रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनका समय और तीव्रता भी पहले से ज्यादा खतरनाक हो गई है। नेपाल जैसे पहाड़ी देशों में यह खतरा और भी बढ़ा है। दक्षिण-पूर्वी नेपाल में कोशी नदी का जलस्तर सामान्य से दोगुना से ज्यादा हो गया है। लोकल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कोशी बैराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं, जबकि आमतौर पर 10-12 गेट ही खुले रहते हैं। भूस्खलन की वजह से कई मुख्य सड़कें बंद हो गई हैं, जिसकी वजह से ट्रैफिक पूरी तरह ठप है। दशैं त्योहार के बाद घर लौट रहे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। दशैं नेपाल का सबसे बड़ा धार्मिक त्योहार है, जिसमें लोग अपने परिवारों से मिलने गांव जाते हैं। खराब मौसम की वजह से शनिवार को घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कुछ देरी के साथ चल रही हैं। काठमांडू एयरपोर्ट के प्रवक्ता रिंजी शेरपा ने कहा: घरेलू उड़ानें पूरी तरह बंद हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें सामान्य रूप से चल रही हैं।

# फलस्तीन के समर्थन में पुर्तगाल में प्रदर्शन

**लिस्बन।** पुर्तगाल के लिस्बन शहर में शनिवार को 3000 से ज्यादा लोग फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने की कोशिश करने पर इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए तीन पुर्तगाली नागरिकों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने कहा कि रैली के दौरान आयोजकों की उम्मीदों से कहीं जयादा लोग इकट्ठा हुए। लगभग 500 लोगों के आने की उम्मीद थी, लेकिन अंततः भीड़ लगभग 3,000 तक पहुंच गई। रैली में भाग लेने वालों में पूर्व वामपंथी ब्लॉक नेता फ्रांसिस्को लौका और कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एंटोनियो फिलिप भी शामिल थे। लूसा समाचार एजेंसी से बात करते हुए लौका ने कहा कि फलस्तीनी मुद्दों के लिए आंदोलन 'दुनिया भर में व्यापक पैमाने पर' हो रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायली सरकार के खिलाफ इस आंदोलन को रोकना असंभव है, जैसा कि पूरे यूरोप में हो रहे प्रदर्शनों में देखा जा रहा है। फलस्तीन के सामाजिक कार्यकर्ता सेरेना सबात ने संबोधित किया और फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108